✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 173 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 20 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




एनडीए विधान मंडल दल की बैठक में भाग लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एलआइसी स्टॉल का उद्घाटन

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** चौदह दिवसीय 44वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला बीते 14 नवंबर से शुरू हो गया है। मेला स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) स्टॉल का उद्घाटन उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक जेपीएस बजाज ने किया। मेले में एलआईसी की विभिन्न योजनाओं, एजेंट के रूप में उपलब्ध कॅरियर, एलआईसी की ई-सेवाओं व ऑनलाइन सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। एलआईसी के कार्यालय को पेपरलेस बनाने का प्रयास हो रहा है। ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने की सुविधा ग्राहकों कोदी गई है। इस वर्ष एलआईसी अपना 69वां स्थापना दिवस मना रहा है।

### वर्षों से फरार शराब माफिया गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** वर्षों से फरार शराब माफिया वकील राय बुधवार को मनेर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इसके खिलाफ शराब धंधा और अन्य आपराधिक घटनाओं से जुड़े कुल 11 मामले दर्ज हैं। वर्षों से फरार रहने की वजह से वह पुलिस की टॉप सूची में शामिल है। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) शिवम धाकड़ ने कहा कि सूचना मिली कि वकील राय न्यायालय दानापुर आनेवाला है। छापेमारी कर उसे दानापुर-दीघा रोड स्थित बीएस कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया। वकील राय शेरपुर थाने के मनेर का रहने वाला है।

### विश्वविद्यालय कर्मियों के लिए राशि जारी

**पटना।** नई सरकार के गठन के एक दिन पहले शिक्षा विभाग ने राज्य के 11 विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मियों के लिए वेतन भुगतान की राशि 109 करोड़ सात हजार 735 रुपये जारी किया। यह राशि नवंबर के वेतन भुगतान के लिए है, जिसमें डीए (महंगाई भत्ता) की राशि भी शामिल है। शिक्षा विभाग के मुताबिक राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए डीए 58 प्रतिशत राशि के साथ वेतन की राशि जारी की गई है। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि नवंबर के वेतन की राशि के साथ ही 58 प्रतिशत डीए की राशि भी विमुक्त किया गया है।

### समाजवादी चिंतक और लेखक सच्चिदानंद सिन्हा का निधन

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर के जाने-माने समाजवादी चिंतक और लेखक सच्चिदानंद सिन्हा का बुधवार सुबह उनके मिठनपुरा वाले घर में निधन हो गया। वे 97 साल के थे। सच्चिदानंद सिन्हा मुशहरी के मनिका गांव के रहने वाले थे और बहुत साधारण जीवन जीते थे। उन्होंने कभी शादी नहीं की और पूरी जिंदगी समाजवादी आंदोलन और विचारों को आगे बढ़ाने में लगा दी। सिन्हा कई विषयों पर लिखने वाले गंभीर लेखक थे। राजनीति, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, दर्शन, कला और संस्कृति जैसे मुश्किल माने जाने वाले विषयों पर उन्होंने साफ और गहरी सोच के साथ लिखा।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर गंभीर दिख रही राज्य सरकार

## एक पखवारे में दो बार मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने की प्रगति की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद/पटना।** पांच दशकों से अधूरी पड़ी उत्तर कोयल नहर परियोजना को लेकर राज्य सरकार इस बार पहले से कहीं अधिक सक्रिय दिखाई दे रही है। लंबे समय से चुनावी वादों और धीमी प्रगति के कारण किसानों की उम्मीदों का केंद्र रही इस महत्वाकांक्षी योजना पर पहली बार मुख्य सचिव स्तर से लगातार और गंभीर मॉनिटरिंग की जा रही है। पिछले पखवाड़े में दो बार उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत स्वयं औरंगाबाद पहुंचकर परियोजना की जमीनी स्थिति का निरीक्षण कर चुके हैं। सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रत्यय अमृत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिसंबर 2025 से पहले भू-अर्जन का कार्य हर हाल में पूरा होना चाहिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग को जिलाधिकारी के साथ समन्वय बढ़ाकर परियोजना को तेज गति से आगे बढ़ाने को कहा। इससे पहले भी उन्होंने नहर से जुड़े री-मॉडलिंग और तटबंधों के पक्कीकरण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया था।

### 50 वर्षों से अधूरी परियोजना, किसानों की जगी उम्मीदें

उत्तर कोयल नहर परियोजना की शुरुआत वर्ष 1974 में औरंगाबाद और गया जिले के खेतों तक सिंचाई पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी। उत्तर कोयल डैम बन भी गया, पर फाटक (गेट) आज तक नहीं लग पाए। तत्कालीन सांसद सुशील कुमार सिंह के अथक प्रयासों के बाद 2019 में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं इसके पुनरुद्धार की आधारशिला रखी, लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य कछुआ गति से आगे बढ़ा। हर चुनाव में यह मुद्दा उठता रहा, लेकिन अब तक किसानों तक पानी नहीं पहुंच सका। औरंगाबाद व गया के सूखे खेतों के लिए यह योजना जीवनरेखा मानी जाती है, लेकिन 50 वर्षों में अधूरे वादों ने किसानों को निराश कर दिया है।

### चुनाव के तुरंत बाद तेज हुई गतिविधि

मतदान समाप्त होते ही 12 नवंबर को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत औरंगाबाद पहुंचे और मुख्य नहर के री-मॉडलिंग तथा रिमांड लिंक कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया कि मार्च 2026 तक नहर का पुनर्निर्माण पूरा होना चाहिए। मुख्य सचिव ने झारखंड से लेकर नहर के अंतिम छोर तक बाएँ किनारे के तटबंधों की पक्कीकरण योजना पर भी चर्चा की। साथ ही नहर किनारे स्थित बिजली के तार, खंभों और पुलों की शिफ्टिंग को लेकर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कितनी बदल पाएगी यह सक्रियता?

औरंगाबाद के स्थानीय लोग और किसान इस परियोजना को लेकर सरकारों की बार-बार की घोषणाओं और बैठकों के साक्षी रहे हैं, जिनका वास्तविक परिणाम अक्सर शून्य रहा है। लेकिन इस बार मुख्य सचिव स्तर से लगातार मॉनिटरिंग, दौरे और समयबद्ध निर्देश यह संकेत दे रहे हैं कि सरकार परियोजना को गंभीरता से आगे बढ़ाना चाहती है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या उत्तर कोयल नहर परियोजना 50 वर्षों की प्रतीक्षा खत्म कर पाएगी और क्या आने वाले दो वर्षों के भीतर औरंगाबाद-गया के खेतों तक सिंचाई का पानी वास्तव में पहुंच सकेगा।

# नीतीश कुमार ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा आज दसवीं बार लेंगे सीएम पद की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राजभवन जाकर राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है। मुख्यमंत्री एवं एनडीए के सभी घटक दल के विधायक दल के नेता व अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे और अपना इस्तीफा सौंपा। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। एनडीए के सभी घटक दल के विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा स्वीकार करके राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर काम करने का आदेश दिया। इसके साथ ही 17वीं बिहार विधानसभा भंग हो गई है। इससे पहले पटना में विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक



हुई। इसमें भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाईटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी के सभी नव निर्वाचित विधायक और नीतीश कुमार, चिराग पासवान, संतोष सुमन, उपेंद्र कुशवाहा, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता चुने गए सम्राट चौधरी ने बुधवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। एनडीए की बैठक के बाद लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए उम्मीदवारों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अनुभव और 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' पर भरोसा जताते हुए भारी जनादेश दिया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस भरोसे पर खरे उतरें। शपथ ग्रहण के बाद हम अपने संकल्प पत्र के वादों को एक-एक करके पूरा करने का प्रयास शुरू करेंगे। वहीं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सरकार गठन की प्रक्रिया पर जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट का गठन मुख्यमंत्री तय करेंगे।

# मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में कल होने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संभावित उपस्थिति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की रेखा गुप्ता, मध्य प्रदेश के मोहन यादव के शामिल होने की संभावना है। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कुछ वरिष्ठ नेताओं तथा कुछ केन्द्रीय मंत्री भी भाग लेंगे। पुलिस मुख्यालय सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुये गांधी मैदान में सामान्य नागरिकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है और वाहनों के परिचालन को भी नियंत्रित किया गया है। गांधी मैदान तथा इसके आसपास के इलाके में चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन के अनुसार गांधी मैदान पर स्थित कार्यक्रम स्थल को रूप में पूरी तरह सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक भीड़ न करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग दें ताकि कार्यक्रम को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके। पुलिस के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के लिये 200 से अधिक मजिस्ट्रेट के साथ 3000 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। गांधी मैदान और उसके चारों ओर 24 घंटे ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी रखी जा रही है। स्थिति पर नियंत्रण बनाये रखने के लिये पटना पुलिस ने स्पेशल टीम का गठन किया है, साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम में भी एक विशेष टीम की तैनाती की गई है। सुरक्षाकर्मी हर आने जाने वाले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। गांधी मैदान में निगरानी के लिए बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

# बिहार में विकास की राजनीति की जीत हुई : धर्मेन्द प्रधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री सह बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को पटना में कहा कि बिहार में विकास की राजनीति की जीत हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी को जनता ने 202 सीटों की शानदार जीत दी। इस परिणाम ने साबित किया कि विकास की राजनीति के कारण सत्ता विरोधी लहर नहीं रहती, साथ ही अब देश में विकास की राजनीति ही चलेगी। श्री प्रधान ने कहा कि जनसेवा और विकसित बिहार भाजपा-एनडीए का एकमात्र संकल्प है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल बिहार में सेवा, सुशासन, विकास और पारदर्शिता की नई कार्य संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा। वहीं उन्होंने सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अनंत शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा नीतीश कुमार के अनुभवी और सक्षम नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। आगामी वर्षों में यह सुदृढ़ नेतृत्व बिहार को समृद्धि, स्थिरता और सामाजिक न्याय की नई ऊंचाइयों पर अग्रसर करते हुए 'विकसित बिहार' के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। एनडीए के प्रति अपार विश्वास और अभूतपूर्व समर्थन के लिए बिहार की जनता का पुनः हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने सम्राट चौधरी को बिहार विधानमंडल का नेता और विजय कुमार सिन्हा को उपनेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि इन दोनों नेताओं का अनुभव और जनता के प्रति प्रतिबद्धता एनडीए के विकसित बिहार के विजन को पूरा करने में प्रभावशाली सिद्ध होगा।

# बिहार के 73 लाख किसानों के खाते में आए 1467 करोड़

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के 73 लाख से अधिक किसानों के खाते में बुधवार को 1467 करोड़ रुपये आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयंबटूर में आयोजित कार्यक्रम से इन किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की राशि भेजी। पटना स्थित बामेती सभागार में कार्यक्रम ऑनलाइन देखा गया। इसमें विभिन्न जिलों से आए किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि राज्य के 73 लाख 37 हजार 217 किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये आए हैं। यह इस वर्ष की अंतिम किस्त है। देश के करीब नौ करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रेरित होकर किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएंगे और राज्य तथा देश की कृषि अर्थव्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में योगदान देंगे। बता दें कि 20वीं किस्त 74 लाख से अधिक किसानों के खाते में आई थी।

# जदयू विधायक दल के नेता बने नीतीश

## भाजपा ने सम्राट चौधरी को दी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को फिर से अपना नेता चुन लिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में जदयू विधायक दल की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में बुधवार को भाजपा विधायक दल की अहम बैठक हुई। इसमें सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। ठीक 11:30 बजे बैठक की शुरुआत हुई, जिसमें भाजपा के लगभग सभी 89 निर्वाचित विधायक मौजूद रहे। बैठक में भाजपा के विधान पार्षद भी पहुंचे। सुबह से ही सभागार परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे। अटल सभागार में प्रवेश से पहले विधायकों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर और गुलाब का पुष्प देकर



स्वागत किया गया। इसके बाद उनकी उपस्थिति पंजीकृत की गई और पहचान पत्र पहनाकर अंदर प्रवेश दिया गया। भाजपा नेता लगातार नामों का मिलान करते हुए यह सुनिश्चित कर रहे थे कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधि बैठक में शामिल हों। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने की। इसके अलावा कई केंद्रीय नेता भी बैठक में मौजूद रहे जिससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी बिहार में बनने वाली सरकार के स्वरूप और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर गंभीर है। बैठक को लेकर सुबह से ही भारी राजनीतिक हलचल देखी गई।

# शपथ ग्रहण के लिए गांधी मैदान तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान सज-धजकर तैयार हो गया है। मैदान और चारों ओर एक दिन पहले से ही जगमगा उठा है। बुधवार को यहां दिवाली सा नजारा था। बल्बों और लड़ियों की चकाचौंध का नजारा बेहद मनोहारी था। सुरक्षा से लेकर अतिथि सत्कार तक की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पटना एयरपोर्ट पर आने वाले अति विशिष्ट व विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने एक विशेष टीम की तैनाती की है। यह टीम एयरपोर्ट के अराइवल एरिया में तैनात रहकर आगमन करने वाले अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर रही है। तिलक लगाकर और आरती उतारकर अतिथियों का अभिनंदन किया जा रहा है। यह व्यवस्था बुधवार को पूर्ण रूप से शुरू कर दी गई जिसके तहत दिनभर पहुंचे कई गणमान्यों का भारतीय परंपरा के अनुरूप सम्मान किया गया। टीम में भारतीय नृत्य कला मंदिर की व्याख्याता सुदीपा घोष, संगीता रमणकुट्टी, मानसी बेहरा, सारिका पटेल व इमली दास गुप्ता शामिल हैं। कला संस्कृति विभाग द्वारा भेजी गई इस टीम में भारतीय नृत्यकला मंदिर के व्याख्याता और विद्यार्थी शामिल हैं, जो अपने पारंपरिक परिधान में आगंतुकों का स्वागत कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह से जुड़े वीवीआईपी और विभिन्न राज्यों से आने वाले मुख्यमंत्री, मंत्री तथा अन्य अतिथियों के स्वागत की जिम्मेदारी इसी टीम को सौंपी गई है।

# देश की सामूहिक प्रगति को दर्शाता है एफसीआइ का विशेष मंडप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा 14 से 27 नवंबर तक भारत मंडपम के हॉल नंबर 6 में आयोजित हो रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) 2025 में देश की सामूहिक प्रगति को दर्शाता विशेष मंडप स्थापित किया है। यह मंडप 'किसानों का सम्मान, भारतीय खाद्य निगम का अभिमान' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की मार्गदर्शक भावना से प्रेरित है। मंडप को भारत की खाद्यान्न यात्रा को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें पारंपरिक भंडारण प्रथाओं से लेकर वैज्ञानिक, तकनीकी रूप से उन्नत भंडारण समाधानों जैसे कि साइलो को अपनाना शामिल है। यह प्रदर्शनी राष्ट्रीय खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा



सुनिश्चित करने की दिशा में एफसीआई के योगदान तथा गुणवत्ता-संचालित, समावेशी, पारदर्शी, सतत खाद्य प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तन और 2047 तक विकसित भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री प्रहलाद जोशी ने एफसीआई पैवेलियन का दौरा किया और खुला बाजार बिक्री योजना-खुदरा/थोक को बढ़ावा देने के लिए एफसीआई की पहलों की सराहना की ताकि वस्तु (गेहूं/चावल) की बाजार उपलब्धता/कीमत निरंतर/स्थिर रखा जा सके। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने आम लोगों के लिए एफसीआई की पारदर्शिता, कुशल खाद्य वितरण और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की भी प्रशंसा की। इस दौरान मंत्री साथ सचिव (खाद्य) संजीव चोपड़ा, एफसीआई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आशुतोष अग्निहोत्री, कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र) अजीत कुमार सिन्हा और मंत्रालय तथा एफसीआई के अन्य उच्च स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस मंडप के माध्यम से एफसीआई अपने नवीनीकृत संकल्प को दोहराता है कि वह राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा संरचना को मजबूत करेगा, किसानों को सशक्त बनाएगा, पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और हर घर तक गुणवत्तापूर्ण अनाज पहुंचाएगा जो एक स्वावलंबी एवं समावेशी विकसित भारत के निर्माण के प्रति एकीकृत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# राज्य में बहाली की प्रक्रिया तेज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नई सरकार के गठन की तैयारी से पहले ही राज्य में बहाली की प्रक्रिया तेज हो गई है। 20 नवंबर को नीतीश कुमार 10वीं बार सीएम पद शपथ लेंगे लेकिन उससे पहले ही शिक्षा विभाग ने सभी जिलों से 7 दिनों के भीतर शिक्षकों की रिक्तियां मांगी हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर ने अध्यापक भर्ती परीक्षा (टीआरई 4) के लिए शिक्षकों के रिक्त पद आरक्षण रोस्टर के साथ भेजने के लिए कहा है। विभागीय मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने यह निर्देश दिया। आपको बता दें पहले भेजी गई रिक्तियों को विभाग ने वापस कर दिया था क्योंकि उन्हें पुरानेरोस्टर के आधार पर तैयार किया गया था। अब सभी जिलों को 7 दिनों के भीतर नया रोस्टर जमा करना अनिवार्य है।

CMYK

# प्रधानमंत्री ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त

## बिहार के किसानों को 1,467 करोड़ रुपये का डी.बी.टी. अंतरण : पंकज कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने जानकारी दी कि आज देश के प्रधानमंत्री के द्वारा कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की गई। इस अवसर पर बिहार के 73 लाख 37 हजार 2 सौ 17 किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से 1 हजार 4 सौ 67 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लगभग 9 करोड़ किसानों को इस अवसर पर कुल 18 हजार करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है। यह कदम किसानों को समय पर आर्थिक सहायता पहुंचाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। पटना स्थित बामेती सभागार में यह कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में लाइव प्रदर्शित किया गया। विभिन्न जिलों से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। प्रधान सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पी.एम.-किसान) योजना केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एक प्रमुख कृषि कल्याण योजना है जिसे 1 दिसंबर, 2018 से पूरे देश में लागू किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र रैय्यत किसान परिवारों को नियमित आय सहायता प्रदान करना है, ताकि वे खेती से जुड़ी आवश्यकताओं कृषि बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि उपकरण तथा अन्य इनपुट की खरीद समय पर कर सकें। इससे न केवल बेहतर फसल उत्पादन सुनिश्चित होता है, बल्कि किसानों की आय भी स्थिर रहती है और जोखिम कम होता है।

उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि इस योजना पर होने वाला व्यय पूर्णतः केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि तीन समान किश्तों अप्रैल से जुलाई, अगस्त से नवंबर तथा दिसंबर से मार्च में 2-2 हजार रुपये के रूप में सीधे बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। यह प्रणाली न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि किसानों को समय पर वित्तीय उपलब्धता भी प्रदान करती है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई है। नियमित वित्तीय सहयोग से छोटे एवं मध्यम किसानों को खेती-किसानी के दौरान आने वाली चुनौतियों से उबरने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रेरित होकर किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएंगे और राज्य तथा देश की कृषि अर्थव्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में योगदान देंगे।

# विकसित बिहार के शिल्पीकार नीतीश कुमार ने हर बार लिखी नई इबारत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार की राजनीति में लंबे अनुभव, स्थिर सोच और विकास को प्राथमिकता देने की पहचान के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य ने नए दौर की विकास की इबारत लिखनी शुरू की। एक समय बुनियादी सुविधाओं की कमी, शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और अव्यवस्थित कानून व्यवस्था के लिए चर्चित बिहार ने पिछले वर्षों में शासन और विकास दोनों मोर्चों पर एक नया बदलाव महसूस किया है। इन तमाम मुद्दों पर लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'विकास पुरुष' में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए आगे लिखा है कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में सबसे बड़ा परिवर्तन सड़क नेटवर्क के विस्तार के रूप में देखा गया। प्रखंड से जिला और जिला से राजधानी तक की दूरी पहले के मुकाबले काफी कम समय में तय हो रही है। ग्रामीण इलाकों में पक्की सड़कों के विस्तार ने आर्थिक गतिविधियों को नई रफ्तार दी है। शिक्षा के क्षेत्र में कुर्सी दान, साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं ने लाखों बच्चों, खासकर बेटियों को स्कूल तक पहुंचाया। छात्राओं की बढ़ती उपस्थिति ने बिहार के सामाजिक ढांचे में सकारात्मक बदलाव लाया है। 50 फीसदी पंचायतीराज में आरक्षण और बिहार पुलिस में महिलाओं के लिए आरक्षण ने राज्य में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी तैयार की। आज गांव-गांव में महिला मुखिया, वार्ड सदस्य और सुरक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी एक बदला हुआ बिहार दिखाती है। नीतीश कुमार के शासन की सबसे चर्चित उपलब्धियों में कानून-व्यवस्था का सुधार रहा है। अपराध पर नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और पुलिस आधुनिकीकरण ने आम लोगों के भीतर सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत की।

अस्पतालों में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाई गई, अस्पतालों का आधुनिकीकरण हुआ और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को फिर से व्यवस्थित किया गया। इससे आम जनता को बेसिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने नजदीक मिलने लगीं। नीतीश कुमार के नेतृत्व ने बिहार को सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिलाओं के उत्थान और सामाजिक सुधारों के साथ एक स्थिर विकास पथ पर आगे बढ़ाया है। आज बिहार में विकास सिर्फ सरकारी दावों तक सीमित नहीं बल्कि गांव-कस्बों के लोगों को रोजमर्रा के जीवन में बदलाव दिखाई देता है। इस तरह नीतीश कुमार की अगुवाई में बिहार ने विकास की उस इबारत की शुरुआत की है जो राज्य को नए अवसरों, मजबूत बुनियाद और बेहतर भविष्य की ओर ले जा रही है। आज उसी का परिणाम है कि नीतीश कुमार बतौर मुख्यमंत्री 10 वीं बार शपथ लेंगे।

# कुलाधिपति के जन्मदिन पर कुलपति ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान के जन्मदिन के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने राजभवन पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने इस अवसर पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कुलाधिपति की भूमिका, उनकी दूरदृष्टि और उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व राज्य की विश्वविद्यालय प्रणाली के लिए प्रेरणादायी है। राजभवन में हुई मुलाकात के दौरान प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने कहा कि कुलाधिपति ने बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति की कार्यशैली, शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के प्रयास और विश्वविद्यालयों की उन्नति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने राज्य के शैक्षणिक ढांचे में नई गति और नई ऊर्जा प्रदान की है। बिहार के विश्वविद्यालयों को अधिक सक्षम, पारदर्शी और शोध-उन्मुख बनाने में उनका मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। कुलपति ने यह भी कहा कि कुलाधिपति की सकारात्मक दृष्टि और शिक्षा-सुधार के प्रति उनके निरंतर प्रयासों से विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा मिला है। उनकी पहल से शैक्षणिक गतिविधियां अधिक सुव्यवस्थित हुई हैं और नई नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को दिशा मिली है। इस अवसर पर कुलपति ने कामना की कि आरिफ मोहम्मद खान को दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति प्राप्त हो, ताकि वे आगे भी शिक्षा-जगत का नेतृत्व करते रहें और विश्वविद्यालयों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें।

# पटना पहुंचने पर 'हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025' के ट्रॉफी का भव्य स्वागत

## राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में ट्रॉफी का किया अनावरण और स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजभवन के दरबार हॉल में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने ट्रॉफी यात्रा में पटना पहुंची। 'हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025' की ट्रॉफी का दीप जलाकर पारंपारिक तरीके से विधिवत स्वागत और अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव आर एल चोंगथू, खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.बी राजेंदर, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, खेल विभाग के निदेशक महेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे। महामहिम को स्मृति चिह्न देकर डॉ. बी राजेंदर ने सम्मानित किया। हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 और ट्रॉफी यात्रा के संदर्भ में जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह ऐतिहासिक अवसर सम्पूर्ण बिहार, विशेषकर हमारे गौरवशाली शहर पटना के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का क्षण है। हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025-जिसका 14वां संस्करण 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै में आयोजित होने जा रहा है। यह भी अत्यंत उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विश्व की 24 श्रेष्ठ टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं जिससे इस आयोजन की गरिमा और प्रतिस्पर्धा का स्तर और भी ऊंचा हो गया है।

हम गर्व महसूस करते हैं कि इन 20 चयनित शहरों में पटना भी शामिल है-जो अपने आप में बिहार की बढ़ती खेल संस्कृति, यहां के युवाओं की ऊर्जा और हमारे राज्य की मजबूत होती अंतर्राष्ट्रीय खेल पहचान का प्रमाण है। आज यहां उपस्थित यह अद्भुत ट्रॉफी आकर्षक, अनोखी और विश्व हॉकी की गरिमा का प्रतीक है जो सिर्फ एक खेल उपलब्धि का चिह्न नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवा खिलाड़ियों के सपनों, परिश्रम और भविष्य का उज्ज्वल प्रतीक भी है। पूर्व में 4 बार हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप का आयोजन हमारे देश में हो चुका है तथा भारत ने इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को 2001 और 2016 में दो बार जीतकर विश्व मंच पर अपना परचम लहराया है। हम सभी की ओर से इस वर्ल्ड कप के आयोजकों इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन, हॉकी इंडिया, तमिलनाडु सरकार, तमाम खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं हैं और हमारी कामना है कि हमारे युवा खिलाड़ी इस बार भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को फिर से जीत का गौरव दिलाएं और यह सुनहरा कप एक बार फिर हमारे देश की झोली में आए। पाटलिपुत्र खेल परिसर के स्टेडियम में ट्रॉफी को प्रदर्शित करने के साथ साथ 'पासिंग द बॉल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खेल प्राधिकरण के महानिदेशक श्री शंकरण ने बिहार के होनहार युवा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के पदाधिकारियों तथा बिहार हॉकी संघ के पदाधिकारियों के साथ हॉकी बॉल पास कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

# स्टेशनों पर गंदगी फैलाते 2864 यात्री पकड़े गये

## जुर्माने के रूप में पांच लाख 84 हजार रुपये वसूल किये गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठाया जाता है। सभी स्टेशनों पर नियमित आधार पर साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है। पिछले माह दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर मशीनीकृत और मैन्युअल रात्रि धुलाई के लिए 14.10.2025 से 30.10.2025 तक 15 दिनों का एक विशेष अभियान चलाया गया था। रेल प्रशासन यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है। फिर भी कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हैं। इसे रोकने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर माह तक 2864 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 05 लाख 84 हजार रूपये वसूल किये गये।

# डीबीए पटना के चुनाव में अरविंद सिंहा अध्यक्ष और अरविंद मौआर बने महासचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी स्थित जिला स्तर पर वकीलों की सबसे बड़ी संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ द्विवार्षिक चुनाव की मतगणना में अध्यक्ष और महासचिव के पद पर मतगणना कल देर रात पूरी हो गई। संघ के अध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार सिंहा ने 376 मत प्राप्त किया जबकि महासचिव पद के लिए अरविंद कुमार मउआर को 491 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार को 509 मत प्राप्त हुए। विजयी उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा सभी पदों पर मतगणना पूरी होने के बाद की जाएगी। मतगणना के दूसरे दिन 19 नवंबर 2025 को उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव और आंकेक्षक के पदों की मतगणना जारी रही। उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव के पद पर उम्मीदवारों के बीच कांटे की टक्कर है।

# बीएन कॉलेज में न्यू एज इकोनॉमी और आत्मनिर्भर भारत पुस्तक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से बीएन कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए नयी शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत युवाओं को न्यू एज इकोनॉमी, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, कैरियर काउंसेलिंग और समाज सेवा आधारित इंटर्नशिप का आयोजन किया गया। बुधवार को एनजीओ हेल्पलाइन एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष एक्सपोजर विजिट, काउंसेलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पटना सायंस कॉलेज व बीएन कॉलेज के कुल 62 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री और हेल्पलाइन के संस्थापक निदेशक सीए संजय कुमार झा द्वारा लिखित पुस्तक न्यू एज इकोनॉमी और आत्मनिर्भर भारत का औपचारिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा न्यू एज इकोनॉमी का नायक है। नयी शिक्षा नीति 2020 युवाओं को किताबों से निकालकर फील्ड, कौशल, प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, नवाचार और समाजसेवा से जोड़ती है। एनजीओ हेल्पलाइन का उद्देश्य है युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की शक्ति बनाना। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि युवा जब समाज, अर्थव्यवस्था और प्रशासन को समझते हैं तभी बदलाव संभव होता है। नयी शिक्षा नीति 2020 ने युवाओं के सामने अपार संभावनाएं खोली है।

# नीतीश कुमार का नेतृत्व बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में नीतीश कुमार को एनडीए विधानमंडल दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बिहार की स्थिरता, सुशासन और विकास के प्रति जनता के विश्वास को एक बार फिर पुष्ट करता है। नीतीश कुमार लगातार जनसेवा, प्रशासनिक दक्षता और राजनीति में नैतिक मूल्यों के पर्याय रहे हैं और इसी विश्वास के आधार पर वे रिकॉर्ड दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में बिहार एक बार फिर विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और एनडीए सरकार राज्य को प्रगतिशील दिशा देने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# पीयू-सेंट्रल लाइब्रेरी की खराब छतों की होगी मरम्मत

## विद्यार्थियों की आरएफ आइडी युक्त आइडी बनाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी की खराब हुई छत और दीवारों को दुरस्त करने के साथ ही यहां रखी गयी पुरानी किताबों की बाइंडिंग करने का निर्देश कुलपति प्रो निमिता सिंह ने दिया है। दरअसल नमिता सिंह ने पिछले दिनों सेंट्रल लाइब्रेरी का निरीक्षण कर एक-एक कमी को बरीकी से देखा और इसे दो महीने के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही लाइब्रेरी की बची हुई किताबों की बारकोडिंग करने और विद्यार्थियों की आरएफ आइडी तैयार करने का निर्देश दिया है। दरअसल विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से लाइब्रेरी में विभिन्न इक्यूपमेंट लगाये गये हैं जिनकी मदद से विद्यार्थी ऑटोमेटिक किताब इश्यू कर सकते हैं और किताबें जमा भी कर सकते हैं, लेकिन विद्यार्थियों की आरएफ आइडी नहीं होने की वजह से विद्यार्थी इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। कुलपति प्रो. नमिता सिंह ने केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण करने के बाद बताया कि यह पुस्तकालय अनोखा है और ऐतिहासिक है। यहां हजारों वर्ष पुरानी पांडुलिपियां रखी हुई है, सभी सुरक्षित है। कई पुराने रिसर्च पेपर रखे हुए हैं। पुस्तकालय के भवन के छत जहां-तहां जर्जर हो चुके हैं जिस वजह से बरसात के मौसम में पानी टपकता है। छत पर पानी जमा हो जाता है। इस कारण यहां कुछ हिस्सा प्रभावित है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इंजीनियर को भवन का मरम्मत कार्य दो महीने के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

# कांग्रेस ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108 वीं जयंती

## इंदिरा गांधी दृढ़ इच्छाशक्ति की विश्व की नेता थी: राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्व. इन्दिरा गांधी देश की ही नहीं विश्व की नेता थी और उनके मनोबल ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था। 1971 के युद्ध में उन्होंने विश्व का भूगोल बदल दिया और पाकिस्तान के एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया। इतिहास में इससे बड़ा कोई सैन्य आत्मसमर्पण नहीं दर्ज है। 1971 के बाद स्व. गांधी ने भारतीय सैन्य ताकत को विश्व स्तर का बना दी। देश के नवनिर्माण में आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की इकलौते महिला प्रधानमंत्री स्व. गांधी की अहम भूमिका रही है। आज लोग आतंकवाद और राष्ट्र के अखंडता के लिए लड़ने की बात करते हैं जबकि स्व. इंदिरा गांधी ने उसे करके दिखाया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अपने कार्यकाल में इन्दिरा गांधी ने देश से गरीबी हटाने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रीवी पर्स हटाने जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य किए और उन्होंने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी कुर्बानी तक दे दी।

# जीबीएम कॉलेज में इतिहास विभाग ने किया एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** शहर के सिविल लाइन्स थाना के पीछे स्थित गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में इतिहास विभाग की ओर से आईक्यूएसी के तत्वावधान में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल की अध्यक्षता में एवं आयोजन सचिव इतिहास विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कृति सिंह आनंद के नेतृत्व में दि आयरन मैन ऑफ इंडिया एण्ड आइडिया ऑफ भारत : फ्रॉम इन्टिग्रेशन टू इन्सपिरेशन विषय एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित हुआ। व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता मगध विश्वविद्यालय बोधगया के आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर एवं स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो मुकेश कुमार, प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल, प्रो सहदेब बाउरी, प्रो अफशां सुरैया, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ रानी कुमारी, डॉ अमृता कुमारी एवं उपस्थित प्राध्यापक प्राध्यापिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तत्पश्चात इतिहास विभाग की छात्रा श्रुतकीर्ति, दरक्शां परवीन, श्रुति, श्रेया, जिया कुमारी, संजना, आरती, राधा, श्रेया मिश्रा, मुस्कान, प्रियांशु, अनीषा कुमारी ने सुमधुर स्वर में महाविद्यालय कुलगीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अनामिका कुमारी ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। कीनोट स्पीकर प्रो मुकेश कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी, कृत्यों, पुस्तकों एवं विचारों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री के रूप में देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने का हर संभव प्रयत्न किया। उन्होंने सिविल सेवकों को प्रदत्त शक्तियों को संतुलित तथा नियंत्रण में रखने की बात कही। सिविल सरवेंट्स को राष्ट्रवादी बनाने पर जोर दिया। प्रो. मुकेश ने बताया कि पटेल को बारदोली की महिलाओं ने सरदार कह कर बुलाया था।

# औषधीय गुणों से भरपूर आंवला है अमृत फल : डॉ. सुनील कुमार दूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ) ने कहा है कि आंवला प्रकृति का एक शानदार तोहफा है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे विश्व में एक ही ऐसा फल है जिसे अमृत समान माना गया है। विशेष बात यह है कि इस फल का अवतरण भारत में हुआ और इसे देवताओं के अत्यंत करीब माना जाता है, इसका धार्मिक महत्व भी है और पुराणों तक में इसका वर्णन है। यह इतना लाभकारी है कि इसके वृक्ष तक की पूजा की जाती है। आंवला मनुष्य को जवान बनाए रखने के साथ-साथ निरोगी भी बनाए रखता है। आंवला को अंग्रेजी में कहा जाता है। आंवला के अंग्रेजी नाम से ही स्पष्ट है कि इसकी उत्पत्ति भारतीय उप-महाद्वीप में हुई है। इस फल का वर्णन उपनिषदों, पुराणों के अलावा भारत के प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी है। इसका वर्णन जैमिनीय उपनिषद, स्कंद पुराण और पद्म पुराण में भी है। मान्यता है कि सृष्टि के सृजन के क्रम में सबसे पहले आंवले का वृक्ष ही उत्पन्न हुआ। इन ग्रंथों के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान जहां-जहां विष की हल्की बूंदें टपकी, वहां पर भांग-धतूरा जैसी बूटियां पनपी और जहां अमृत की बूंदें छलकी वहां आंवला, पीपल, अशोक आदि के पेड़ पैदा हुए। एक मान्यता यह भी है कि आंवले की उत्पत्ति ब्रह्मा जी के आंसुओं से हुई। भारत में आंवले के वृक्ष को यह विशिष्टता हासिल है कि वर्ष में दो बार इसकी पूजा की जाती है। माना जाता है कि आंवले के पेड़ को पूजने से धन-धान्य का आगमन होता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में भी आंवला को मानव शरीर के लिए विशेष लाभकारी बताया गया है। चरक संहिता के अनुसार आंवले में लवण रस को छोड़कर बाकी अन्य पांच रस कटु, अम्ल, तिक्त, कषाय, मधुर होते हैं। यह त्रिदोष नाशक है और कफ-पित्त का अत्यधिक शत्रु है। सुश्रुत संहिता के अनुसार आंवला शरीर के दोषों को मल के द्वारा बाहर निकाल देता है और यह आयुवर्द्धक है। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि इसे अमृत फल इसलिए कहा जाता है कि यह मनुष्य को निरोगी रखता है और उसकी आयु बढ़ाता है। आंवला एक अति उत्तम एंटी-ऑक्सीडेंट भी है। यह हानिकारक कोलेस्ट्रोल को घटाने एवं इंसूलिन बनाने की प्रक्रिया में मदद करता है। अतः यह हृदय के लिए भी अत्यंत लाभकारी है एवं ब्लड शुगर को भी नियंत्रित करता है। आंवला जॉण्डिस (पीलिया) में भी अत्यंत लाभकारी है। रक्त को साफ करने में भी मदद करता है। आंवला खाने में कोई हानि नहीं है, लेकिन अधिक खाये जाने पर एसिडीटी एवं कब्ज की समस्या हो सकती है। पेशाब में जलन की समस्या भी आ सकती है जिन्हें किडनी की समस्या है, उन्हें आंवले से परहेज करना चाहिए।

डॉ. दूबे ने आगे कहा कि आंवला में प्रोटीन 16%, विटामिन-सी 60%, कार्बोहाइड्रेट 2%, निकोटिक एसिड 15% तथा वसा 1% पाया जाता है। यह बालों के भी अत्यंत लाभदायक है। रात्रि में सूखे आंवले को पानी में भिगों दें। उसके बाद सुबह आंवले को निकालकर उस पानी से सिर को धोएं, इससे बाल तो हमेशा काले रहेंगे, नजले की समस्या भी नहीं होगी।

# जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डीएम उदिता सिंह पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचयन जन भागीदारी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 18 नवम्बर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में किया गया जिसमें पूरे भारत में जल संरक्षण एवं जल संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों के जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी0आर0 पाटिल द्वारा पुरस्कृत किया गया। रोहतास जिला को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं 25.00 लाख रू. की राशि प्रदान की गयी। इस पुरस्कार वितरण समारोह में जिलाधिकारी उदिता सिंह, भा.प्र.से. एवं उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, बि.प्र.से. सम्मिलित हुए। विगत वर्ष जल संचयन जन भागीदारी के तहत कुल 7519 जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कराया गया है जिससे जिले के भू-गर्भीय जल स्तर में अपेक्षित वृद्धि हुई है। इस वर्ष भी जल संरक्षण हेतु छत वर्षा जल संचयन, चापाकलों के निकट सोख्ता, चेक डैम एवं पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन हेतु बोर-वेल का निर्माण किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त, रोहतास के नेतृत्व में जिला नित्य नये आयाम को प्राप्त कर रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मोहनियां के भभुआ रोड स्टेशन के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतास जिले के शिवसागर थाना अंतर्गत चमराहा गांव निवासी मुसाफिर खरवार के 40 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार खरवार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दीपक कुमार खरवार अपनी मां का इलाज कराने के लिए चंदौली (यूपी) गया था जहां से वह अपने गांव सामान लाने के लिए ट्रेन पकड़कर शिवसागर स्टेशन जा रहा था। तभी भभुआ रोड स्टेशन से 100 मीटर पूरब चलती ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है।

# युवक ने खुद शरीर पर पेट्रोल डाल किया आत्मदाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया के बच्चा सिंह गली में प्रेम प्रसंग में एक युवक ने खुद शरीर पर पेट्रोल डाल मंगलवार को आत्मदाह किया था। एसडीपीओ अतुलेश झा के अनुसार पुलिस व एफ एस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण व प्रारंभिक जांच में ईदगाह मुहल्ला निवासी 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार आत्मदाह किया प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि मृतक का उस मोहल्ले की लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ माह पूर्व मृतक एवं लड़की दोनों के घर से चले गए थे। परिवार के समझाने पर दोनों वापस आ गए। दोनों को समझा-बुझाकर उनसे मोबाइल ले लिया गया था ताकि दोनों संपर्क में नहीं आ सके। उन्होंने बताया कि गत 17 नवंबर को लड़की की मंगनी कर दी गई थी। इसकी सूचना जब मृतक को हुई तो क्षुब्ध होकर उसके घर आया था जहां पर यह घटना घटित हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों से आवेदन प्राप्त कर कांड दर्ज किया गया है। इस कांड के सभी बिंदुओं पर तकनीकी एवं मानवीय इनपुट प्राप्त कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। विदित हो कि मंगलवार को न्यू एरिया में एक व्यक्ति की अधजली अवस्था में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए इसकी सूचना पर एस एफ टीम को दी गई थी। आसपास के लोगों द्वारा मृतक व्यक्ति की पहचान अंकित कुमार के रूप में किया गया।

# बीज नहीं मिलने से नाराज किसानों ने किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नौहट्टा।** स्थानीय ई-किसान भवन में बीज नहीं मिलने से नाराज किसानों ने जमकर हंगामा किया। चना, मटर, मसूरी, गेहूं आदि की बीज के लिए पहाड़ी से लेकर मैदानी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे थे। विशेष कर चना बीज के लिए हंगामा करने लगे। वहीं सूचना पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रियंका रानी ने कृषि अधिकारी के साथ प्रखंड प्रमुख उदय नारायण सिंह व प्रतिनिधि से बातचीत की। वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि चना का बीज सभी पंचायतों के किसानों के बीच वितरण किया गया है। पुनः बीज आने के बाद किसानों को दिया जाएगा। बीज लेने के लिए किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था। किसान भवन पर बीज पहुंचने की सूचना किसानों को दी गई थी जिसे पहले सूचना मिली, वे बीज का उठाव कर निकल गए। वहीं सीमित मात्रा में बीज होने से अधिकांश किसानों को चना का बीज नहीं मिला। वहीं बीज नहीं मिलने पर किसानों ने भानुमिश्रा से इसकी शिकायत की जिस पर उन्होंने किसान भवन पहुंच जानकारी ली। कहा कि जो किसान आए हैं, उन्हें बीज मिलना चाहिए। वहीं कृषि अधिकारी ने बताया कि गेहूं का बीज कम अवधि में होने वाला आया है। ऐसे में जल्दी बुआई करने पर किसानों के साथ धोखा हो जाएगा। पहले अधिक समय में उपज होने वाले गेहूं की बुआई की जाती है। उसके बाद दिसंबर में कम समय में होने वाले गेहूं की बुआई होती है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जो बीज उपलब्ध कराया जाता है, उसका वितरण किया जाता है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान सलाहकार व समन्वयक को क्षेत्र भ्रमण को निर्देशित किया।



# पांच लोगों के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी

### शादी के बाद बढ़ी नकद और उपहार की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कोचस। थाना क्षेत्र की नगर पंचायत वार्ड चार की एक विवाहिता ने बुधवार को ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता 21 वर्षीया फिजा खातून उर्फ मुस्कान, नगर पंचायत वार्ड संख्या चार निवासी मोजाहिद वारसी की पत्नी बतायी जाती हैं। मिली जानकारी के अनुसार सासाराम नगर थाना क्षेत्र के खानकाह कबीरगंज निवासी जलालुद्दीन सिद्दीकी ने वर्ष 2023 में अपनी पुत्री की शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से मोजाहिद वारसी के साथ की थी, लेकिन शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में नकद राशि और उपहार की मांग फिर से होने लगी। लगातार हो रही प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने अपने ससुर मो. असलम वारसी, पति, ननद गुड़िया खातून, देवर शाहिद वारसी, जाहिद वारसी और खालिद वारसी के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

## बिजली चोरी मामले में सात उपभोक्ताओं पर एफआईआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** विद्युत विभाग ने दिनारा थाना क्षेत्र के चमरहा गांव में छापेमारी करते हुए सात उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। टीम ने जांच में पाया कि उपभोक्ता मीटर बायपास कर टोक फंसाकर लंबे समय से विद्युत का अवैध उपयोग कर रहे थे जिससे विभाग को लगातार राजस्व की क्षति हो रही थी। सभी सातों के विरुद्ध दिनारा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसडीओ अमन कुमार ने बताया कि अवैध विद्युत उपयोग के मामले में योगेंद्र चौधरी पर 11,722 रुपए, कमलेश चौधरी पर 11,442 रुपए, पटरु चौधरी पर 14,646 रुपए, बिजेंद्र सिंह पर 14,136 रुपए, मीरा देवी पर 11,740 रुपए तथा दीनानाथ पर 12,894 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## नेक दिल इंसान थे सियाराम सिंह : अनुज कुशवाहा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मृदुभाषी एवं नेक दिल इंसान थे अजय सिंह उर्फ सियाराम सिंह। उक्त बातें राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा वरिष्ठ नेता व समाजसेवी अनुज कुशवाहा ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के युवा प्रदेश महासचिव विशाल सिंह के आवास डिलिया में उनके पिता स्व सियाराम सिंह के श्राद्ध कर्म में श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। उन्होंने कहा कि वे अच्छे इंसान थे। राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता रिंकू सोनी, भाजपा नेता प्रकाश गोस्वामी, मुन्ना कुशवाहा, हरिश जी, जय प्रकाश, विंध्याचल पासवान, पप्पू सिंह, पूर्व मुखिया भोला सिंह सहित काफी संख्या में विभिन्न दलों के नेता व समाज सेवी ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर विजय सिंह, त्रिशूल सिंह सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# मनोरोग के लक्षणों के प्रति सतर्कता और जागरूकता जरूरी : डॉ विप्लव

### मंडलकारा में बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य पर साइको प्रशिक्षण, लक्षण पहचानने पर दिया गया जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम सदर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम इकाई की ओर से बुधवार को मंडलकारा में मनोरोग से बचाव और पहचान के लिए बंदियों को साइको प्रशिक्षण दिया गया। इसकी अगुवाई सीनियर क्लीनिकल साइकोलोजिस्ट डॉ विप्लव कुमार ने की। उन्होंने कहा कि मानसिक रोग के लक्षण, उपचार और बचाव के प्रति सभी को जागरूक होना होगा। साइको-एजुकेशन के क्रम में बताया गया कि मनोरोग के कई लक्षण हो सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य को जानना-समझना और मनोवैज्ञानिक प्रबंधन के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। उन्होंने मानसिक रोग के विशेष लक्षणों की जानकारी देते हुए कहा कि अत्यधिक आत्मग्लानि या आत्महत्या का भाव, अपने को भूत-प्रेत के प्रभाव में मानना, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में कमी, अत्यधिक भय या चिंताएं, अपराध की भावनाएं, नींद की समस्या, वास्तविकता से अलग हटना, भ्रम की स्थिति, दैनिक तनाव से निपटने में असमर्थता, लोगों और समस्याओं को समझने में कठिनाई, खाने की आदतों में बदलाव, अत्यधिक क्रोध या हिंसक व्यवहार–ये सभी मनोरोग के संकेत हो सकते हैं। ऐसे लक्षण महसूस हों तो सतर्क रहें और उपचार के प्रति स्वप्रेरणा जगाएं। वहीं विशेषज्ञों के पास खुलकर अपनी समस्या बताएं। शिविर में मनोविशेषज्ञों ने बंदियों की मानसिक स्थिति को बारीकी से समझा। जेल चिकित्सक डॉ विपिन कुमार सिन्हा ने बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अलर्ट रहने को प्रेरित किया और कहा कि शुरुआती लक्षणों पर ही प्रबंधन कर लेने से मरीज जल्द स्वस्थ हो सकते हैं। मौके पर जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, उपाधीक्षक कृष्ण कुमार झा, फार्मासिस्ट मिथुन कुमार, कक्षपाल संदीप कुमार और परिधापक ब्रजेश कुमार, चंद्रदीप राय आदि मौजूद थे।

## ठंड का ज्यादातर छोटे बच्चों व वृद्धजनों पर पड़ता है असर : डॉ. अरुण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** ठंड का असर सबसे ज्यादा छोटे बच्चों, युवाओं और विशेषकर वृद्धजनों पर पड़ता है। इसलिए इस मौसम में लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। उक्त बातें डॉ. अरुण कुमार ने कही। कहा कि ठंड में शरीर का तापमान तेजी से गिरता है जिससे प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ती है। सामान्य सर्दी- जुकाम से लेकर निमोनिया व अन्य मौसमी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। कहा कि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी बीमारी का रूप ले सकती है। अभिभावकों से आग्रह किया कि छोटे बच्चों को ठंड से पूरी तरह सुरक्षित रखें। गर्म कपड़ों, टोपी, मोजे और दस्तानों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। स्कूल जाने वाले बच्चों को सुबह की ठंडी हवाओं से बचाने की सलाह दी। वृद्धों को लेकर कहा कि उम्र के साथ शरीर की गर्मी नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में उन्हें अधिक ठंड लगने और सांस संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका रहती है। कहा कि वृद्धजनों को सुबह-शाम घर से बाहर निकलने से बचाएं। गर्म कपड़ों के साथ मास्क और मफलर का इस्तेमाल जरूर करें। बताया कि पौष्टिक खाद्य पदार्थ जैसे गुड़, चना, सूखे मेवे, हरी सब्जियां और गर्मपेय पदार्थ का सेवन प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। हल्की धूप सेंकना और नियमित व्यायाम इस मौसम में बेहद लाभकारी है।

# तीन महीने बाद भी लापता युवक का नहीं मिला सुराग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**करगहर।** करगहर निवासी अजय कुमार सिंह का बेटा कौशल किशोर मौर्या गत तीन माह से लापाता है, लेकिन अब तक लापता युवक का सुराग नहीं मिल पाया है। युवक के माता माता किसी अनहोनी को लेकर सशंकित हैं। जैसे-जैसे समय बितता जा रहा है उनकी बेचैनी बढ़ती जा रही है। वे आये दिन स्थानीय थाने से लेकर पुलिस के वरीय अधिकारियों के पास चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं। लापाता युवक कौशल किशोर मौर्या के पिता अजय कुमार सिंह ने बताया कि मेरा बेटा गत नौ अगस्त की रात 11 बजे से लापता है। इस संबंध में मेरे द्वारा करगहर थाने में भी लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है, लेकिन अब तक पुलिस मेरे बेटा को ढूंढने में असफल रही है। उन्होंने आम जन मानस से अपने बेटे को ढूंढने में मदद करने की गुहार लगायी है। उन्होंने कहा अगर किसी व्यक्ति को मेरा बेटा दिखाई पड़े तो वे मेरे मोबाइल नंबर 9955507377 और 9065018733 पर सूचित कर सकते हैं। वहीं, इस संबंध में सदर डीएसपी टू कुमार वैभव ने कहा कि लापता युवक के पास मोबाइल उपलब्ध नहीं होने के चलते पुलिस को परेशानी हो रही है। इसके बावजूद युवक के फोटो के आधार पर उसका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## महायज्ञ 2026 की तैयारियों पर कोचस में मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** आगामी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले श्रीलक्ष्मी नारायण चतुर्मास महायज्ञ की तैयारी को लेकर बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया सुदर्शन तिवारी ने की जबकि संचालन सुरेंद्र दुबे ने किया। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में सद्भाव, शांति और विकास को बढ़ावा देना है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 17.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–136–25–26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता (बीआरएल)/सियालदह के अधीन सियालदह मंडल के सियालदह–दमदम जंक्शन खंड में ब्रिज संख्या 17 और 20 पर संशोधित डुप्लिकेट गर्डर के साथ रि–गर्डरिंग का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 6,92,12,687.32, **बयाना राशि :** रु.4,96,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–137–25–26, कार्य का नाम:** (i) सियालदह–दमदम जंक्शन खंड में स्टेशन सियालदह और बिधाननगर रोड के बीच अप और डाउन मेन लाइन पर ब्रिज नंबर 7 की रि–गर्डरिंग, (ii) दमदम जंक्शन–डानकुनी खंड में बालीघाट स्टेशन लिमिट में अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नंबर 14सीसीआर की री–गर्डरिंग और (iii) सियालदह मंडल में कांकुड़गाछी रोड केबिन कॉर्ड सेक्शन में स्टेशन सर गुरुदास बनर्जी हाल्ट और पार्क सर्कस के बीच अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नंबर X–23 (आरयूबी) की रि–गर्डरिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 9,04,83,858.26, **बयाना राशि :** रु.6,02,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 15 (पंद्रह) माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन–138–25–26, कार्य का नाम:** (i) सियालदह मंडल के एनसीसी यार्ड में ब्रिज संख्या 1ए (लाइन संख्या एनसीसी 12 और सीए गुड्स के सभी स्पैन और लाइन संख्या एनसीसी 10 का केवल शोर स्पैन) की रि–गर्डरिंग का प्रावधान और (ii) सियालदह मंडल में सियालदह–दमदम जंक्शन खंड में स्टेशन बिधाननगर रोड और दमदम जंक्शन के बीच अप मेन, डाउन मेन, लाइन संख्या 7 और कॉमन लाइन पर ब्रिज संख्या 27 की रि–गर्डरिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 10,23,92,659.92, **बयाना राशि :** रु.6,62,000/–, **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 12.12.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 12.12.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-262/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
f @easternrailwayheadquarter


## अंतर महाविद्यालय महिला कबड्डी में एसबी कालेज आरा ने शील्ड पर किया कब्जा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला कॉलेज डालमियानगर में बुधवार को आयोजित दो दिवसीय अन्तर महाविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के शील्ड पर आरा के एस.बी. कॉलेज ने कब्जा कर लिया। फाइनल मैच में 30 अंक प्राप्त किया। वही एच.डी.जैन कॉलेज, आरा की टीम 19 अंक प्राप्त कर उपविजेता बनी। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि (प्रो.) डा. नवीन कुमार, प्राचार्य, एस.पी.जैन कॉलेज सासाराम व (प्रो.) डा. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्राचार्य, रोहतास महिला कॉलेज सासाराम ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड व टॉफी देकर सम्मानित किया। उत्कृष्ट रेडर हनी कुमारी, एस.बी.कॉलेज, आरा एवं उत्कृष्ट डिफेन्डर प्रिया कुमारी एच.डी.जैन कॉलेज आरा रही। अतिथियों ने कहा कि खेल प्रतियोगिता जीवन को सर्वोत्कृष्ट आयाम प्रदान करने में मुख्य भूमिका अदा करते हैं। मेजमानी कॉलेज के प्राचार्य डा. अषोक कुमार ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए इसे ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्णक्षण बताया। साथ हीं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को भी इस प्रतियोगिता का आयोजन कराने हेतु महाविद्यालय को धन्यवाद देने के लिए दिया। मौके पर पूर्व प्राचार्य डा. दिग्विजय सिंह, वरीय शिक्षक जयराम सिंह, डा. शंभू सिंह, डा.पुष्पा महाराज, डा. मधुरिमा मिश्रा, डा. रेनु कुमारी, डॉ हरेन्द्र कुमार सिंहा, डा. तिलोक मण्डल, डा. उपासना, डा. अनुराधा यादव, डा. शांभवी कुमारी, डा.स्मीता सोनी एवं डा. अजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# जिले में पहली बार आयोजित होगा खेलो इंडिया अस्मिता बालिका एथलेटिक्स लीग

### 28 नवंबर को शांति प्रसाद जैन कॉलेज मैदान में आठ स्पर्धाओं में होगी भिड़ंत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले में पहली बार खेलो इंडिया अस्मिता बालिका एथलेटिक्स लीग का आयोजन होगा। भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण नयी दिल्ली की ओर से प्रायोजित और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा पहली बार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का आगाज 28 नवंबर को जिला मुख्यालय सासाराम स्थित शांति प्रसाद जैन कॉलेज के खेल मैदान में होगा। इसको लेकर एक निजी होटल के सभागार में रोहतास जिला एथलेटिक्स संघ ने बैठक की। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव विनय कृष्ण ने बताया कि इस तरह का आयोजन जिले में पहली बार हो रहा है। प्रतियोगिता में सिर्फ बालिका खिलाड़ी ही अंडर-14 तथा अंडर-16 आयु वर्ग में भाग लेंगी। दोनों आयु वर्गों में 60 मीटर, 600 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक और किड्स जैवलिन की स्पर्धाएं होंगी। उन्होंने बताया कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्रयास से यह लीग पूरे देश के सिर्फ 300 चयनित जिलों में आयोजित की जा रही है। बिहार से मात्र 10 जिलों का चयन हुआ है जिनमें रोहतास जिला भी शामिल है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता जिले की बालिका खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका है। सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को एथलेटिक्स में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। कम उम्र में प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि इस लीग के माध्यम से बालिकाओं को अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने का अवसर मिलेगा। बैठक में नरेंद्र कुमार राय, उपेंद्र कुमार, अंतिम राज, नैंसी सिंह, राकेश कुमार राय, राणा प्रताप सिंह, कुश कुमार त्रिपाठी, सत्येंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। अधिक से अधिक बालिकाओं को भाग लेने के लिए प्रेरित करने की अपील सचिव ने बताया कि संघ ने जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करें कि वे अधिक से अधिक बालिकाओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि अधिकतम संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आ सकें।

**एनएसआरएस आइडी बनाना आवश्यक**

सचिव ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड तथा जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। साथ ही खेलो इंडिया की वेबसाइट पर पंजीकरण कर एनएसआरएस आइडी बनाना आवश्यक है। उन्होंने आयु सीमा को बताते हुए कहा कि अंडर 14 आयु वर्ग के लिए जन्म तिथि 21.12.2011 से 20.12.2013 के बीच तथा अंडर 16 आयु वर्ग के लिए जन्म तिथि 21.12.2009 से 20.12.2011 के बीच होना आवश्यक है। सचिव ने बताया कि भाग लेने की अंतिम तिथि 26 नवंबर निर्धारित की गयी है।

# शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास अनिवार्य : एसपी शाही

## रविकांत पूनम बीएड डिग्री महाविद्यालय में 'विकसित भारत 2047' पर सेमिनार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** रविकांत पूनम बीएड डिग्री महाविद्यालय में 19 नवंबर 2025 को 'विकसित भारत 2047' विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही, जदयू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा, विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. उपेंद्र कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर एस. एन. पी. यादव, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. रविकांत और डॉ. पूनम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद निदेशक ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति, कौशल विकास, उद्यमिता, डिजिटल प्रगति, सामाजिक समावेशन और सतत विकास जैसे आयाम भारत के भविष्य निर्माण के मुख्य आधार हैं। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान उन्मुख दृष्टिकोण और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप और अधिक सशक्त बनाएगा। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और विशेषज्ञों ने विकसित भारत 2047 के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और देश के भविष्य निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सहजादा ने किया। अंत में जदयू के प्रदेश महासचिव रंजीत कुमार झा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रोफेसर दीपक कुमार, प्रोफेसर शैलेश कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर दीपक कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. शमशाद अनवर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल नवादा का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बुधवार को सदर अस्पताल, नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर की स्वच्छता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न वार्डों की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल परिसर में जल जमाव के कारण कचरा इकट्ठा हो गया था। इस पर जिलाधिकारी ने नाले का शीघ्र निर्माण कर जल जमाव की समस्या दूर करने तथा परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही परिसर में अतिरिक्त चापाकल स्थापित करने तथा खुले में गिर रहे पानी के लिए सोख्ता निर्माण कर उसे ढकने का निर्देश दिया, ताकि मच्छरों के प्रकोप की संभावना को रोका जा सके।उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि अस्पताल के सभी प्रकार के कचरे, विशेष रूप से ह्यूमन टिश्यु सहित बायो-मेडिकल वेस्ट को किसी भी स्थिति में खुले में न रखा जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से एजेंसी के द्वारा उसका निस्तारण किया जाये ।



फैब्रिकेटेड वार्ड के निरीक्षण के दौरान सरिता देवी, निवासी लक्ष्मीपुर (पकड़ी बरमा) ने शिकायत की कि वार्ड की सफाई अच्छे से नहीं होती है। इस पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर जीविका के माध्यम से साफ़ सफाई एवं चादर धुलाई प्रारंभ करने का निदेश डीपीएम जीविका को दिया। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर मरीजों से उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।शौचालय निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शौचालय की शीघ्र मरम्मती कर सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विशेषकर महिला मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को निर्देश दिया कि अस्पताल परिसर में जहां-जहां प्रकाश व्यवस्था की कमी है, वहां नई लाइट लगाने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है तथा स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, अस्पताल उपाधीक्षक, डीपीएम, अस्पताल प्रबंधक सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# दोसुत में 50 बेड वाला बनेगा डायलसिस सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** दोसुत में 50 बेड वाला डायलसिस केंद्र बनाया जा रहा है। मंगलवार को रविकांत पूनम बीएड, डीएलएड एवं डिग्री महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार के दौरान महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोसुत में 50 बेड वाला डायलसिस सेंटर बनाया जा रहा है। इस सेंटर में मरीजों का इलाज निःशुल्क होगा। डायलसिस कराने वाले मरीजों एवं उनके अटेंडेंट को भोजन भी निःशुल्क दिया जाएगा। बताया गया



कि डायलसिस सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। समारोह में उपस्थित मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने उनके इस कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मानवता सेवा के लिए एवं शिक्षा के क्षेत्र में इनके द्वारा जा रहा कार्य सराहनीय है।

# प्रभारी डीएम ने बंद पड़े प्रेस क्लब भवन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रभारी जिलाधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नाला रोड स्थित निर्मित बंद पड़े प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार मौजूद रहे। प्रभारी जिलाधिकारी ने भवन के प्रत्येक कक्ष, बैठक कक्ष, परिसर एवं आसपास की सफाई व्यवस्था को बारीकी से परखा। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब भवन काफी आधुनिक, सुदृढ़ और सुसज्जित तरीके से निर्मित है। नाला रोड पर स्थित होने के कारण इसका लोकेशन बेहद उपयुक्त है और पास में वॉच टावर होने से इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। लंबे समय से बंद रहने की वजह से परिसर में धांस-फूंस उग आए हैं, जिन्हें तुरंत




हटाने का निर्देश दिया गया है। भवन के कमरों में जमी गंदगी और धूल की सफाई भी जल्द कराने को कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भवन को पूरी तरह साफ-सुथरा और व्यवस्थित करने के बाद इसे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को सुपुर्द कर सुचारू रूप से संचालन शुरू कराया जाएगा, ताकि स्थानीय पत्रकार बंधुओ के उपयोग के लिए इसे जल्द उपलब्ध कराया जा सके। प्रेस क्लब निरीक्षण के बाद प्रभारी जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी के तहत हो रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वॉच टावर के निकट से लेकर रांची रोड तक की जर्जर सड़क को पुनर्निर्मित किया जाएगा। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया है, ताकि शहरवासियों को आधुनिक सुविधाएं समय पर मिल सकें।

# विश्व बाल दिवस पर बेटियां व माताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को विश्व बाल दिवस के अवसर पर आईसीडीएस के तत्वावधान में 0 से 3 माह की बेटियाँ एवं माताओं को किया गया सम्मानित। कार्यक्रम में डीपीओ आई सी डी एस के द्वारा बताया गया कि बेटियां परिवार की नींव हैं। उन्हें सही से सींचें, पढ़ने-बढ़ने का पूरा मौका दें, उनके बचपन को खिलने दें, बेटियों को बेटों से कमतर आंकने की कभी गलती न करें। आज हर क्षेत्र में बेटियां बेटों की बराबरी कर रही हैं। वे धरा से आसमान तक अपना परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि आप खुद एक बेटी रह चुकी हैं। ऐसे में आप अपनी पूरी जवाबदेही निभाएं। बेटियों को इसके लिए शुरू से ही बेहतर माहौल दें। उनके द्वारा उपस्थित माताओं से कहा गया कि बेटियों के प्रति समाज और परिवार को मानसिकता बदलने की जरूरत है। हम जिस तरह बेटों के लिए बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराते हैं, वही सुविधा और पूरा मौका बेटियों को भी मिलनी चाहिए। तभी समाज संतुलित



और समृद्ध बनेगा। समाज में बदलाव तभी आएगा जब प्रत्येक परिवार अपनी सोच बदलकर बेटी को पर्याप्त अवसर देगा। बेटी पढ़ेगी, तभी परिवार और समाज आगे बढ़ेगा। यह देश के विकास के लिए भी जरूरी है। कार्यक्रम में 30 माताओं को शुभकामना कार्ड, पौधे व बेटियों को बेबी किट देकर सम्मानित किया गया। बाल एवं महिला विकास निगम के डीपीएम कैलाश कुमार साहु व सीडीपीओ बिहार शरीफ ग्रामीण के द्वारा माताओं को बेटियों के विकास, पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अभी भी समाज में कुछ लोग बेटियों के प्रति भेदभावपूर्ण सोच रखते हैं, लेकिन सरकार की योजनाओं और जागरूकता कार्यक्रमों से स्थिति में तेजी से बदलाव आ रहा है। सरकार ने बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए कई तरह के काम किए हैं। पंचायती राज से लेकर पुलिस सेवा में बेटियों को आरक्षण दिया गया है। पढ़ने के दौरान पीजी करने तक कई स्तर पर बेटियों को छात्रवृति दी जाती है। साइकिल योजना से बेटियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें बाल संरक्षण, पोषण जागरूकता, मातृ-स्वास्थ्य पर भी चर्चा हुई। माताओं को पोषण अभियान, जननी सुरक्षा योजना, आंगनबाड़ी सेवाएं और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की भी जानकारी दी गयी। मौके पर जिला कार्यक्रम समन्वयक राजीव कुमार, पीरामल फाउंडेशन से वीणा कुमारी, नीरू कुमारी व अन्य मौजूद थे।

# प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** खुदागंज थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव में 17 नवंबर को खेत में मिले ईशु के शव मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। जांच में सामने आया है कि ईशु की हत्या अवैध संबंध के कारण हुई थी। पुलिस ने प्रेमिका के पिता, भाई और दो चचेरे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस को पहले यह स्पष्ट नहीं था कि मामला हत्या का है या कुछ और। शव पर कई चोटों के निशान मिले, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। ईशु के मोबाइल का सीडीआर निकालने पर एक नंबर पर लगातार और लंबी बातचीत होने की जानकारी मिली। वारदात की रात भी ईशु ने आखिरी कॉल उसी नंबर पर किया था। तहकीकात में पता चला कि यह नंबर ईशु की प्रेमिका का है।

जब पुलिस लड़की के घर पहुंची




और पूछताछ की तो पूरी कहानी उजागर हो गई। रविवार की रात ईशु अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान लड़की के पिता पंजाबी मांझी, भाई अजीत मांझी, और दो चचेरे भाई सूरज कुमार व नीतीश कुमार वहां पहुंच गए। गुस्से में चारों ने ईशु की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए। मृतक की बहन पुतुल कुमारी ने बताया शनिवार को वह गया से घर आया था। वहीं ड्राइविंग का काम करता था। रविवार को दोस्तों के साथ पार्टी की थी। शाम से गायब था। सोमवार को खेत में लाश मिली।" ईशु की शादी दो साल पहले हुई थी, लेकिन उसकी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता था। घरेलू कलह बढ़ने पर पत्नी एक साल पहले मायके चली गई और तब से ईशु अकेले रहता था। पुलिस ने चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# टोल प्लाजा पर कर्मियों के साथ मारपीट व छिनतई, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के करिगांव स्थित टोल प्लाजा पर मंगलवार की देर शाम एक स्कॉर्पियो पर सवार रहे लोगों द्वारा टोल टैक्स नहीं देने को लेकर उपजे विवाद में कर्मियों के साथ जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में तीन टोल कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिसे सहकर्मी की सहायता से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करवाया गया। साथ ही स्कॉर्पियो में सवार रहे तीन उपद्रवियों को टोल कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा पर बीते मंगलवार को रजौली से नवादा की ओर जा रही ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो वीआइपी लेन से जाने का प्रयास किया। टोलकर्मियों द्वारा स्कॉर्पियो चालक को फास्टैग वाले लेन से जाने को कहा गया। इसी को लेकर स्कॉर्पियो में सवार रहे चार लोग भड़क गए और टोलकर्मियों से मारपीट करने लगे। इस मारपीट में तीन टोलकर्मी विनय सिंह, नीतीश कुमार व अभिषेक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान एक टोलकर्मी का मोबाइल भी तोड़ दिया गया और एक सोने की अंगूठी भी छीन लिया गया। हल्ला होने पर टोल प्लाजा के कर्मी एकजुट होकर स्कॉर्पियो में सवार रहे तीन लोगों को पकड़ लिया गया, जबकि एक व्यक्ति स्कॉर्पियो लेकर बैरिकेडिंग तोड़कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना को लेकर टोल प्लाजा मैनेजर सुमित कुमार चौधरी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था।

# बैंककर्मी के परिजनों को मिला सहयोग राशि

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** पंजाब नैशनल बैंक प्रधान कार्यालय के पत्रांक संख्या 856 /2025 पी.एन.बी .अर्पण के आधार पर सरयू दास सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक ग्राम धोराही प्रखण्ड रोह जिला नवादा निवासी के मृत्युपरांत पंजाब नैशनल बैंक शाखा सिऊर, नवादा से उनकी पत्नी कमला देवी को 30 हजार रुपए की सहयोग राशि दी गई। सनद रहे कि पंजाब नैशनल बैंक प्रधान कार्यालय नई दिल्ली द्वारा पेंशन एसोसिएशन की मांग पर 1 अक्टूबर 2025 से सेवानिवृत्त कर्मियों के मृत्युपरांत 30 हजार रुपए की राशि देने का प्रावधान सर्कुलर निर्गत कर किया है। सरयूदास की मौत 07 नवम्बर 2025 को अचानक हो गई। उक्त नियमानुसार डॉ.सुबोध कुमार सचिव बिहारशरीफ मंडल एवंपेंशनर्स एसोसिएशन एवं राष्ट्रीय उपमहासिव ने पहल कर सरयू दास की मृत्युपरांत उनकी पत्नी को 30 हजार की राशि शाखा प्रबंधक संजय कुमार चौधरी से दिलाने में सफल रहें। शाखा के प्रबंधक, समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं परिवार के सदस्य पुत्र, पुत्री पत्नी अन्य एवं सचिव डॉ.सुबोध कुमार के साथ दो मिनट के शोक सभा भी मनाकर मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना किये। इस प्रकार के पुनीत और सामाजिक कार्य को सफल बनाने में एवं दिल से सहयोग करने में मंडल प्रमुख संदीप कुमार चौधरी और उप मंडल प्रमुख उज्ज्वल जायसवाल की अहम भूमिका रही। 01 अक्टूबर 2025 से यह योजना चालू होने पर अब तक पूरे भारत में तीन लोग लाभान्वित हुए हैं जिसमें बिहारशरीफ मंडल ने तीसरे लाभान्वित को राशि दिया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**(पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल)**

**ई–निविदा नोटिस सं.: 46 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.:** 27–डीडीयू–व0मं0इंजी0–मुख्यालय–25–26 **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में टपकती छत की मरम्मत आदि द्वारा सेवा भवनों और कर्मचारी क्वार्टरों का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 37125875.72 **धरोहर राशि:** ₹ 335600.00 **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 10.12.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**

**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1300/डीडीयू/टी/मं.रे.प्र./25–26/36


# ई-केवाईसी को 30 नवम्बर तक शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उप विकास आयुक्त, की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय निर्देशानुसार यह रेखांकित किया गया कि सभी सक्रिय मजदूरों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है, ताकि मजदूरी का भुगतान आधार-आधारित प्रणाली से सुगमता पूर्वक किया जा सके। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में अब तक केवल 11.8 प्रतिशत सक्रिय मजदूरों का ही ई-केवाईसी




किया गया है। उप विकास आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए 30 नवम्बर 2025 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन पंचायत रोजगार सेवकों द्वारा निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी नहीं कराया जाएगा, उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को प्रतिदिन ई-केवाईसी प्रगति का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, जलदूत ऐप के माध्यम से पोस्ट मानसून वाटर लेवल सर्वे को दो दिनों के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने तथा एरिया ऑफिसर निरीक्षण ऐप के माध्यम से सभी योजनाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# ठंड की दस्तक से आम जीवन अस्त व्यस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** मौसम बदलने से लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। ठंड की दस्तक से आम जीवन भी अस्त व्यस्त होने लगा है। ऐसे में लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है। ठंडी हवाओं की झोंका भी धीरे धीरे चल रही है। दैनिक कार्य भी प्रभावित होने लगा है। खासकर गरीब तबके के लोग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी व निजी क्लिनिक में मरीजों की बढ़ रही है। इस ठंड में नवजात शिशुओं के अलावा बुजुर्गों को अधिक परेशानी बढ़ी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में औसतन आउटडोर में प्रतिदिन 200 से 250 मरीज इलाज के लिए आ रहें हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.नवीन कुमार कहते हैं कि बड़े बुजुर्गों में रक्तचाप, पेट की बीमारी, लकवा आदि से सम्बंधित बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं। वही नवजात शिशुओं में सर्दी,खांसी, निमोनिया, एलर्जी आदि रोग से ग्रसित होकर पहुंचते हैं। इसके लिए समुचित इलाज के साथ आवश्यक निर्देश भी दिया जा रहा है। तापमान में गिरावट रही है। ऐसे में सजग व सर्तक रहना है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: 144 एवं 145, दिनांक 14.11.2025 (सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 144–एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में गैंग हट के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 3,02,79,350.47, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 145– एमएलडीटी–25–26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा/पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मालदा में सभी कार्यालयों में सुधार एवं मरम्मत कार्यों के प्रावधान के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,09,865.09, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 10.12.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps. gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना और कागजात देखें।

MLD-237/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**(पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल)**

**ई–निविदा नोटिस सं.: 45 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.:** 01–डीडीयू–व0मं0इंजी0–सी–25–26 **कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू मंडल के अधीन एफ.ओ.आर. पाकुड खदान आदि के लिए सभी प्रकार के आकस्मिक शुल्क सहित किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन द्वारा नवीनतम सुधार पर्चियों सहित ट्रैक गिट्टी, आई.एस./आर.डी.एस.ओ.–जीई/0001:2023, फरवरी 2023 के लिए आर.डी.एस.ओ. के विनिर्देशों की पुष्टि करने वाली 50 मिमी आकार की 100000 घन मीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक स्टोन गिट्टी, की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 189243000.00 **धरोहर राशि:** ₹ 1096200.00 **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 09.12.2025 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक**

**पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1301/डीडीयू/टी/मं.रे.प्र./25–26/44


# लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन को सुनिश्चित करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा विभिन्न विभागों के साथ दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में यह बैठकें संपन्न हुईं। पहली बैठक में माप-तौल विभाग एवं पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों



की उपस्थिति में नवादा न्यायमंडल के विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय योग्य माप-तौल संबंधी वादों की समीक्षा की गई। सचिव पाण्डेय ने निर्देश दिया कि सभी सुलहनीय वादों के पक्षकारों को शीघ्र नोटिस निर्गत करते हुए उनकी अद्यतन सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाए, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में इन मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई समय पर सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ग्राम कचहरी के स्तर पर लंबित सुलहनीय वादों की सूची भी तत्काल कार्यालय में दाखिल करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के सहायक राकेश कुमार उपस्थित थे।

दूसरी बैठक वन विभाग, श्रम विभाग एवं खनन विभाग के पदाधिकारियों के साथ आयोजित की गई, जिसमें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में वन, श्रम एवं खनन से संबंधित लंबित सुलहनीय योग्य वादों के अधिक से अधिक निष्पादन पर विचार-विमर्श किया गया। सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी सुलहनीय मामलों के पक्षकारों को नोटिस निर्गत करते हुए लंबित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा को उपलब्ध कराएं, ताकि इन वादों के निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस बैठक में वन विभाग के रेंजर, जिला खनन पदाधिकारी, श्रम विभाग की ओर से श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के सहायक राजेश कुमार उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायमंडल के सभी सुलहनीय वादों का अधिकतम निष्पादन हो तथा आम जनता को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

# मगध विश्वविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मियों ने किया विशाल श्रमदान कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों ने विश्वविद्यालय परिसर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से एक बड़े श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार के आह्वान तथा कार्यकारिणी समिति के निर्णय के अनुसार संचालित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और प्रेरक वातावरण में बदलना था, ताकि छात्रों और कर्मचारियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। कार्यक्रम का ऑनलाइन उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही ने किया। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि




संस्थान की उन्नति सामूहिक प्रयासों और सकारात्मक सोच से होती है। कुलसचिव बी. के. मंगलम और छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार राय ने भी श्रमदान में उत्साहपूर्वक भाग लेने वाले कर्मचारियों की सराहना की। स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कर्मचारियों को तीन समूहों में विभाजित किया गया। इन समूहों ने झाड़ियां साफ कीं, कूड़ा-कचरा हटाया, पाथवे और पार्क की सफाई की, जल निकासी मार्गों को सुचारु किया तथा विभागीय भवनों के आसपास फैले अव्यवस्थित सामान को व्यवस्थित किया। पौधों और हरित क्षेत्र की देखरेख भी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। दो घंटे से अधिक चले श्रमदान में विश्वविद्यालय के सभी वर्गों के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कर्मचारी संघ के पदाधिकारी-अध्यक्ष सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष रामरूप राम, महासचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष विकास कुमार वर्णवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य-अभियान की रूपरेखा और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ कॉन्ट्रैक्ट आधारित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रमाशंकर सिंह समेत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सक्रियता ने कार्यक्रम को और प्रभावी बनाया। कुलसचिव बी. के. मंगलम ने कहा कि कर्मचारियों की इस पहल से प्रशासन को भी प्रेरणा मिलती है। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश कुमार राय ने पूरे कार्यक्रम को एक सराहनीय उदाहरण बताया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास और एनएसएस समन्वयक डॉ. पिटुं कुमार भी उपस्थित रहे। कर्मचारी संघ ने आगे भी नियमित रूप से स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और परिसर सौंदर्यीकरण जैसे कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई है। यह श्रमदान कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिवार की एकता, जिम्मेदारी और सेवा-भाव का प्रतीक बनकर स्मरणीय हो गया है।

# 427 छात्राओं की बैंक विवरणी कार्यालय को अप्राप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2025 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्चतर माध्यमिक), पटना से इंटरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं (केवल मुस्लिम लड़कियों) एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना से मौलवी में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्राओं (लड़कियां) को पन्द्रह हजार रूपये प्रति छात्रा की दर से तथा फौकानियां प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को दस हजार रूपये प्रति छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जाता है। इस योजना के तहत उक्त राशि सीएफएमएस के माध्यम से सीधे संबंधित छात्रों के बैंक खाते में राशि भेजी जाती है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पटना से प्राप्त आवंटन के आलोक में राशि वितरण हेतु कार्रवाई की जा रही है। उक्त योजना अन्तर्गत लाभ पाने वाले पात्र छात्र-छात्राओं अविलम्ब आवश्यक कागजात जैसे बैंक पासबुक (आईएफएससी कोड सहित), प्रवेश प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं आवासीय प्रमाण-पत्र की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति अपने विद्यालय/महाविद्यालय के माध्यम से हस्ताक्षरित करवाते हुए समाहरणालय गया में अवस्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, गया में जमा कर सकते हैं, ताकि प्रोत्साहन राशि का लाभ दिया जा सके। इस संबंध में अभी तक कुल-427 छात्राओं की बैंक विवरणी आदि इस कार्यालय को अप्राप्त है। संबंधित विद्यालय के प्राचार्य भी अपने स्तर से छात्राओं से वांछित कागजात प्राप्त कर प्राथमिकता देते हुए ससमय जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, गया में जमा कर सकते हैं।

# एमयू रसायन विज्ञान विभाग में एमएससी नए सत्र का इंडक्शन कार्यक्रम सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया में एमएससी प्रथम सेमेस्टर (2025-27) सत्र के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शिक्षकों से महत्वपूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने की। उन्होंने विभाग की शैक्षणिक परंपरा, अनुसंधान संस्कृति और उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 75% अनिवार्य उपस्थिति शैक्षणिक अनुशासन का मूल




आधार है। डॉ. सुमित कुमार ने विद्यार्थियों को विषय की गहराई समझने, प्रयोगों में सक्रिय भागीदारी और जिज्ञासा बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने विभाग में चल रहे तीन सर्टिफिकेट कोर्स की जानकारी भी दी। डॉ. पार्थ प्रतिम दास ने परीक्षा संबंधी प्रक्रियाओं और गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी तथा चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम की रूपरेखा समझाई। डॉ. सुप्रिया कुमारी ने तार्किक सोच विकसित करने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को विभाग की सुविधाओं का पूरा उपयोग करने और एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्सों के महत्व से अवगत कराया। डॉ. रूपेश कुमार झा ने उच्च अध्ययन में नेट, शोध-पत्रों के अध्ययन और शैक्षणिक चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। उन्होंने समय प्रबंधन और अनुशासन को सफलता का प्रमुख तत्व बताया। डॉ. बिकाश मंडल ने रसायन शास्त्र को प्रयोगात्मक विज्ञान बताते हुए लैब कार्य को कौशल-विकास का महत्वपूर्ण अवसर बताया। डॉ. आभा पांडेय ने छात्रों को करियर संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कार्यक्रम का संचालन किया और काव्य पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने परिचय सत्र में अपनी जिज्ञासाएं रखीं जिनका शिक्षकों ने समाधान किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, सिया राम और सिकंदर मुखिया की विशेष भूमिका रही।

# रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध वसूली का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का एक मामला सामने आया है। बुधवार को एक स्कॉर्पियो गाड़ी के ड्राइवर ने आरोप लगाया कि स्टेशन क्षेत्र में फर्जी तरीके से पार्किंग शुल्क की वसूली की जा रही थी। गाड़ी मालिक के विरोध करने पर वसूली करने वाला युवक मौके से बाइक पर फरार हो गया। स्कॉर्पियो के मालिक ने अपनी गाड़ी रेलवे स्टेशन पर पार्क की थी। उसी दौरान एक युवक पार्किंग शुल्क के नाम पर उनसे पैसे मांगने लगा। युवक के हाथ में पर्ची काटने वाली रसीद थी जिससे वह खुद को अधिकृत पार्किंग कर्मचारी जैसा दिखा रहा था जब गाड़ी मालिक ने रसीद को ध्यान से देखा और प्रक्रिया पर सवाल उठाया तो युवक हड़बड़ा गया। वाहन मालिक ने युवक से पूछा कि वह बिना अधिकार के उनकी गाड़ी का नंबर किस आधार पर नोट कर रहा था। इतना सुनते ही वसूली करने वाला युवक पीछे हटने लगा जब वाहन मालिक ने उससे पहचान पत्र (आईडी) दिखाने की मांग की तो युवक अचानक वहां से भाग निकला। घटना के बाद गाड़ी मालिक ने बताया कि रेलवे स्टेशन जैसी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाली जगहों पर इस प्रकार की फर्जी वसूली बेहद चिंताजनक है। इससे यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगते हैं। कई यात्रियों ने भी अनौपचारिक तौर पर स्वीकार किया है कि स्टेशन के इर्द-गिर्द कुछ लोग पार्किंग शुल्क के नाम पर अवैध रूप से पैसे वसूलते हैं। इस घटना के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों और गाड़ी ड्राइवरों का कहना है कि रेलवे प्रशासन और स्थानीय पुलिस को ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि यात्रियों और आम जनता को फर्जी वसूली गिरोहों से निजात मिल सके। घटना की शिकायत जल्द ही संबंधित थाना और रेलवे अधिकारियों को दिए जाने की तैयारी की जा रही है। यह मामला एक बार फिर इस बात को उजागर करता है कि स्टेशन परिसरों में पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था न होने से अवैध तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है। प्रशासन अगर समय रहते कार्रवाई करे तो ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है।

## अंशुमान ने वरीय डाक अधीक्षक के पद पर दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बुधवार को गया डाक प्रमंडल गया जी में नव नियुक्त भारतीय डाक सेवा के पदाधिकारी अंशुमान ने वरीय डाक अधीक्षक के पद पर अपना योगदान दिया है। वहीं पूर्व से कार्यरत वरीय डाक अधीक्षक शंभू राय को सतर्कता पदाधिकारी पटना में प्रतिनियुक्ति किया गया है। श्री अंशुमान ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि गयाजी प्रमंडल के सभी ग्राहकों को भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत संचालित सभी सिटीजन सेंट्रिक सर्विसेज को जनसुलभ बनाने का शत-प्रतिशत प्रयास किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को सरकार की जनोपयोगी सेवाओं से लाभान्वित किया जा सके। श्री अंशुमान 2022 बैच के आईपीओएस अधिकारी हैं।

# भाजपा अपनी कथनी और करनी में नहीं रखती अंतर : प्रेम सागर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट चौधरी तथा उपनेता के रूप में विजय कुमार सिन्हा के चयन पर भाजपा के युवा नेता प्रेम सागर ने हर्ष और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय पार्टी के संगठनात्मक कौशल, जनसमर्पित नेतृत्व और कर्म-प्रधान राजनीति की पहचान को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा अपने कथनी और करनी में अंतर नहीं रखती और यही वजह है कि पार्टी के अंदर योग्य, कर्मठ एवं जनता से जुड़े नेताओं को आगे



बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रेम सागर ने कहा कि सम्राट चौधरी का धरातलीय अनुभव, संगठन क्षमता और जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता उन्हें एक सशक्त नेता बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि विजय कुमार सिन्हा की सरलता, साफ-सुथरी छवि तथा विकास के प्रति समर्पण उन्हें विधायक दल के प्रभावी उपनेता के रूप में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। दोनों नेताओं के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल और अधिक मजबूती के साथ जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगा तथा प्रदेश के विकास और सुशासन को नई दिशा देगा। युवा नेता प्रेम सागर ने दोनों नेताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा प्रदेश की जनता के विश्वास पर खरा उतरेगी और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देती रहेगी।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्व बाल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का सफल आयोजन बुधवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय रघुनाथखाप गुरुआ में किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक, जयवन्ती सिन्हा महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया एवं चाईल्ड हेल्प लाइन नंबर -1098 के बारे में बताया गया। स्कूल की बच्चियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, बाल विवाह के विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं रुमालगिराव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता संपन्न होने के उपरांत प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मैडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल बैग एवं लंच बॉक्स वितरण किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती सिन्हा एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन के कर्मी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षक/शिक्षिका मौजूद थे।

# जनता दरबार में मुखिया प्रतिनिधि ने सुनीं दर्जनों फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती पंचायत सरकार भवन में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने दर्जनों फरियादियों की समस्याओं को सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। जनता दरबार में कबीर अंत्येष्टि सहायता, कन्या विवाह योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र और राशन संबंधी शिकायतों सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े आवेदनों का



निपटारा किया गया। कई लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने बताया कि ग्रामीणों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं प्रदान करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से जनता दरबार लगाया जाता है। इस पहल से ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार में पहुंच रहे हैं।

# खुराना छात्रवृत्ति 2025 और शोध क्षेत्र के अन्य पुरस्कार विजेताओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज ने खुराना छात्रवृत्ति 2025 और अन्य फेलोशिप प्राप्तकर्ताओं के लिए व्याख्यान-सह-संवादात्मक सत्र और सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में एसईबीईएस के डीन प्रो. रिजवानुल हक ने किया। औपचारिक उद्घाटन के बाद सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए डीन प्रो. रिजवानुल हक की सराहना करते हुए भविष्य में इसे वार्षिक आधार पर आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं और उपस्थित अन्य छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति ने नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. सीवी रमन का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने जुनून के लिए अपनी उच्च वेतन वाली नौकरी छोड़ दी। उन्होंने कहा कि जुनून, समर्पण, ईमानदारी और निरंतरता जीवन में सफलता प्राप्त करने के सर्वोत्तम प्रभावी साधन हैं। इस अवसर पर खुराना छात्रवृत्ति 2025 प्राप्ति प्रसाद पांडा, शोधार्थी, जैव प्रौद्योगिकी, बनजा प्रकाशिनी सामंतराय, शोधार्थी, पर्यावरण विज्ञान, अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान एएनआरएफ) से विदेश यात्रा अनुदानप्राप्ति, पृथा घोष, शोधार्थी, भूगोल, जिन्हें जापान में 2024 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा पूर्णतः वित्तपोषित विदेश यात्रा अनुदान प्राप्त हुआ है को कुलपति ने डीन प्रो. रिजवानुल हक की उपस्थिति में सम्मानित किया।

# केनरा बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा : कपिल गणेश गौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/ गयाजी।** डोभी प्रखंड में केनरा बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन बुधवार को डोभी के चतरा मोड़ के पास बैंक के डीजीएम प्रमोद कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को डीजीएम और रीजनल हेड कपिल गणेश गौड़ ने बताया कि देश के पांच अग्रणी बैंकों में केनरा बैंक का नाम आता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जाएगा और ग्रामीणों को बैंक की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी विभिन्न सेवाओं का लाभ मिलेगा। शाखा प्रबंधक सौरभ



मिश्रा ने कहा कि ग्रामीणों के साथ मित्रवत व्यवहार रखते हुए हर कार्य को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने बैंक की नई शाखा के उद्घाटन पर खुशी जताई और बैंक के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर बैंक के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। केनरा बैंक की इस नई शाखा के खुलने से डोभी प्रखंड के लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। बैंक की इस पहल से ग्रामीणों को अपने वित्तीय कार्यों को आसानी से करने में मदद मिलेगी।

# नहर के पास बाइक फिसली दो गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंच नहर के पास बुधवार की शाम लगभग 6 बजे हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ग्राम कौड़ियां निवासी बिपिन कुमार (35 वर्ष) और ग्राम चतुरी बिगहा निवासी धर्मेंद्र यादव (40 वर्ष) बाइक से कोंच बाजार जा रहे थे। इसी दौरान नहर के समीप सड़क किनारे गिरी गिट्टी से बाइक फिसल गई जिससे दोनों सवार असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि सड़क किनारे पड़ी गिट्टी के कारण वाहन फिसलने की संभावना रहती है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# समीर तकिया आंगनबाड़ी केंद्र पर विश्व बाल दिवस कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 17 से 20 नवम्बर 2025 के बीच विश्व बाल दिवस के अवसर पर नगर प्रखंड के राणापुर आंगनबाड़ी केंद्र एवं समीर तकिया आंगनबाड़ी केंद्र गया जी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र पर उपस्थित पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चियों के बीच बेटी जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी गया जी द्वारा बच्चियों को सम्मान पत्र एवं बेबी किट वितरित किए गए। आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, पोषण एवं शिक्षा के प्रति समुदाय को जागरूक करना था। मौके पर डीपीओ आईसीडीएस डॉ रश्मि वर्मा सहित महिला एवं बाल विकास निगम गया जी के जयवंती सिन्हा जिला परियोजना प्रबंधक, सुशांत आनंद, विशाल कुमार वर्मा एवं अन्य सभी कर्मी, महिला सुपरवाइजर, सेविका, सहायिका एवं अन्य ग्रामीण महिलाएं मौजूद थी।

# शारीरिक स्वास्थ्य पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह का व्याख्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ को भारत सरकार द्वारा देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में भारत सरकार के निर्देशानुसार दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं खेल समिति के संयुक्त तत्वावधान में एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में प्रो उषा तिवारी, अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह ने शारीरिक स्वास्थ्य एवं महत्व विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रकाश सिंह, कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम सुरमय गायन से हुआ। कुलपति कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ओम जाप और और दीर्घ श्वसन अभ्यास तथा ध्यान के माध्यम से शरीर-मन-आत्मा के संतुलन को बनाए रखने के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण और तेज-रफ्तार जीवन में मानसिक शांति और एकाग्रता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। नियमित श्वसन अभ्यास न केवल हमारी एकाग्रता बढ़ाता है, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता और भावनात्मक संतुलन भी मजबूत करता है। मुख्य अतिथि प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह ने अपने संबोधन में जीवन के पांच प्रमुख दोष - काम, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार, पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन पांच दोषों पर नियंत्रण मानव जीवन की सफलता का मूल है। एक स्वस्थ व्यक्तित्व की नींव केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, सामाजिक व्यवहार, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक जागरूकता से मिलकर बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों को समग्र स्वास्थ्य अपनाने की दिशा में प्रेरित किया। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि विद्यार्थी जीवन में नैतिकता, अनुशासन, योग, खेल-कूद तथा ध्यान जैसे अभ्यास व्यक्तित्व को मजबूत बनाते हैं।

# प्रसिद्ध दवा व्यवसायी अंजनी शर्मा का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बुधवार को टिकारी शहर के प्रसिद्ध दवा व्यवसायी अंजनी कुमार शर्मा का अकस्मात निधन हो गया। निधन की खबर आते ही टिकारी नगर क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के खंचिया रोड में नीरज मेडिकल हॉल के नाम से दवा की दुकान चलाते थे। अंजनी बाबू क्षेत्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे व उनके मृदु स्वभाव के लोग कायल थे। उन्हें जानने वाले लोगों ने बताया कि मंगलवार को हर दिन की भांति अंजनी बाबू दुकान कर अपने गया स्थित घर चले गये थे। सुबह नही जगने पर स्वजन कमरे में गये तो अंजनी बाबू अचेत थे। स्वजनों ने चिकित्सक बुलवा जांच कराई तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हृदय गति रुकने से अचानक हुई मौत के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। अंजनी बाबू के निधन पर क्षेत्र के डॉ अशोक कुमार सिंह, हेमंत शर्मा, दवा व्यवसायी रामकुमार प्रसाद, राजेश केशरी, मनोज गुप्ता, विवेक पाठक सहित अन्य लोगों ने दुख प्रकट किया।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 12/2025–26**

1 विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 25.11.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.11.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक)
4 निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 28.11.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से)
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6 निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8 कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Medininagar | Renovation and Upgradation of C.E.O, Residence Terrace at Medininagar Palamu, Jharkhand | 552000.00 | 11100.00 | 2500.00 | 01 माह |
| 2 | Medininagar | Construction of Bitumenous Road at DFO Residence, Palamu, Jharkhand. | 523600.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–

1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 366495 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# लालू प्रसाद यादव के परिवार में कलह !

राजनीति में परिवारवाद का क्या अंत होता है, इसे समझने के लिए बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद लालू परिवार में छिड़े घमासान से समझा जा सकता है। यूं सामान्य परिवारों में आतंरिक विवाद मुख्य रूप से सम्पत्ति को लेकर होते हैं, लेकिन राजनीतिक परिवारों में असल लड़ाई राजनीतिक विरासत और सत्ता की मलाई में हिस्सेदारी को लेकर होती है। लालू प्रसाद यादव ने एक निम्नवर्गीय परिवार से उठकर बिहार में पिछड़े वर्ग की नई राजनीति शुरू की और उसके पुरोधा बन गए। उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल करीब एक दशक सत्ता में रही। लालू को बिहार में यादवों और मुसलमानों का एकछत्र नेता माना जाने लगा। इन सबके बावजूद लालू प्रसाद यादव को अपने परिवार के अलावा और किसी पर रत्ती भर भी भरोसा नहीं था। अविश्वास का यह बीज अब उनके अपने परिवार में नासूर की तरह उभर रहा है। शनिवार को लालू प्रसाद यादव की दूसरे नंबर की बेटी और अपने पिता को अपनी एक किडनी देकर बचाने वाली रोहिणी यादव को अपने ही भाई और लालू द्वारा नामजद राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव की मनमानी के खिलाफ न केवल मोर्चा खोलना पड़ा बल्कि दुखी मन से उसने अपना मायका भी छोड़ना पड़ा। रोहिणी तेजस्वी से उम्र में भी काफी बड़ी है। उसने विधानसभा चुनाव में अपने भाई का प्रचार भी किया। लेकिन आखिर में उन्हें जलालत ही मिली। और उनके पिता लालू प्रसाद यादव और माता राबड़ी देवी यह सब मूक दर्शक बनकर देखते रहे। इस आतंरिक कलह पर लालू की चुप्पी वाकई आश्चर्यजनक है। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है, जब लालू परिवार में घमासान मचा है। दरसअल लालूजी के 9 बच्चे हैं, जिनमें 7 बेटियां और 2 बेटे हैं। ज्यादातर बेटियों की शादियां राजनीतिक परिवारों में ही हुई हैं। सात बेटियों में से दो सीधे-सीधे राजनीति में हैं। इनमें से मीसा भारती तो सांसद है। जबकि बड़ा बेटा तेजप्रताप इस बार भले हार गया हो, लेकिन पहले वो राजद कोटे से मंत्री और विधायक रहा है। बताया जाता है कि रोहिणी से विवाद के पीछे उसकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। रोहिणी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन तेजस्वी के सलाहकारों ने उन्हें यह समझा दिया कि रोहिणी आपके राजनीतिक कॅरियर के लिए खतरा हो सकती है। इसी के बाद से तेजस्वी ने रोहिणी को साइड लाइन करना शुरू कर दिया। अगर महागठबंधन यह चुनाव जीत जाता तो शायद लालू परिवार की यह अंतर्कलह ढंकी रहती। लेकिन चुनाव में घनघोर पराजय को लेकर जिम्मेदारी तय करने की बात आई तो रोहिणी ने मुखरता के साथ तेजस्वी के सलाहकार संजय यादव और रमीज नेमत को घेरा तथा हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। मुसाहिबो से घिरे तेजस्वी को यह नागवार गुजरा। जैसा कि रोहिणी ने सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया है कि विवाद के दौरान उन्हें चप्पल से पीटने की कोशिश हुई। कहते हैं कि बड़ी बहन मीसा भारती ने बीच बचाव किया। रोहिणी के अनुसार उन्हें गंदी कहकर एक बेहद घटिया आरोप लगाया गया कि उन्होंने करोड़ों रूपए लेकिन खराब किडनी बाप को लगा दी। इस निहायत घटिया आरोपों से आहत रोहिणी ने घर और पार्टी दोनो छोड़ने का ऐलान किया। रोहिणी ने जो कुछ सार्वजनिकक रूप से कहा है, उससे लगता है कि वो बहुत आहत हैं। कोई भी होगा। इसके पहले तेजप्रताप को भी अपनी गर्ल फ्रेंड के साथ फोटो वायरल करने के बाद लालू के परिजनों ने पार्टी और घर दोनों से निकाल दिया। घर में बिगड़ते माहौल को देखकर बाकी तीन बहनों ने भी सोमवार को पिता लालू का घर छोड़ दिया। जो कुछ हो रहा है, वह जल्द थमेगा, इसकी संभावना कम है। में परिवार का आंतरिक मामला अब राजनीतिक रंग ले रहा है, जो शुभ लक्षण नहीं है।

# दो दिग्गजों के बीच भारत की कूटनीति

**भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारी जनसंख्या और उपभोक्ता शक्ति है। दुनिया के लगभग हर बड़े देश की कंपनियाँ भारत में व्यापार करना चाहती हैं चाहे वो अमेरिका हो या चीन। दोनों ही अपने उत्पाद हमारे यहाँ बेचना चाहते हैं। लेकिन वे जानते हैं कि अगर भारत को नाराज़ किया, तो वे इस महान मार्केट से हाथ धो बैठेंगे। बीते कुछ महीनों में प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी बानगी भी पेश की। इसी डर के कारण, दोनों देश सम्मानजनक और नरमता का रुख अख्तियार किये रहते हैं। अगर गहराई से देखें तो आत्मनिर्भर भारत कोई नारा नहीं है बल्कि यह हमारी विदेश नीति का एक रणनीतिक हिस्सा है। इसका मतलब है कि ज़रूरी चीजें, जैसे हथियार, दवाइयाँ या चिप्स, हमें खुद बनानी हैं। अगर हम चीन या अमेरिका पर निर्भर रहेंगे, तो वे कभी भी हमारी सप्लाई रोककर हमें ब्लैकमेल कर सकते हैं।**

**अंशुमान**

आज की दुनिया की राजनीति को अगर एक ट्रायगल यानी त्रिकोण कहें तो गलत नहीं होगा। इस त्रिकोण के तीन कोने हैं हमारा पड़ोसी चीन, अमेरिका, और भारत। पर असलियत यह है कि यह तीनों एक-दूसरे से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हैं, हर कोई दूसरे को लेकर शंका और डर में रहता है। चीन को अमेरिका से खतरा लगता है, अमेरिका को चीन से। और भारत? भारत इन दोनों के बीच सशक्ति से खड़ा हैं कूटनीति और रणनीति के साथ। वास्तव में भारत के लिए ये त्रिकोण एक बड़ा मौका है। हमारी विदेश नीति का सबसे सीधा नियम है- 'हम किसी के पीछे नहीं चलेंगे, हमें जिससे फ़ायदा होगा, हम उससे बात करेंगे। हमारी स्वायत्तता सबसे ऊपर है। इसे ही जियो पॉलिटिक्स में रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं। कोई भी देश तब तक आज़ाद फ़ैसले नहीं ले सकता, जब तक वह आर्थिक रुप से मजबूत नो हो और भारत ने को इसकी बाखूबी समझा है।' भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारी जनसंख्या और उपभोक्ता शक्ति है। दुनिया के लगभग हर बड़े देश की कंपनियाँ भारत में व्यापार करना चाहती हैं चाहे वो अमेरिका हो या चीन। दोनों ही अपने उत्पाद हमारे यहाँ बेचना चाहते हैं। लेकिन वे जानते हैं कि अगर भारत को नाराज़ किया, तो वे इस महान मार्केट से हाथ धो बैठेंगे। बीते कुछ महीनों में प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी बानगी भी पेश की। इसी डर के कारण, दोनों देश सम्मानजनक और नरमता का रुख आख्तियार किये रहते हैं। अगर गहराई से देखें तो आत्मनिर्भर भारत कोई नारा नहीं है बल्कि यह हमारी विदेश नीति का एक रणनीतिक हिस्सा है। इसका मतलब है कि ज़रूरी चीजें, जैसे हथियार, दवाइयाँ या चिप्स, हमें खुद बनानी हैं। अगर हम चीन या अमेरिका पर निर्भर रहेंगे, तो वे कभी भी हमारी सप्लाई रोककर हमें ब्लैकमेल कर सकते हैं। जब हम खुद चीज़ें बनाएंगे, तो किसी की हिम्मत नहीं होगी हमें डराने की। सारी दुनिया को पता है भारत दुनिया की सारी बड़ी ताकतों से लेन-देन वाला रिश्ता रखता हैं।



चीन को टक्कर देने के लिए हमें आधुनिक हथियार और टेक्नोलॉजी चाहिए। इसके लिए हम अमेरिका, फ्रांस और इज़राइल जैसे देशों से साझेदारी करते हैं। अमेरिका को नाराज़ करके भी हमने रूस से स्-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदा। हमने साफ कह दिया कि हमारी सुरक्षा और संप्रभुता हमारी पहली ज़रूरत है, और इसके लिए हम किसी की इजाज़त नहीं लेंगे। इन्हीं सब घटनाक्रम के बीच में एक ही समय में हम अमेरिका के साथ [illegible] में शामिल होते हैं, और चीन के साथ ही साथ [illegible] में बैठक करते हैं। यह एक मुश्किल कला है, पर यह हमें आज़ादी देती है कि हम अपने फ़ैसले खुद लें। सबको पता है कि चीन हमारा सबसे मुश्किल पड़ोसी है। भारत आज ऐसी वैश्विक स्थिति में है जहाँ उसे चीन जैसी शक्ति से मुकाबला भी करना है, और साथ ही अपने विकास व सुरक्षा के लिए तकनीकी और सामरिक सहयोग भी बढ़ाना है। [illegible] पर तनाव और हिंद महासागर में उसकी बढ़ती घुसपैठ हमारे लिए सबसे बड़ा सिरदर्द है। लेकिन गलवान के बाद भारत ने दिखा दिया कि अब हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। हमने सीमा पर सड़कें, पुल और सेना की तैयारी इतनी बढ़ा दी है कि चीन अब आसानी से उँगली नहीं उठा सकता। रणनीतिक तौर हम उसे साफ-साफ संदेश दे रहे हैं कि हमारी ज़मीन पर नज़र मत डालो। चीन की एक रणनीति है कि कर्ज देने की, अपने 'कर्ज जाल यानी डेब्ट ट्रैप डिप्लोमैसी के ज़रिए छोटे देशों जैसे श्रीलंका या पाकिस्तान को फंसाता है। जबकि भारत की रणनीति इसके एकदम उलट है, भारत वसुधैव कुटुंबकम की भावना से हुए अपने पड़ोसियों को विकास के लिए साफ़-सुथरे और अच्छे प्रोजेक्ट बनाने में मदद करते हैं जिससे वह ड्रैगन की चाल में ना फँसकर हमारे साथ खड़े हों।'

विश्व में जहां जहां युद्ध जैसे हालात हैं या युद्ध हो रहा है उसने एक संदेश यह दिया है और रक्षा विशेषज्ञ इस बात की पुष्टि करते हैं कि भविष्य की लड़ाई समुद्र में लड़ी जाएगी। इसलिए भारत अपनी नौसेना को मज़बूत कर रहा है, अत्याधुनिक तकनीक वाले एयरक्राफ्ट कैरियर समुद्र में उतार रहा है और साथ ही दे रहा पूरी दुनिया का अपनी सामरिक शक्ति का संदेश। इसके अलावा अमेरिका जैसे देशों से मिलकर हिंद महासागर की सुरक्षा का ज़िम्मा ले रहे हैं। इन सबके बीच में चीन को एक सख्त संदेश भी जा रहा है कि पता है कि वह भारत को दरकिनार करके हिंद महासागर पर राज नहीं कर सकता। हथियार का लेन-देनः अमेरिका से हमें उन्नत फाइटर जेट्स और ड्रोन मिलते हैं, जो चीन की सेना का मुकाबला करने में मदद करते हैं। जब अमेरिका ने भारत को ईरान से तेल खरीदने या रूस से हथियार लेने पर धमकी दी, तो भारत ने एक सख्त संदेश देते हुए साफ़ इनकार कर दिया और साफ शब्दों में बताया कि कौन हमारा दोस्त होगा और कौन हमारा व्यापारिक साझीदार, यह हम खुद तय करेंगे। अगर अमेरिका हमारे देश के अंदरूनी मामलों पर सवाल उठाता है, तो हमारी सरकार तुरंत कड़ा जवाब देती है। हम चाहते हैं कि हमारा रिश्ता बराबर वालों का हो, न कि कोई हमें उपदेश दे।

भारत ने इस डर भरे माहौल का इस्तेमाल खुद को एक विश्व नेता के रूप में स्थापित करने के लिए किया है। जबसे भारत ने त्न20 की अध्यक्षता की, तो हमने दुनिया को दिखाया कि हम सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। हमने ग्लोबल साउथ की आवाज़ उठाई और अफ्रीकन यूनियन को त्न20 का परमानेंट मेंबर बनवाया। इसने भारत की धाक पूरी दुनिया में बढ़ा दी और दुनिया ने भारत को एक निष्पक्ष लीडर के रूप में देखा।

यह हमारी सबसे बड़ी रणनीति यही है कि जब अमेरिका हमारे रिश्ते में थोड़ी भी खटास डालता है, तो हम तुरंत चीन या रूस के साथ बैठकें शुरू कर देते हैं। इससे अमेरिका को सीधा और स्पष्ट संदेश जाता है कि कहीं भारत पूरी तरह हाथ से न निकल जाए, और वह तुरंत हमारी बात मानने लगता है। इसी तरह, चीन भी डरता है कि कहीं हम अमेरिका के साथ पक्का गठबंधन न कर लें।

भारत-चीन-अमेरिका का यह त्रिकोण भले ही 'डर' पर टिका हो, पर भारत के लिए यह ताकत और आजादी का सबसे बड़ा मौका है। हमारा देश बुद्धिमानी और हिम्मत के साथ इस खेल को खेल रहा है। हम किसी की हाँ में हाँ नहीं मिलाते। हम किसी के दबाव में नहीं आते। हम चीन और अमेरिका दोनों को यह बता चुके हैं कि भारत अब एक मजबूत, स्वतंत्र महाशक्ति है, और हमारे फैसले केवल भारत के फायदे के लिए ही लिए जाएँगे। यही वजह है कि दुनिया हमें एक भरोसेमंद और ज़िम्मेदार शक्ति के रूप में देख रही है, जो किसी और के इशारों पर नहीं, बल्कि अपने दम पर चल रहा है। भारत की विदेश नीति संतुलन, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान की मिसाल है। यह ना झुकने और ना टकराने की नीति नहीं, बल्कि अपनी राह खुद तय करने की नीति है।

अध्यात्म

# भाव से बढ़कर कोई पूजा नहीं

एक करोड़पति बहुत अड़चन में था। करोड़ों का घाटा लगा था, और सारी जीवन की मेहनत डूबने के करीब थी! नौका डगमगा रही थी। कभी मंदिर नहीं गया था, कभी प्रार्थना भी न की थी। फुर्सत ही नहीं मिली थी। पूजा के लिए उसने पुजारी रख छोड़े थे, कई मंदिर भी बनवाये थे, जहाँ वे उसके नाम से नियमित पूजा किया करते थे लेकिन आज इस दुःख की घड़ी में काँपते हाथों वह भी मंदिर गया। सुबह जल्दी गया, ताकि परमात्मा से पहली मुलाकात उसी की हो, पहली प्रार्थना वही कर सके। कोई दूसरा पहले ही मांग कर परमात्मा का मन खराब न कर चुका हो! बोहनी की आदत जो होती है, कमबख्त यहाँ भी नहीं छूटी। सो सुबह-सुबह पहुँचा मन्दिर। लेकिन यह देख कर हैरान हुआ कि गाँव का एक भिखारी उससे पहले से ही मन्दिर में मौजूद था। अंधेरा था, वह भी पीछे खड़ा हो गया, कि भिखारी क्या मांग रहा है? धनी आदमी सोचता है, कि मेरे पास तो मुसीबतें हैं, भिखारी के पास क्या मुसीबतें हो सकती हैं? और भिखारी सोचता है, कि मुसीबतें मेरे पास हैं। धनी आदमी के पास क्या मुसीबतें होंगी? एक भिखारी की मुसीबत दूसरे भिखारी के लिए बहुत बड़ी न थी ! उसने सुना, कि भिखारी कह रहा है - हे परमात्मा ! अगर पाँच रुपए आज न मिलें तो जीवन नष्ट हो जाएगा। आत्महत्या कर लूँगा। पत्नी बीमार है और दवा के लिए पाँच रुपए होना बिलकुल आवश्यक हैं ! मेरा जीवन संकट में है ! अमीर आदमी ने यह सुना और वह भिखारी बंद ही नहीं हो रहा है - कहे जा रहा है और प्रार्थना जारी है। तो उसने झल्लाकर अपने जेब से पाँच रुपए निकाल कर उस भिखारी को दिए और कहा - जा ये ले जा पाँच रुपए, तू ले और जा जल्दी यहाँ से। अब वह परमात्मा से मुखतिब हुआ और बोला - प्रभु, अब आप ध्यान मेरी तरफ दें, इस भिखारी की तो यही आदत है। दरअसल मुझे पाँच करोड़ रुपए की जरूरत है। भगवान मुस्करा उठे बोले - एक छोटे भिखारी से तो तूने मुझे छुटकारा दिला दिया, लेकिन तुझसे छुटकारा पाने के लिए तो मुझको तुमसे भी बड़ा भिखारी ढूँढना पड़ेगा, तुम सब लोग यहाँ कुछ न कुछ माँगने ही आते हो, कभी मेरी जरूरत का भी ख्याल आया है? धनी आश्चर्यचकित हुआ बोला - प्रभु आपको क्या चाहिए? भगवान बोले - प्रेम ! मैं भाव का भूखा हूँ। मुझे निस्वार्थ प्रेम व समर्पित भक्त प्रिय है। कभी इस भाव से मुझ तक आओ फिर तुम्हें कुछ मांगने की आवश्यकता ही नही पड़ेगी।

# अद्वितीय कार्य से मध्यप्रदेश की बन रही नई पहचान

**मध्यप्रदेश में अनेक ऐसे कार्य हुए हैं जो असंभव माने जाते थे। अद्वितीय और अतुलनीय कार्यों से प्रदेश की नई पहचान बन रही है। मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर एक विशेष उपहार राज्य के नागरिकों को मिला है। प्रदेश के धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन से जुड़े स्थानों के लिए हेलीकाप्टर सेवा प्रारंभ करने की ठोस पहल की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यभार संभालते ही नागरिकों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी तकलीफों को देखा और उनके समाधान के निर्देश दिए। सरकारी फाइल पर उनके प्रथम हस्ताक्षर तेज आवाज में बजाए जाने वाले डीजे और अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण से संबंधित हुए थे। इसके साथ ही खुले रूप में मांस की बिक्री को भी उन्होंने प्रतिबंधित किया।**

**अशोक मनवानी**

सभी नगरों और ग्रामों में मध्य प्रदेश के नागरिक समरसता के साथ आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रहते हैं। इसलिए ऐसा कोई भी कारण मौजूद नहीं होना चाहिए जिससे कटुता और मतभेद को कोई स्थान मिले। सद्भाव, भाईचारा आपसी मेलजोल और परस्पर सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। एक आदर्श समाज की रचना के लिए इन कारकों को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

सामाजिक स्तर पर होने वाली गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए शहरों में गीता भवन बनाने का सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस दिशा में कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ी है। अनेक भवन चिन्हित हो गए हैं और बहुत जल्द गीता भवनों में वैचारिक आयोजन, बौद्धिक वर्ग की विचार गोष्ठियां, पुस्तकालयों, वाचनालयों का संचालन और लोक रंजन के कार्यक्रम होते हम देखेंगे। मध्यप्रदेश में अलग-अलग संस्कृतियों, भाषाओं और बोलियों के रहवासी रहते हैं। इन सभी की अपनी परंपराएं हैं। सभी पर्व त्यौहार मिलकर बनाए जाते हैं और समाज के साथ अब सरकार भी पर्व त्योहारों में हिस्सेदारी कर रही है। जहां दशहरे पर शस्त्र पूजन की परंपरा वापस लौटती दिखाई दी वहीं अन्य त्योहारों पर भी मेलजोल देखने लायक रहा है। चाहे प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र में मालवा और निमाड़ अंचल में भगोरिया की धूम हो या शहरी क्षेत्र की बात करें तो इंदौर में होली के अवसर पर गेर का आयोजन हो, चाहे प्रदेश के अन्य जिलों में होली और रंग पंचमी का अवसर। सभी पर्व उल्लास के साथ बनाए गए। प्रदेश के आदर्श प्रतीक पुरुष जो महापुरुष होते हैं उनके नाटक मंचन की पहल हुई है। लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर प्रदेश के अने स्थानों पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित नाटकों का मंचन करवाया गया। इस क्रम में सम्राट विक्रमादित्य के नाटक मंचन दक्षिण भारत से लेकर नई दिल्ली तक और राजधानी भोपाल में भी करने की पहल एक अनूठा प्रयास है। इसी तरह राजा भोज, सम्राट अशोक और प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों पर केंद्रित नाटकों के मंचन भी आने वाले समय में होंगे। सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रदेश में अनेक रिकार्ड बने। चाहे तबला वादन हो अथवा गीता पाठ के आयोजन हो, प्रदेश के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की है।

प्रगति के प्रयासों का सेक्टर वार उल्लेख करें तो पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने की पहल करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला प्रांत है। इस समय प्रदेश में 32 मेडिकल कॉलेज हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवा का उपयोग बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश सिंचाई, विद्युत, नवकरणीय ऊर्जा, सड़क निर्माण के क्षेत्र में आगे है निरंतर। इसके साथ अब शहरों में फ्लाय ओवर के निर्माण की श्रृंखला शुरू हुई है। इंदौर हो या भोपाल जबलपुर हो या ग्वालियर अथवा बीना और बासौदा जैसे छोटे कस्बे हो फ्लाय ओवर के निर्माण से जुड़े सभी प्रकल्प तेजी से क्रियान्वित हो रहे हैं। इससे शहरों में आंतरिक व्यवस्था सुधरी है। यातायात की बेहतर सुविधा नागरिकों को मिल रही है। सड़कों पर



ट्रैफिक का दबाव कम हो रहा है।

प्रदेश की बहनों की उन्नति के लिए जहां बहुत सी योजनाएं लागू हैं वहीं टोल टैक्स वसूल करने और रेस्टोरेंट के संचालन के लिए उनकी क्षमताओं का उपयोग किया जा रहा है। यह अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरक पहल है। मध्यप्रदेश में पुलिस बैंड का उपयोग सीमित आयोजनों तक होता था। अब महाकाल की सवारी से लेकर अन्य पर्व त्यौहार पुलिस बैंड के साथ नई गरिमा प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में नाके चेक पॉइंट में बदले गए हैं। थानों की सीमाओं में बदलाव किया गया। इसी तरह जिलों और तहसीलों की सीमाओं और नए जिलों के गठन के लिए पुनर्गठन आयोग कार्य कर रहा है। सुशासन के क्षेत्र में बहुत सा कार्य हुआ है। कई ई- सेवाएं प्रारंभ हुई हैं।

राजस्व के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग क्रांतिकारी है। हरदा जिला ड्रोन के उपयोग में सबसे आगे था और अब पूरे प्रदेश में ड्रोन के माध्यम से राजस्व संबंधी कार्य हो रहे हैं। यही नहीं कृषि और रक्षा के क्षेत्र में भी ड्रोन के उपयोग के लिए पहल हुई है। राज्य स्थापना समारोह 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' में विशेष ड्रोन शो के माध्यम से मैपकास्ट संस्था पहली बार सक्रिय भूमिका में सामने आई।

मध्यप्रदेश में तीन बड़ी अंतर्राज्यीय परियोजनाओं के कारण आधे से अधिक जिले तेजी से उन्नति की ओर अग्रसर हैं। जहां राजस्थान के साथ बरसों पुराने विवाद का निपटारा किया गया वहीं केन बेतवा सिंचाई परियोजना और तापी मेगा प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। राजस्थान,उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र प्रांतों के सहयोग से यह तीनों परियोजनाएं जब सरकार होंगी तब प्रदेश की तस्वीर एकदम परिवर्तित हो जाएगी। रेल सुविधाओं की दृष्टि से प्रदेश में अनेक सुविधाएं विकसित हुई हैं। निकट भविष्य में इंदौर- मनमाड रेल लाइन बन जाने से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का व्यापारिक और नागरिक संपर्क सघन हो जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग के क्षेत्र में जो कार्य किया है वह प्रदेश की स्थापना से लेकर अब तक 70 वर्ष का सबसे अनूठा प्रयोग और सफल प्रकल्प है। एक या दो बड़े नगरों में सीमित उद्योग संगोष्ठियां संभाग- संभाग में हुई। उद्यमियों को राज्य शासन की नई नीतियों से सहयोग और संबल मिल रहा है। युवाओं को रोजगार देने के लिए अनेक जतन किए गए हैं। टेक्सटाइल क्षेत्र में महिलाओं को कम मिल रहा है। पीएम मेगा पार्क धार जिले में बन रहा है जो एक स्थान पर कपास उत्पादकों से कपास लेने उन्हें कपास की पूरी कीमत देने, एक परिसर में कपास से धागों के निर्माण फिर वस्त्रों के निर्माण और तैयार उत्पाद को विदेशों तक भेजने का कार्य होगा। विभिन्न सेक्टर में तेजी से कार्य हो रहा है। फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री हो या पर्यटन उद्योग अनेक तरह की पहल प्रदेश में की गई है।

मध्य प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अनूठा कार्य हुआ है। शिक्षा की गरिमा लौटाते हुए शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। प्रति सप्ताह और प्रतिमाह कार्य के घंटे निर्धारित कर पाठ्यक्रम पूर्ण करवाने के प्रयास और नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा की अध्ययन सामग्री का समावेश महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुलपति को कुलगुरु का सम्मानजनक नाम देना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल है जिसका सभी तरफ स्वागत हुआ है। जो सांदीपनि विद्यालय जन सुविधाओं के साथ प्रारंभ हो रहे हैं उससे शासकीय विद्यालयों में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों का आकर्षण बढ़ गया है। आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश पूरे देश में अलग पहचान बनाएगा। समग्र विकास की तरफ बढ़ रहे मध्यप्रदेश के नागरिक भी विकास कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित कर अपना योगदान दे रहे हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आज आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**मिथुन**
आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है।

**कर्क**
पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है, क्योंकि वह बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे। आप अपने घर में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**
पूजा-पाठ में मन लगेगा, लेकिन परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आप बिजनेस में आ रही समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे।

**कन्या**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, आप कहीं बाहर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आपको अपनी बुद्धि का प्रयोग करके कोई निर्णय लेना होगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपको बेवजह की भागदौड़ बनी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम से अपने बॉस को खुश रखेंगे।

**कुंभ**
जो किसी नए घर आदि की योजना बना रहे थे, उन्हें अपनी इनकम को ध्यान में रखकर ही काम करना बेहतर रहेगा। पारिवारिक मामलों को भी मिल बैठकर निपटाएं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर में मार्शल बाजार चिल्ड्रन पार्क तैयार, दिसंबर के प्रथम सप्ताह में लोगों के लिए खुलेगा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिस तरह से बच्चों के लिए पढना - लिखना जरूरी है. उसी तरह मनोरंजन के लिए खेलकूद भी जरूरी है. इसके लिए छावनी परिषद प्रशासन द्वारा मार्शल बाजार चिल्ड्रेन पार्क को करीब 30 लाख की लागत से जीर्णोद्वार कराया गया है. दिसंबर के प्रथम सप्ताह में आम लोगों के लिए खोल दिया जायेगा. पार्क में फुर्सत में बडे भी बच्चे के साथ गुड टाइम बीता सकेंगे. बच्चे परिवार के साथ मनोरंजन कर सकेंगे. परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि वर्षो से मार्शल बाजार स्थित चिल्ड्रेन पार्क जर्जर हो चुका था . पार्क को जीर्णोद्वार कराया और खुबसूरत ढंग से पार्क का निर्माण कराया गया है. उन्होंने कहा कि आज के समय में लोगों का स्वस्थ रहना एक चुनौती है. बदलती जीवनशैली व प्रदुषण लोगों के स्वास्थ्य को खराब कर रही है. इसे देखते हुए पार्क को नवनिर्माण कराया गया है. इसमें हरे-भरे पौधे, फूल, जॉगिंग ट्रैक और रंग-बिरंगी लाइट्स लगाया गया है.पेयजल समेत अन्य सुविधा मुहैया कराया गया है. उन्होंने बताया कि दिसंबर के प्रथम सप्ताह में आम जनता के लिए खोल दिया जायेगा.

### मॉडल सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों और आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस स्टैंड के निकट आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है. बस पडाव पर वर्षों से सार्वजनिक शौचालय ध्वस्त हो गया था. जिससे यात्रियों और आम लोगों को भारी परेशानियों झेलना पडता था. जिसको देखते हुए छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव के समीप सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है और मार्शल बाजार में भी एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है. ताकि आम लोगों और महिलाओं को शौच के लिए परेशानी नही उठना पडेगा. परिषद के सीईओ सपन कुमार ने बताया कि बस पडाव पर पुराने सार्वजनिक शौचालय ध्वस्त हो गया था. उन्होंने बताया कि बस पडाव के समीप मॉडल सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है और जल्द चालू किया जायेगा. .उन्होंने कहा कि यह शौचालय पूरी तरह से स्वच्छता, जल आपूर्ति और साफ-सफाई की आधुनिक व्यवस्था से युक्त होगा, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो.

### अलग-अलग मामलों में तीन आरोपित गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गौरीचक थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है. गौरीचक थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पहले मामले में धमरी दास और कैलेंद्र दास को विधिवत गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. वहीं दूसरे मामले में टेंपो चोरी के आरोप में राजू कुमार, पिता सुरेश राय, ग्राम मौजीपुर, थाना नदी, जिला पटना को पकड़ा गया है. उसके खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है. थाना अध्यक्ष अमित ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ चल रही है और आवश्यक विधिक प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है.



### अगलगी के दौरान दो झोपड़ी जलकर राख

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा गांव में अचानक आग लगने से दो झोपड़ी का मकान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की सहयोग से आज पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घर में रखे हजारों रुपए के समान जलकर नष्ट हो गया। बताया जाता है कि रामपुर दियारा गांव निवासी सत्यनारायण पासवान और रामस्वरूप साहू के घर में अचानक आग लग गई। आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास किया। लेकिन तब तक झोपड़ी नुमा घर के अंदर रखें हजारों रुपए के सामान जलकर राख हो गया। इस मामले में पीड़ितो ने मनेर थाना और अंचल कार्यालय में घटना की सूचना लिखित रूप से दी है।



# कृषक-वैज्ञानिक संवाद को मंत्री गिरिराज सिंह ने किया संबोधित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 19 नवम्बर 2025 को पीएम-किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में इस कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया ।





**कृषक-वैज्ञानिक संवाद**

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह, केन्द्रीय मंत्री, वस्त्र मंत्रालय ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे धान-गेहूँ जैसी पारंपरिक फसलों के अतिरिक्त दलहन, तिलहन, मोटे अनाज, बागवानी तथा अन्य स्थानीय फसलों द्वारा फसल विविधीकरण करें एवं ज्यादा लाभ कमाएं। साथ ही उन्होंने समेकित कृषि प्रणाली, पशुपालन, बकरी पालन, मशरूम की खेती पर बल दिया । संवाद के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों रबी फसलों जैसे गेहूं, चना, सरसों, मसूर इत्यादि की उन्नत किस्मों, फसल प्रबंधन तकनीकों एवं उत्पादकता बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**केन्द्रीय मंत्री का वैज्ञानिकों के साथ संवाद**

गिरिराज सिंह ने संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ भी बातचीत करते हुए उन्हें मृदा की कार्बन जाँच, ब्लैक बंगाल बकरी, सहजन तथा गाय के गोबर से बनने वाले मूल्य संवर्धित उत्पादों पर अनुसंधान को और सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे किसान लाभान्वित हो सकें। इससे पूर्व, संस्थान के निदेशक ने माननीय मंत्री महोदय का स्वागत करते हुए संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों एवं प्रगतिशील अनुसंधान कार्यों से अवगत कराया`

**कृषि प्रदर्शनी एवं प्रक्षेत्र भ्रमण**

कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान परिसर में कृषि प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें संस्थान द्वारा विकसित उन्नत कृषि तकनीकों, बीजों, उपकरणों एवं मॉडल प्रदर्शन को किसानों के समक्ष प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी से किसानों को नई तकनीकों की प्रत्यक्ष जानकारी एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही, किसानों ने संस्थान के विभिन्न प्रक्षेत्रों का अवलोकन कर वहाँ चल रहे शोध कार्यों को नजदीक से समझा। यह कार्यक्रम संस्थान के कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र, राँची में भी आयोजित किया गया` कार्यक्रम में 336 किसानों सहित कुल 460 लोगों ने भाग लेकर इसे सफल बनाया। किसानों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उज्जवल कुमार, प्रभागाध्यक्ष, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार द्वारा किया गया।

## बाढ़ में किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के हस्तांतरण का सीधा प्रसारण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री के द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं. किस्त का हस्तांतरण एवं दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 का उदघाटन कोयमबटूर, तामिलनाडू से लाइव टेलीकास्ट किया गया और इसी अवसर पर किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के माध्यम से 9 करोड़ किसानों के खातों में कुल 18000 करोड़ रुपए किसान के खाते में हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर बाढ़ के अगुवानपुर कृषी विज्ञान केंद्र में तकनीकी सत्र में उपस्थित किसानों को डाङ्ग रीता सिंह वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के निदेशन में रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, बीज उपचार, उर्वरक प्रबंधन, कीट-व्याधी प्रबंधन, आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को विशेष रूप से प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गयी एवं प्राकृतिक खेती करने हेतु विभिन्न जैव उत्पाद के निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। उपस्थित कृषकों को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लगे धान की फसल एवं विभिन्न जैव उत्पाद बनाने की प्रक्रिया का भी जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान केन्द्र में विकसीत विभिन्न प्रत्यक्षण ईकाइयों यथा बकरी पालन, मुर्गी पालन मशरूम उत्पादन आदि को दिखलाया गया। साथ ही साथ किसानों को जैविक खेती एवं मोटे अनाजों की खेती करने के लिए जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में पटना जिले के विभिन्न प्रखंडों से 317 किसानों ने भाग लिया।



## 13 कांडों में शामिल व शेरपुर में सगे भाइयों की हत्या व बेटे पर जानलेवा हमले का आरोपी धराया

**टॉप टेन में था अपराधी शामिल**

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर के ब्रह्मचारी गांव में पूर्व पंचायत समिति सदस्य अरुण यादव एवं उनके सहोदर भाई देवकुमारी राय की अलग - अलग हुई हत्या एवं अरुण के बेटे पर हुए जानलेवा हमले सहित एक दर्जन मामले के आरोपी रामबाबू राय को मनेर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।इस सम्बन्ध में सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शेरपुर के निवासी रामबाबू राय पर टॉप जिले के टॉप टेन अपराधी में शामिल था उसे पर तेरह मामले दर्ज है।अभी फिलहाल शेरपुर में हुई हत्या एवं गोलीबारी के मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है।बताते चलें कि शेरपुर में एक ईट भठ्ठे की जमीन को लेकर चल रहे विवाद में शेरपुर पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य रहे अरुण कुमार सिंह की ब्रह्मचारी मोड़ पर 8 जून 2023 को हत्या कर दी गई थी। मनेर थाना कांड संख्या 435/23 दिनांक 09.06.23 धारा 302/120 बी/34 भा0 द0बि0 27 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया था।जिसमे रामबाबू राय व अन्य को नामजद आरोपी बनाया गया था।इसके कुछ दिनों 28 अप्रेल2024 को मृतक अरुण कुमार के बड़े भाई देव कुमारी राय व मृतक अरुण कुमार के बेटे पर भी जानलेवा हमले हुए जिसमें दे० कुमारी राय की मौत हो गई पर अरुण का पुत्र गोली लगने से बुरी तरह घायल होने के बाद भी बच गया मामले में मनेर थाना कांड संख्या 274/24 दिनांक 29.04.24 धारा 302/ 307/ 120बी/34,स्रू एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था इस मामले में फरार आरोपी रामबाबू राय को मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमा, पुलिस अवर निरीक्षक मनोज कुमार अनुज कुमार पप्पू कुमार राम सुरेश प्रताप सिंह एवं सशस्त्र बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।

# पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से एआईएमआईएम के टिकट पर चुनाव लड़ चुका फारूक रजा उर्फ डब्लू गिरफ्तार

**अनवार दिराहा हत्याकांड में हुई गिरफ्तारी, फारूक रजा को गलत तरीके से फंसाया गया, निष्पक्ष जांच की मांग**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए टॉप-10 सूची में शामिल ए आई एम आई एम नेता फारूक रजा उर्फ डब्लू को नोहसा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया. इमारत-ए-शरिया के पास 19 मई 2025 को दिन दहाड़े हुए चर्चित अनवार दिराहा हत्याकांड में वह मुख्य अभियुक्त के रूप में नामजद था और घटना के बाद से फरार चल रहा था.फारूक रजा उर्फ डब्लू पूर्व में पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से ए आई एम आई एम के टिकट पर चुनाव लड़ चुका है. इससे पहले वह कई वर्षों तक राष्ट्रीय जनता दल से भी जुड़ा रहा था. हाल ही में फारूक रजा उर्फ डब्लू के पिता मो. सलाउदीन का निधन हूआ है.जमीन कारोबारी अनवर आलम उर्फ अनवर दिराहा की हत्या के बाद से वह फरार था.हत्या के बाद अनवार आलम की पत्नी ने 15 लोगों को नामजद किया था.पुलिस ने इस मामले में हत्या एवं लाइनर को तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. पुलिस ने इस मामले में साजिश कर्ता के रूप में इमत्याज खां को भी गिरफ्तार किया था. पुलिस का दावा था कि हत्या की साजिश रचने के बाद इम्तयाज एक योजना बना कर स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती हो गया था.वहीं इस मामले में पूर्व लोक सभा प्रत्याशी फारूख रजा डब्लू फरार चल रहे थे.अनवर आलम को उस वक्त अपराधियों ने गोलियों से भून डाला था जब वह मोटरसाइकिल से अपने भतीजा के साथ इमारत शरिया के पास से गुजर रहे थे. इस हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था.वहीं उनकी गिरफ्तारी की सूचना पा कर बड़ी संख्या में लोग थाना पहुंचे.एआईआईएम नेताओं ने आरोप लगाया है कि इनकी गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन की नाकमी एवं राजनीत साजिश का हिस्सा है.एआईआईएम नेता मोहम्मद सोनू ने कहा कि हमारे नेता फारूख रजा निर्दोष हैं. हत्या के इस मामले में कई लोगों को जानबुझ कर जमीनी विवाद में फंसाया गया है जिस का हत्या से कोई लेना देना नहीं.सोने ने इस हत्या कांड की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ करवाई करने की मांग किया है. शहर पश्चिमी के नगर पुलिस अधीक्षक के अनुसार मृतक अनवार आलम के परिजनों के आवेदन पर कांड संख्या 779/25, दिनांक 19.05.2025, धारा 103(1)/61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. पुलिस टीम उसकी लगातार तलाश में थी. पटना सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि फारूक रजा उर्फ डब्लू लंबे समय से पुलिस की निगाह से दूर था.गुप्त सूचना मिली कि फारूक रजा उर्फ डब्लू अपने गाँव नोहसा मोड़ के आसपास देखा गया है. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने तत्काल छापेमारी दल का गठन कर दबिश दी. मौके से फारूक रजा को दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. पूछताछ के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. फारुख रजा के खिलाफ फुलवारी शरीफ को गर्दनीबाग थाना में कई मामले दर्ज थे.



## हत्या की योजना बना रहा अपराधी देसी कट्टा और 15 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार




**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस को बुधवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि किसी की हत्या की अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए के कुछ लोग थांबा गांव में टनटन कुमार के घर में इकट्ठा हो रहे है थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने घटना की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़ 2 को देने के साथ ही इलाके की गहरा बंदी शुरू कर दी और टनटन कुमार के घर से हैप्पी कुमार पिता अवधेश सिंह ग्राम सिरसी थाना बख्तियारपुर से गिरफ्तार कर लिया युवक के पास से एक देसी कट्टा 15 जिंदा कारतूस एक एंड्रॉयड फोन पुलिस ने बरामद की है पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि सिरसी गांव में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष लंबे समय से चल रहा है जिसको लेकर इस तरह की योजना बनाई जा रही थी तभी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अपराधी घटना को टाल दिया पकड़े गए हैप्पी के ऊपर तीन गंभीर मुकदमा पूर्व से आसपास के थाने में दर्ज गिरफ्तार अपराधी को जेल भेजा जा रहा है ।

## दानापुर में अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर एक फिर नप प्रशासन ने तकियापर से नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग तकियापर से नासरीगंज बिस्कूट फैक्ट्री मोड तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों से 10 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया है. अभियान नप के प्रशिक्षु आईएएस विग्नेश टीए के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ तकियापर से नासरीगंज बिस्कूट्री फैक्टरी मोड तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

## गोल इंस्टीट्यूट द्वारा ए.एन. कॉलेज के ऑडिटोरियम में भव्य सेमिनार का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति और मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से गोल इंस्टीट्यूट द्वारा ए.एन. कॉलेज, पटना के ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्रों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुएगोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री बिपिन सिंह ने ठएएळ की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स एवं तकनीकों को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने खास तौर पर निम्न बिंदुओं पर जोर दिया। एनसीइआरटी आधारित अध्ययन को प्राथमिकता देना। नियमित रिवीजन और माइक्रो-नोट्स बनाने की आदत। कठिन विषयों को छोटे-छोटे टॉपिक्स में विभाजित कर पढ़ाई। समय प्रबंधन और टेस्ट प्रैक्टिस का निरंतर पालन। मॉक टेस्ट के माध्यम से अपनी कमियों का विश्लेषण। उन्होंने कहा कि सही रणनीति और अनुशासित तैयारी से उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की जा सकती है। असिस्टेंट डायरेक्टर श्री रंजय सिंह ने इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों को खएए क्रैक करने की रणनीति बताते हुए कहा कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का विश्लेषण। प्रत्येक विषय में पकड़ बनाना। प्रतिदिन निश्चित समय तक समस्या-समाधान की प्रैक्टिस उन्होंने छात्रों को "कम लेकिन सही पढ़ाई" का मंत्र दिया और कहा कि खएए में सफलता स्मार्ट स्टडी और लगातार अभ्यास से मिलती है। गौरव सिंह एवं आनंद वत्स ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में मानसिक दृढ़ता, निरंतरता और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम संचालन एवं उपस्थिति कार्यक्रम का सफल संचालन कंकड़बाग शाखा प्रमुख श्री संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर श्री निकेत वर्धन, गोला रोड ब्रांच हेड श्री नीरज मिश्रा, सोशल मीडिया मैनेजर साक्षी, तथा प्रशासनिक टीम के प्रतिक्शा, अनन्या, खुशी, काजल, विभा, प्रीति, सुमित कुमार और राहुल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मनेर में विद्युत चोरी मामले में एक लाख 73 हजार जुर्माना

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, मनेर में विद्युत चोरी की गुप्त सूचना पर सहायक बिधुत अभियंता ललीत रंजन के नेतृत्व में गठित धावादल ने एक बड़ी विद्युत चोरी का मामला पकड़ा है। मामले में 1,73,182 रुपये जुमार्ना करते हुए मनेर थाने में विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में विद्युत एसडीओ ललित रंजन ने बताया की गुप्त सूचना पर गठित धावादल ने रस्तोगी मोहल्ला के विकाश पाण्डेय के घरेलु (डीएसआई डी) परिसर नव निर्मित मकान अवस्थित विद्युत मीटर की जांच हेतु पहुंचे। जाँच के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा बिना किसी वैद्य विद्युत संबंध के एलटी लाईन में सीधे टोका फँसाकर विद्युत ऊर्जा की उपयोग करते हुए पाये गये। इनके इस बिजली की चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को लगभग राशि-173182/-(एक लाख तिहत्तर हजार एक सौ बेरासी रुपये मात्र) की क्षति हुई है। इनके द्वारा कुल देय लगभग राशि-173182/- (एक लाख तिहत्तर हजार एक सौ बेरासी रुपये मात्र) है। इनका सर्विस तार काटकर जप्त कर लिया गया है और इसकी विवरणी जाँच-सह-जप्ति प्रतिवेदन में दर्ज कर दिया गया है।दल में कनीय अभियंता सीताराम प्रसाद ,मानव बल विजय कुमार,मनीष कुमार,अर्जुन राय शामिल थे।

## इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग (बी.एड) कॉलेज में एकदिवसीय शैक्षणिक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग (बी.एड) कॉलेज, फुलवारी शरीफ में बुधवार को एकदिवसीय विशेष शैक्षणिक व्याख्यान कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम में एक्युप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा (निदेशक, एक्युप्रेशर नोडल सेंटर, पीएचसी फुलवारी शरीफ) और प्रख्यात फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अतेहशान ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया. पहले सत्र में डॉ. प्रमोद कुमार सिन्हा ने एक्युप्रेशर की मूल अवधारणाओं, इसके लाभ तथा दैनिक जीवन में इसके उपयोग पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने बताया कि एक्युप्रेशर शारीरिक दर्द कम करने के साथ-साथ मानसिक तनाव घटाने और ऊर्जा संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. दूसरे सत्र में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अतेहशान ने विद्यार्थियों को शारीरिक दर्द के कारण, फिजियोथेरेपी की आवश्यकता, सही मुद्रा, जीवनशैली से जुड़े रोगों की रोकथाम और आधुनिक समय में फिजियोथेरेपी की बढ़ती भूमिका पर उपयोगी जानकारी दी. उन्होंने युवाओं को नियमित व्यायाम, संतुलित दिनचर्या और समय पर उपचार को गंभीरता से अपनाने की सलाह दी. कार्यक्रम के दोनों सत्रों में इस्लामिया टीचर्स ट्रेनिंग (बी.एड) कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएँ भी साझा कीं. उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु और संवाद शैली की सराहना की. इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. के. अरुण ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं. उन्होंने कहा कि एक्युप्रेशर और फिजियोथेरेपी जैसे विषय आज की आवश्यकता हैं. विशेषज्ञों से सीधे मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी व्यवहारिक रूप से भी समृद्ध होते हैं. उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी कॉलेज ऐसे ज्ञानवर्धक और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. कार्यक्रम का समापन धन्यवाद-ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज प्रशासन ने दोनों विशेषज्ञों का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया.






CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### रक्सौल बाईपास ओवरब्रिज के पास 745 ग्राम चरस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरैया थाना पुलिस ने शहर के बाईपास ओवर ब्रिज के पास गश्ती के दौरान दो अभियुक्तों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरेंद्र दास, पिता नथुनी दास, निवासी तुमरिया टोला वार्ड संख्या-4, थाना हरैया और विशाल कुमार, पिता प्रेम नाथ राम, निवासी बड़ा परेउवा वार्ड संख्या-17, थाना रक्सौल, जिला पूर्वी चंपारण शामिल हैं। पुलिस ने उनकी तलाशी के दौरान एक मोटरसाइकिल और 745 ग्राम चरस बरामद किया। मामले में हरैया थाना कांड संख्या 145/25, दिनांक 18/11/25, धारा 8/20(b)/(ii)(इ) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर दोनों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने इस बाबत बताया कि पुलिस इस मामले में अपनी आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### जीतना थाना परिसर में 574.900लीटर शराब किया गया बिनिष्ट



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना परिसर मे बुधवार को पुलिस ने तीन कांडों में जब्त 574.900 लीटर कस्तूरी शराब को नष्ट किया।बनकटवा अंचलाधिकारी अतुल कुमार बादल व जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार की निर्देशन में थाना परिसर में ही फर्श पर शराब को बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेश के आलोक में जीतना थाना के तीन कांडों में जब्त किए गए 574.900 लीटर नेपाल निर्मित कस्तूरी शराब को विनिष्ट किया गया। मौके पर अपर थाना अध्यक्ष रजनी कुमारी, जमदार विजय कुमार सहित कई थाना पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

### आग लगने से दो मवेशी सहित लाखों की सम्पत्ति जलकर राख



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव में बुधवार की दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट से लगी आग में दो मवेशी सहित एक आवासीय मकान जलकर रख हो गया। आग लगने से करीब दो लाख रुपये मूल्य से ज्यादा का सम्पत्ति जलकर राख हो गया है। इस मामले में अग्निपीड़ित दिनेश राम ने इसकी सूचना थाना व अंचल को दे दिया है। आग इतना भयंकर था कि ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशामक दमकल आने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना की सूचना मिलते ही राजस्व कर्मचारी प्रेम कुमार घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लेने में जुटे रहे। आग से दो बकरी, बीस हजार रुपए नगद, कपड़ा, बर्तन, अनाज, फर्नीचर सहित अन्य समान जल गए है। घटना की खबर मिलते हीं उक्त गांव के पैक्स अध्यक्ष राजू यादव अग्निपीड़ित से मुलाकात कर अंचल प्रशासन से राहत मुहैया कराने की मांग किया है।

### झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं इंदिरा गाँधी की जयंती पर पदयात्रा का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पू.चं. में अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी संगठन एवं अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अधिकारी



संगठन द्वारा आज झांसी की वीरांगना लक्ष्मीबाई और भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर एक शांतिपूर्ण पदयात्रा आयोजित की गई। पदयात्रा की शुरूआत गांधी संग्रहालय से हुई और यह शहीद स्मारक बंजरिया पंडाल गांधी में संपन्न हुई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों के अतुलनीय योगदान को श्रद्धांजलि देना और गांधीवादी सिद्धांतों को समाज के बीच प्रसारित करना था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोर पांडेय ने की। मौके पर अमित निधि, विनोद कुमार यादव, आनंद प्रकाश, भारत सिंह, राजेश अस्थाना, प्रमोद प्रसाद, नागेश्वरी देवी, लक्ष्मी साहनी, भोला साहनी, महादेव ठाकुर, सुनील कुमार सिंह, शशि सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर जेवर सहित लाखों की चोरी

**घर बंद कर सभी लोग रहते हैं देहरादून**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौतन थाना क्षेत्र के पुर्वी नौतन पंचायत के गोसाई टोला वार्ड नंबर 10 में मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की सम्पत्ति की चोरी कर ली गई है।चोरी की इस घटना से पुरे इलाके में सनसनी फैल गई है।इस बावत दिना नाथ भारती ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवेदन देकर जांच की मांग की है। दिए आवेदन में बताया कि चोरी की गई घर श्याम सुंदर भारती का है। वे सभी लोग परिवार के साथ बाहर रहते हैं। अज्ञात चोरो द्वारा घर का ताला तोड़कर कपड़ा जेवर बर्तन सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली गई है।चोरी की इस घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस जांच में जुटी है।

### मारपीट मामले में छह पर केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में मारपीट के मामले में 6 लोगो पर केस दर्ज की गई है। कमलेश पटेल ने पुलिस को आवेदन देकर सुजीत कुमार, दिनेश चौरसिया, रमेश चौरसिया, अमित कुमार सलिला देवी और सुकट चौरसिया पर मारपीट कर जख्मी कर देने आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### चिरांद विकास परिषद के संस्थापक सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ सिंह का निधन

**छपरा/डोरीगंज (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चिरांद विकास परिषद के संस्थापक सदस्य, अवकाश प्राप्त प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, रघुनाथ सिंह धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। सन 2000 में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वे पूरी तरह सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय हो गए। पिछले 20 वर्षों से वे चिरांद विकास परिषद से जुड़े हुए थे और यहां आयोजित गंगा महाआरती में नियमित रूप से शामिल रहते थे। उनके निधन पर चिरांद विकास परिषद के अध्यक्ष कृष्ण कांत ओझा, तारकेश्वर सिंह, उदय चौधरी, श्रीकांत पांडेय, श्याम बहादुर सिंह, शुशील पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद कुमार सिंह, जयदिनेश पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष दक्षिण विपिन कुमार सिंह, चंदेश्वर सिंह कुशवाहा, राजकिशोर प्रसाद, चंदन भक्त और भानू प्रताप सिंह सहित अनेक लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। परिषद के सचिव श्री राम तिवारी ने बताया कि रघुनाथ सिंह की आध्यात्मिक प्रवृत्ति और सामाजिक कार्यों में रुचि उन्हें सभी के बीच सम्मान का पात्र बनाती थी। उनका जन्म 1942 में हुआ था। वे दो पुत्र, एक पुत्री और नाती-पोतों से भरे परिवार को छोड़ गए हैं।

# जिला प्रशासन गन्ना किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध : जिलाधिकारी

- **गन्ने का समुचित निष्पादन तथा ईख मूल्य का समय पर भुगतान करें सुनिश्चित**
- **गन्ना तौल में एक भी किलो की कटौती नहीं चलेगी, गड़बड़ी होने पर की जायेगी सख्त कार्रवाई**
- **गन्ना क्रय में बिचौलियों के हस्तक्षेप पर भी होगी सख्त कार्रवाई**
- **चीनी मिल के आरक्षित क्षेत्र के बाहर अथवा राज्य के बाहर का गन्ना क्रय नहीं हो, इस हेतु सख्त निगरानी करने का निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पेराई सत्र 2025-26 की व्यापक तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी ईख पदाधिकारियों, चीनी मिल प्रबंधकों, किसान प्रतिनिधियों, परिवहन व माप-तौल विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी पेराई सत्र को सुचारू, पारदर्शी और किसान हितकारी बनाना था। बैठक के दौरान ईख पदाधिकारी बेतिया अंचल, श्री रेमन्त झा ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अब तक की गई तैयारियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने मिलों की पेराई क्षमता, किसानों द्वारा पंजीकरण, पथ क्रय केन्द्रों की वर्तमान स्थिति, तौल व्यवस्था, परिवहन प्रबंधन, कैलेंडर वितरण तथा सट्टा नीति के अनुपालन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। प्रस्तुति के बाद जिला पदाधिकारी ने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और मिल प्रबंधकों से तैयारी की स्थिति के बारे में विस्तार से सवाल पूछे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला पदाधिकारी ने कहा कि सट्टा नीति का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी चीनी मिलें विभागीय निर्देशों के अनुरूप पेराई कैलेंडर तैयार करें और उसे किसानों के बीच समय पर वितरित करें, ताकि गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि चालान निर्गमन पूर्ण रूप से पारदर्शी हो और सभी मिलें समानुपातिक तरीके से चालान जारी करें। उन्होंने निर्देश दिया कि पेराई सत्र प्रारंभ होने से पहले सभी पथ क्रय केन्द्रों की स्थापना हर स्थिति में पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि गन्ने की पोचिंग किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है, और ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित चीनी मिल के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है और गन्ने का समुचित निष्पादन तथा ईख मूल्य का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मिलें गन्ने की खरीद में सही वजन सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एसडीएम नरकटियागंज और बगहा को विशेष रूप से निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बिचौलियों के माध्यम से गन्ना खरीदने की शिकायतें कई बार मिलती हैं, इसलिए मिल प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि कोई बिचौलिया गन्ना खरीद में हस्तक्षेप न करे। माप-तौल निरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक पंद्रह दिनों में सभी मिल गेटों और पथ क्रय केन्द्रों पर स्थापित तौल सेतुओं की विधिवत जांच करें और सुनिश्चित करें कि डिजिटल तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। यदि किसी निरीक्षक की संलिप्तता घटतौली में पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी अतिक्रमित सड़कों से अतिक्रमण को हटवाएं, ताकि पेराई अवधि में बढ़े हुए यातायात के बीच वाहन एवं आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला परिवहन पदाधिकारी को ओवरलोडिंग रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। इसके साथ ही एसडीएम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सुगर मिलों से समन्वय कर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और मिलों से आवश्यकतानुसार वॉलंटियर्स उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने यूपी-बिहार सीमा पर निगरानी को सख्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि चीनी मिल के आरक्षित क्षेत्र के बाहर अथवा राज्य के बाहर का गन्ना क्रय नहीं हो, इस हेतु सख्त निगरानी की जाय। इस प्रकार की गतिविधि में शामिल किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी गन्ना किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे मिश्रित प्रभेद का गन्ना आपूर्ति में न दें, क्योंकि इससे गुणवत्ता प्रभावित होती है और भुगतान संबंधी कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) बेतिया एवं बगहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा/रामनगर/ नरकटियागंज, जिला परिवहन पदाधिकारी, ईख पदाधिकारी, बेतिया अंचल, रेमन्त झा, ईख पदाधिकारी, रामनगर अंचल, श्रीराम सिंह, सहायक निदेशक, ईख विकास, बगहा, अरविन्द कुमार, सहायक निदेशक, ईख विकास, बेतिया, राम ईश्वर प्रसाद, निरीक्षक, माप-तौल अजय कुमार एवं हरिकिशोर द्विवेदी, चीनी मिल प्रतिनिधि बी एन त्रिपाठी, के एस ढ़ाका, के पी सिंह, विनोद राठी, शैलेन्द्र कुमार एवं किसान प्रतिनिधि लालबाबू यादव, छोटे श्रीवास्तव, संजय कुमार, विद्याचरण शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अपराधियों ने डीआइजी के नाम से बनाया फेक फेसबुक आईडी

**फेक आईडी के मैसेंजर से मैसेज भेज लोगों को ठगने की कोशिश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर अपराधियों ने चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय के फोटो का इस्तेमाल कर फेसबुक पर फेक आईडी बनाया है। फेक आईडी के मैसेंजर से लोगों को मैसेज भेज पैसे की मांग की जा रही है। अपराधी लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। मामला संज्ञान में आते ही साइबर थाना के इंस्पेक्टर अंजेश कुमार ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। साइबर थाना के डीएसपी गौतम शरण ओमी ने बताया कि इंस्पेक्टर अंजेश कुमार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच हो रही है। दर्ज प्राथमिकी में इंस्पेक्टर अंजेश कुमार ने बताया है कि 12 नवंबर की दोपहर डीआईजी कार्यालय और इंटरनेट के माध्यम से पता चला कि डीआईजी हरकिशोर राय के तस्वीर का उपयोग कर अपराधियों ने आईपीएस हरी किशोर के नाम से फेसबुक पर फेक आईडी बनाया है। डीआईजी के नाम का उपयोग कर बनाए गए फेक फेसबुक आईडी के मैसेंजर से विभिन्न लोगों को मैसेज भेज पैसे की मांग की जा रही है। इतना ही नहीं अपराधी इस मैसेंजर से लोगों को प्रलोभन दे रहे हैं कि उनके मित्र स्थानांतरित सीआरपीएफ ऑफिसर सस्ते दामों में अच्छी क्वालिटी का फर्नीचर बेचना चाहते है।

## मैट्रिक एवं इंटर की उत्प्रेषण जांच परीक्षा शुरू, पहले दिन हिंदी, संस्कृत व भौतिकी की हुई परीक्षा

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के सभी 23 पंचायतों में अवस्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार से मैट्रिक व इंटरमिडिएट की उत्प्रेषण जांच (सेंटअप टेस्ट) परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। इस संबंध में पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक संचालित हुई। मैट्रिक की वार्षिक



परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले छात्र - छात्राओं की पहले दिन प्रथम पाली में मातृभाषा हिंदी व उर्दू तथा दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा संस्कृत एवं उर्दू भाषियों की हिंदी विषय की परीक्षा हुई। वहीं, इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों की प्रथम पाली में भौतिकी, दर्शनशास्त्र एवं एंटरप्रेन्योरशिप विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं लेखाशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इधर, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि बोर्ड के दिशा-निर्देश पर विद्यालय में परीक्षा संचालित की जा रही है। मैट्रिक की उत्प्रेषण जांच परीक्षा 22 नवम्बर एवं इंटरमीडिएट की 26 नवम्बर तक होगी। प्रतिदिन दो पालियों में अलग-अलग विषयों की परीक्षा होगी। मौके पर शिक्षक कामेश्वर प्रसाद सिंह, राघवेंद्र कुमार, यमुनाकांत मिश्रा, राजेश्वर प्रसाद, आर. के रवि, आदित्य राज, दिवाकर कुमार, जितेंद्र पंडित, खालिद हसमुल्लाह, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मंत्रिमंडल में शामिल होने की कवायद तेज

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूबे में नई सरकार के गठन की सरगर्मियों ने जिले की राजनीति को एक बार फिर गरमा दिया है। विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक गतिविधियों में भले ही थोड़ी सुस्ती आ गई थी, लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों ने माहौल को फिर से जीवंत कर दिया है। जिले के सात विधायकों में से किन-किन को मंत्री मंडल में स्थान मिल सकता है, इसे लेकर चचाओं का दौर लगातार तेज हो रहा है। सबसे अधिक चर्चा लौरिया से चौथी बार विधायक बने विनय बिहारी के नाम की है। उनके समर्थकों में इस बार उन्हें कैबिनेट में शामिल किए जाने की उम्मीदें काफी प्रबल हैं। स्थानीय स्तर पर भी इस मांग ने जोर पकड़ा है कि बार-बार जीत के बाद अब उन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। इसके साथ ही जिले की वरिष्ठ और छठी बार विधायक बनीं पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी का नाम भी चर्चा के केंद्र में है। पार्टी और जिले—दोनों स्तरों पर उन्हें अनुभव और संगठनात्मक मजबूती के आधार पर एक महत्वपूर्ण दावेदार माना जा रहा है। इसी क्रम में नौतन से विधायक नारायण प्रसाद की भी दावेदारी मजबूत बताई जा रही है। वे पूर्व में नीतीश कैबिनेट में मंत्री रह चुके हैं, इसलिए उनके अनुभव और प्रशासनिक समझ को देखते हुए एक बार फिर मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की चचाएं तेज हैं। दूसरी ओर पहली बार विधायक बने ब्राह्मण नेता संजय पाण्डेय भी संभावित नामों की सूची में शामिल हैं। भले ही वे नए चेहरे हों, लेकिन पार्टी संगठन में उनकी सक्रियता और मजबूत पकड़ को देखते हुए समर्थक मानते हैं कि यदि पार्टी नए लोगों पर विश्वास जताती है, तो संजय पाण्डेय को मंत्रिमंडल में मौका मिल सकता है। कुल मिलाकर, जिले में कांग्रेस-विहीन माहौल के बीच भाजपा और एनडीए खेमे के इन दावेदारों को लेकर राजनीतिक चचाएं अपने चरम पर हैं। सरकार गठन की अंतिम प्रक्रिया पूरी होने तक यह अनुमान लगाना कठिन है कि जिले से कितने चेहरे मंत्री मंडल में स्थान बना पाएंगे, लेकिन दावेदारों और समर्थकों में उत्सुकता और उम्मीदें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

## अमृत सरोवर पर बनकटवा पंचायत में खर्च किया गया 14 लाख से अधिक राशि, किनारे लगे पौधे सुख गया



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के बनकटवा बिचली पोखरा को अमृत सरोवर बनाने में सरकार को लाखों रू खर्च हो गया। अमृत सरोवर में जल अधिग्रहण का क्षेत्र बड़ा है लेकिन पोखर किनारे लगाए गए एक यूनिट पौधे सुख गया। यह योजना 2022-23का है। पोखरे के किनारे का निर्माण व पोखरे से मिट्टी निकलने में 14लाख 56 हजार चार सौ छिहत्तर रू की राशि खर्च किया गया। वही मैटेरियल पर 34684 रू खर्च होना बताया गया है। जबकि प्राकललित राशि 1731363.73 रू है। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर में इस समय काफी पानी है लेकिन सरोवर के चारों किनारे लगाए गए पौधे सरोवर की शोभा में चार चांद लगा देतोसरकार की योजना थी की पोखरे को चारों बगल पतला रास्ता और उद्यान होता जहाँ ग्रामीण स्वच्छ पर्यावरण के लिए अमृत सरोवर पर सुबह शाम टहलने जाते। पोखरे में पानी ज्यादा होने से भू जल स्तर भी ऊपर उठ रहा है वही मछली पालक भी पोखरे से साल में लाखों रू कमाते है`प्रभारी पीओ प्रवीण मिश्रा ने कहा पोखरे के चारों तरफ एक यूनिट पौधे लगाए गए है।

## 120 बोतल कस्तूरी शराब के साथ बाइक जब्त, तस्कर फरार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)** /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जीतना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नेपाल निर्मित कस्तुरी शराब बरामद किया है। वहीं शराब तस्कर भागने में सफल हो गया। बता दें कि स्थानीय पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक शराब तस्कर नेपाल से बाइक पर शराब लेकर बिहार में सप्लाई करने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस संभावित रास्तों पर वाहन जांच करना शुरू कर दिया। इस बीच जीतपुर गांव से दक्षिण जमुनी पुल के समीप बाइक पर पीछे बोरी लादे एक युवक आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया। बाइक सवार ने बाइक रोकने के साथ ही भगाना शुरू कर दिया, जिसका पीछा स्थानीय पुलिस ने काफी दूर तक किया। लेकिन गांव का फायदा उठाकर वह भागने में सफल हो गया। जिसे पुलिस ने बाइक पर लदी बोरी की तलाशी ली, जिसमें से नेपाल निर्मित 120 बोतल कस्तूरी शराब,जिसकी कुल मात्रा 36 लीटर है, बरामद किया गया। पुलिस द्वारा शराब के साथ बाइक को जब्त कर थाने में लाया गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि जब्त हीरो स्पलेंडर बाइक के नंबर एवं अज्ञात तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर पुलिस केंद्र में कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। चम्पारण क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरकिशोर राय तथा वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने शहीद पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को नमन किया। इस दौरान उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और सलामी दी। डीआईजी ने कहा कि पुलिस बल के बलिदानियों ने अपने कर्तव्य निर्वहन में सर्वोच्च बलिदान देकर समाज की सुरक्षा और देश की एकता को मजबूत किया है। उनके समर्पण और साहस से ही पुलिस सेवा का गौरव कायम है। नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए।' वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने कहा कि पुलिस संस्मरण दिवस न केवल श्रद्धांजलि का अवसर है, बल्कि यह पुलिस कर्मियों के त्याग, अनुशासन और बलिदान को याद करने का दिन भी है। उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी को यह स्मरण रहना चाहिए कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्यालय डीएसपी अर्चना कुमारी, रक्षित डीएसपी देवानंद राउत, ट्राफिक डीएसपी अतनु दत्ता सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे।

## शिकारगंज पुलिस ने पांच पियक्कड़ों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज थाना की पुलिस ने बुधवार को विशेष सर्च अभियान के दौरान पांच पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि शराब सेवन के आरोप में थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पांच पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा गांव निवासी सुबोध प्रसाद यादव के पुत्र अभिनंदन कुमार, देवानंद प्रसाद यादव के पुत्र कौशल कुमार, बच्चा लाल राय के पुत्र गांधी यादव, हरिहरा गांव निवासी शंभू पासवान के पुत्र भूषण



पासवान एवं पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के हरनाथपुर गांव निवासी स्वर्गीय प्रेम शंकर प्रसाद के पुत्र उपेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सुरक्षित मातृत्व का नया मानक गढ़ाः दो लाख से अधिक एएनसी जांच, 13,700 हाई-रिस्क केस मिले

**छपरा (सारण)नबिटा ब्यूरो ।** सुरक्षित मातृत्व किसी भी समाज के स्वास्थ्य सूचकांक का महत्वपूर्ण आधार होता है। गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर होने वाली प्रसव पूर्व जांच न सिर्फ मां और शिशु के स्वास्थ्य की निगरानी करती है, बल्कि संभावित जोखिमों की पहचान कर जटिलताओं को रोकने में भी अहम भूमिका निभाती है। सारण जिले में मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक लगातार अभियान चलाया गया, जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है।

**66 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं का चार बार प्रसव पूर्व जांच**

जिले में इन सात महीनों के भीतर 66,689



गर्भवती महिलाओं की चार बार या उससे अधिक प्रसव पूर्व जांच की गई। यह लक्ष्य का 94 प्रतिशत है, जो सारण के स्वास्थ्य तंत्र की सक्रियता को दर्शाता है। सबसे अधिक लाभ छपरा सदर अस्पताल और शहरी क्षेत्रों में देखने को मिला, जहां 5,388 गर्भवती महिलाओं का चार बार एएनसी किया गया।

**74 हजार से अधिक का पूर्ण एएनसी, सदर अस्पताल सबसे आगेः**

पूर्ण एएनसी यानी गर्भावस्था में निर्धारित सभी जांच के दायरे में कुल 74,716 महिलाओं को शामिल किया गया। केवल सदर अस्पताल में ही 10,314 गर्भवती महिलाओं की पूर्ण एएनसी जांच की गई, जो जिले में सर्वाधिक है।

**प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 2 लाख से अधिक जांचः**

जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भी लगातार प्रभावी रहा। अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच 2,11,184 गर्भवती महिलाओं की जांच पीएमएसएमए के तहत की गई। यह अभियान गर्भवती महिलाओं को माह की नवीन 9 तारीख के दिन मुफ्त विशेषज्ञ जांच की सुविधा उपलब्ध कराता है। जांच में 13,700 महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान हुई, जिससे उनके लिए समय पर उपचार और विशेष चिकित्सकीय निगरानी सुनिश्चित की गई।

**प्रसव पूर्व जांच क्यों है जरूरी?**

गर्भावस्था के दौरान मां और भ्रूण के स्वास्थ्य की सतत निगरानी। एनीमिया, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर समस्याओं की समय पर पहचान। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का प्रारंभिक पता लगना। प्रसव के समय होने वाली जटिलताओं की रोकथाम। सुरक्षित प्रसव और स्वस्थ शिशु की संभावना बढ़ती है।

**स्वास्थ्य विभाग का फोकस- सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ भविष्य**

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं तक नियमित जांच, सलाह और उपचार पहुंचाने के लिए कई स्तरों पर काम कर रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपस्वास्थ्य केंद्र, आशा और एएनएम के संयुक्त प्रयासों से अधिकांश गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ रही हैं।

# किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है बेटियां : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। विश्व बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला अवस्थित 9 विद्यालयों की कुल 95 छात्राओं के साथ जहानाबाद की जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता मे समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन मे एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने भविष्य, करियर लक्ष्यों तथा देश के विकास में अपनी संभावित भूमिका के बारे में जिला पदाधिकारी को अवगत कराया। संवाद के क्रम में एक छात्रा ने प्रश्न किया कि "समाज में बेटे की तुलना में बेटी को कम महत्व क्यों दिया जाता है?" इस पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, और उन्हें समान अवसर, शिक्षा एवं सम्मान प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिला पदाधिकारी ने छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, डिजिटल दक्षता एवं कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि बेटियां आज का वर्तमान और देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। जिला पदाधिकारी ने बालिकाओं को बताया कि आप अपने लक्ष्य के प्राप्ति हेतु सकारात्मक विचारों का हाथ थामे रहें। उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने घर, परिवार एवं समाज मे आगे बढने के लिए कई विषम परिस्थितियों का सामना करना होगा, इससे आप डट कर लडियेगा और आपने जीवन को नये आयाम दिजिए। उन्होंने यह भी बताया कि आज हम सभी महिलाओं को इस मुकाम को हासिल करने मे काफी मशकत करनी पड़ी है। उन्होंने बताया कि आप सभी पढ़ लिख कर एक मुकाम हासिल करे और अपने पैरों पर खडे हो ताकि आपने विचार को पूरे स्वाभिमान के साथ एक नये




समाज का निर्माण कर सके। उन्होंने बालिकाओं को बताया कि किसी भी छात्रा को विद्यालय जाने के क्रम मे अगर कोई असामाजिक तत्व परेशान कर रहा है, तो उससे डरे नहीं बल्कि व्यक्ति का पहचान करें, जो भी चौक चौराहे, गली कुची मे रहता है उस स्थान को चिन्हित कर आपने घर आने के बाद 112 नंबर डायल करे तथा जहानाबाद जिले के आधिकारिक वेबसाइट पर हमारे साथ साथ अन्य पदाधिकारियों का भी नंबर उपलब्ध है, उसपर अपना कम्प्लेन दर्ज करें आपकी गोपनीयता बनी रहेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने बालिकाओं के जनसंख्या कम होने पर प्रकाश डाला और बालिकाओं से अपील किया कि आप अपने गांव घर के आस पास अवैध अल्ट्रासाउंड जहां लिंग का परिक्षण किया जा रहा हो अथवा अवैध रूप से गर्भपात किया जा रहा हो इसकी भी सूचना दे सकती है, इसका सूचना देने वाले की गोपनीयता बरकरार रहेगी। साथ ही आश्वासन दिलाया कि उनके सपने साकार करने मे जिला प्रशासन हर संभव प्रयास करता रहा है और करता रहेगा।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी छात्राओं को भारत के पूर्व दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आत्मकथा 'अग्नि की उड़ान' पुस्तक एवं मिल्टन का थर्मस वितरित किया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आई सी डी एस), सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (जहानाबाद ग्रामीण एवं मोदनगंज), महिला पर्यवेक्षिका, जेंडर स्पेशलिस्ट , प्रखंड समन्वयक एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# एस.एस. कॉलेज में 'क्षमता वर्धन कार्यक्रम' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय के आइक्यूएसी प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उन्नति फाउंडेशन, बेंगलुरु द्वारा "क्षमता वर्धन कार्यक्रम" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आइक्यूएसी समन्वयक सह वित्तेक्षक डॉ. विनोद कुमार राय ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कमल कुमार ने कहा कि महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि युवाओं के कौशल विकास हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि "क्षमता संवर्धन" केवल प्रशिक्षण का नाम नहीं, बल्कि युवाओं की आंतरिक क्षमता, प्रतिभा और कौशल को निखारने का एक समर्पित प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल औपचारिक शिक्षा पर्याप्त नहीं है; बाज़ार आधारित कौशल, नवीन तकनीक तथा व्यावहारिक ज्ञान आज के समय की प्रमुख आवश्यकता है। यह कार्यक्रम छात्रों को इन्हीं आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्नति फाउंडेशन की बिहार हेड पूजा कुमारी ने कहा




कि यह ज्ञानवर्धक कार्यक्रम युवाओं को कौशल-सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा तथा सरकार के 'स्किल इंडिया मिशन' को गति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्किल डेवलपमेंट, सर्टिफिकेट कार्यक्रमों के साथ-साथ उनके संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। पूजा कुमारी ने यह भी उल्लेख किया कि उनकी संस्था को इंफोसिस ऑर्गेनाइजेशन का सहयोग प्राप्त है।उन्नति फाउंडेशन के प्रशिक्षकों तथा महाविद्यालय की आयोजन टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जनता दरबार आयोजित कर प्रभारी डीएम ने की 11 मामलो की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जनता दरबार में आज प्रभारी जिलाधिकारी दीपक मिश्रा ने कुल 11 आवेदकों की शिकायतें सुनीं और मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध निर्माण, मनरेगा कार्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों पर अधिकतर शिकायतें सामने आईं। एक आवेदक ने बताया कि सार्वजनिक नाले पर अवैध रूप से मकान और दुकान का निर्माण किया जा रहा है। इस पर प्रभारी डीएम ने अंचलाधिकारी, हिलसा एवं कार्यपालक पदाधिकारी, हिलसा को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत अंदी से आए आवेदक ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत चल रहे



कार्यों में ट्रैक्टर और जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। प्रभारी जिलाधिकारी ने इस मामले में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं कार्यपालक अभियंता (मनरेगा), नालंदा को जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया, प्राप्त आवेदक में अपनी वृद्धा पेंशन राशि नहीं मिलने और साइबर अपराध के तहत बैंक खाते से पैसे निकल जाने की समस्या रखी। इस पर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा एसडीपीओ सदर-2, बिहारशरीफ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रभारी जिलाधिकारी ने अन्य आवेदकों की समस्याएँ भी सुनीं और सभी प्रकरणों के निष्पादन के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध गति से कार्य करने का निर्देश दिया।

# यह जीत क्षेत्र के तमाम जनता और मतदाताओं की है : अमरेन्द्र कुशवाहा

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा बाजार के महावीरा पैलेश के परिसर में गोह विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अमरेन्द्र कुमार का इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महागठबंधन के सभी अध्यक्षीय मंडल ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार ने किया। अभिनंदन समारोह में इंडिया महागठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा को अंगवस्त्र व माला, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने अभिनंदन समारोह में शामिल इंडिया महागठबंधन के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं के बीच कहा यह जीत गोह - हसपुरा क्षेत्र के तमाम जनता व मतदाताओं की जीत है। हम उनके कार्यों सहित क्षेत्र में विकास को आगे बढ़ाने में मेरी पहली प्राथमिकता होगी। विधायक अमरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने हसपुरा अभिनंदन समारोह में आने के क्रम में पचरूखिया स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद व हसपुरा बाजार स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा पर मालार्पण के साथ शीश




नमन किया। अभिनंदन करते कार्यकर्ताओं ने कहा क्षेत्र को सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हसपुरा बाजार में बाइपास का निर्माण कराना मेरा प्राथमिकता होगा। सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह, राजद नेत्री सोनम कुशवाहा, रामाश्रय प्रसाद सिंह, मो इरफान खां,संजय यादव, सतेन्द्र यादव, कामाख्या नारायण सिंह, भोला कुरैशी, लोरिक यादव, रविंद्र यादव, मिथलेश सिंह, रंजीत यादव, राजू कुमार यादव,अशोक सिंह, कृष्णा भारती, दिनेश राम, नरेश सिंह, मानदीप चौधरी,राजू यादव, ई सूरज यादव, के अलावा दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास का अपेक्षा रखा।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाजार के मुख्य मार्ग पर अचानक एक बाइक चालक ने युवक को ठोकर मार दिया, जिसकी चपेट में मखदुमपुर बाजार निवासी सनी तनवीर आ गया। ठोकर इतनी तेज थी कि सनी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बिना कोई देरी किए घायल युवक को उठाया और पास के रेफरल अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार में पाया कि युवक के सर में गहरी चोट लगी है, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट के निशान हैं रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया।

## आपसी विवाद में मारपीट

**औरंगाबाद**। शहर के वार्ड नंबर 32 स्थित रामडीहा टाउन स्कूल के समीप आपसी विवाद को लेकर दो पाटीदारों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक व्यक्ति जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति की पहचान उस मुहल्ला निवासी कुलदीप चौधरी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी कुलदीप चौधरी ने बताया कि उसका अपने ही पाटीदार से किसी बात को लेकर विवाद चलता है। 10 दिन पहले भी पाटीदार से झगड़ा हुआ था। बगल में ही एक पड़ोसी की मौत हो गई थी तो दाह संस्कार कराने के लिए उसके साथ चला गया था। दाह संस्कार करा कर वापस घर लौटा तो पाटीदारों ने बेवजह मारपीट की। जानकारी मिली कि इस मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं, लेकिन उन लोगों से संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका। घटना के बाद जख्मी कुलदीप चौधरी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया, फिलहाल घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दे दी गई है।

# हसपुरा में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की तैयारी

**नबिटा संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा के सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल कामख्या नारायण के अध्यक्षता में आगामी फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रात्रि पट रक्त संग्रह को सफल संचालन के लिए प्रखंड समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित पदाधिकारी और जन प्रतिनिधि का स्वागत से किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया की फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रात्रि रक्त संग्रह इसलिए किया जाता है क्योंकि फाइलेरिया के परजीवी,



माइक्रोफाइलेरिया रात में अधिक सक्रिय होते हैं। इस अभियान में, स्वास्थ्य कर्मी रात के दौरान लोगों के रक्त के नमूने एकत्र करते हैं ताकि संक्रमित व्यक्तियों की पहचान की जा सके और उन्हें उचित उपचार प्रदान किया जा सके। यह अभियान फाइलेरिया के प्रसार को रोकने और इसे खत्म करने में मदद करता है। जिसमें अताउल्लाह खान कार्य क्रम पदाधिकारी, संचारी रोग पिरामल के कार्यक्रम पदाधिकारी अताउल्लाह खान ने कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा की 24 नवंबर से रक्त संग्रह शुरू होगा उसके बाद 10 फरवरी 2026 से दवा वितरण किया जाएगा। फाइलेरिया का पता लगाने के लिए रात्रि रक्त पट संग्रह का सर्वे इटावा और टाल गांव से शुरू किया जाएगा। जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष का खून का नमूना ले कर फाइलेरिया रोग का पता लगाया जाता है। कार्यक्रम के तहत इटवा गांव से 300 और टाल गांव से 300 लोगो का सैंपल लिया जाएगा। कुल 600 रक्त के नमूने संग्रह करने का लक्ष्य है। इस सर्वे से हम पता लगा सकते है कि फाइलेरिया रोग का प्रसार दर कितना है। अभियान को सफल बनाने में जनप्रतिनिधि का अहम योगदान होता है उनसे आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक लोगों को जॉच करवाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा टाल और इटावा के सेविकाओं को प्रचार प्रसार करने के लिए आदेशित किया गया है। जीविका के प्रबंधक के द्वारा समूह के दीदियों को भी अधिक से अधिक अपना और घर के सारे सदस्यों का भी जांच

# नगर निगम चलाएगा 'अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ' अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर आयुक्त के निर्देश पर बिहारशरीफ नगर निगम ने शहर में व्यापक स्तर पर "अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ" अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के अंतर्गत शहर में किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमणों को हटाया जाएगा तथा संबंधित व्यक्तियों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अभियान के दायरे में निम्न प्रकार के अतिक्रमण शामिल होंगे। जिसमें मकान/भवन की निकली हुई पहुँच या अतिक्रमण,नाला, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों पर किया गया हर प्रकार का अतिक्रमण नगर निगम स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जिसमें आवश्यक संख्या में कर्मी, पदाधिकारी और उपकरण मौजूद रहेंगे। टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ दंड राशि की वसूली करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

## पति के लापता होने पर प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के बाबूगंज स्थित शिक्षक कॉलोनी में सुशीला देवी ने अपने पति भारत कुमार गुप्ता के लापता होने पर रफीगंज थाने में आवेदन देते हुए यह उल्लेख की की मेरे दो बच्चे हैं, एक लड़की व एक लड़का है। जो मेरे पति बुधवार से बिना बताए हुए घर से कहीं चले गए हैं काफी खोज किया गया। पता नहीं चला, जिसमें मेरे बाल बच्चे भुखमरी के कगार पर हैं, कमाने वाला घर में कोई नहीं है, थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/712, दिनांक 18.11.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3508, कार्य का नाम** : हावड़ा ऑर्थोपेडिक अस्पताल के इनडोर ब्लॉक और इमरजेंसी ब्लॉक में दो पैसेंजर-सह-बेड लिफ्ट (प्रस्तुतकारक -"थाइस्सेनक्रप एलिवेटर) का 60 महीने के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य** : रु. 21,66,055/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि)**: रु. 43,300/- **पूर्णता अवधिः** 60 माह। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 10.12.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-404/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**
**पं०दी०द०उपा० मंडल**

**ई-निविदा सूचना सं० एस०जी०/डी०एस०ई०/टी०/ओ०टी०/05/25**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है। **कार्य का नाम एवं स्थानः** एनुवल मेंटिनेन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ ओएफसी (मेन एण्ड स्टैण्डवाई) इन मानपुर-डीडीयू सेक्शन ऑफ डीडीयू डिवीजन फॉर 03 वर्ष। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रू० 2,51,00,733.33/- (दो करोड़ एकावन लाख सात सौ तैंतीस रूपये एवं तैंतीस पैसे मात्र)। **धरोहर राशिः** रू० 2,75,500/- (दो लाख पचहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 09.12.2025 को 12.30 तक। **बेव साईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०
पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०

पीआर/1296/डीडीयू/टी/मं.सं. एवं दू.सं.अभि./25-26/32

# किराना दुकान व घर में लगी आग का खुलासा जल्द

**नबिटा संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के डाक बंगला के पास कुछ दिन पूर्व लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहला दिया था। एक किराना दुकान समेत आवासीय घर को आग के हवाले कर दिया गया था, जिससे करीब 50 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ था। घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी और लोग भयभीत थे कि आखिर इस आगजनी के पीछे कौन-सी साजिश छिपी है। इसी कांड के उद्भेदन के लिए गयाजी एफएसएल टीम मंगलवार को दोपहर घटना स्थल पर पहुंची। टीम ने पूरे क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण कर तकनीकी तरीके से साक्ष्य संकलित किया। साइंटिस्ट मनोज कुमार के नेतृत्व में एफएसएल टीम ने दुकान और घर के जले हुए हिस्सों से नमूने एकत्र किए, जिनकी वैज्ञानिक जांच से आग लगने के असली कारण का खुलासा होने की उम्मीद है। जांच के दौरान एसआई कुशो कुमार और एएसआई बबनजीत कुमार भी मौके पर मौजूद रहे और एफएसएल टीम को हर संभव सहयोग प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कई अहम संकेत मिले हैं, जिनके आधार पर जल्द ही पूरा मामला उजागर कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों में एफएसएल टीम की कार्रवाई को लेकर उत्सुकता है। सभी को उम्मीद है कि वैज्ञानिक जांच से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी। इस आगजनी कांड के पीछे की वास्तविक वजह क्या थी, इसका जवाब अब ज्यादा दूर नहीं।

# मारपीट की घटना में चली गोली, युवक घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता** । जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के कोहरा और बसराज़ बिगहा गांव के लोगों के बीच हुए मारपीट की घटना में एक युवक को गोली लगी है। घायल युवक कोहरा गांव निवासी अनिल दास का पुत्र 14 वर्षीय सन्नी कुमार बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कोहरा और बसराज बिगहा गांव के लोगों के बीच काफी लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। वही बुधवार के दिन एनएच- 22 किनारे बालापर कोहरा गांव के लोग ताड़ी बेच रहे थे। तभी बसराज़ बिगहा के कुछ युवक गए और इस बीच दोनों पक्षों में कहा सुनी होने लगी, जिसमे बाद ताडी बेच रहे व्यक्ति के साथ लड़ाई की नौबत आ गई जिसकी सूचना कोहरा गांव के लोगो को मिली की उनके गांव के व्यक्ति को बसराज़ बिगहा के लोग मारपीट कर रहे हैं। जब गांव के लोग बालापर दौड़े तो दूसरे तरफ से गोली चलाने की बात कही जा रही हैं। इस बीच गोली सन्नी कुमार को लग गई। इस मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि दो गांव में हो रहे विवाद में गोली चलने की बात सामने आई है। जिसमें एक युवक घायल हो गया है। उन्होंने बताया कि घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पूरे मामले को लेकर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। जल्द गोली चलाने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली जाएगी और उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं घटना की सूचना पाकर जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा गांव में पहुंचकर पूरे मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ऑनलाईन ई-निविदा (खुली)**

**निविदा आमंत्रित सूचना संख्याः ईएल/50/दानापुर/खुली/36/2025-26**

**दानापुर।** मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए रेलवे संरचनाओं के स्थानांतरण हेतु आवश्यक विद्युत वायरिंग, प्रकाश व्यवस्था और अन्य विद्युत परिसंपत्तियों का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रू. 1,58,03,433.00/- **अग्रधन राशिः** रू. 2,29,000/- **निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 18.12.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। **उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः** क्रिस वेबसाइट http://www.ireps.gov.in वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोटः-** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरुरी हो तो शुद्धि-पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/1299/डीएनआर/टी/मं.रे.प्र.(वित्र/सा.)/25-26/44

# किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ की राशि का पीएम ने किया अंतरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)**। केविके औरंगाबाद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (21वीं किस्त) कार्यक्रम का सफल आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, औरंगाबाद (बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर) में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 21वीं किस्त के लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों के खातों में 18,000 करोड़ की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की। साथ ही दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती सम्मेलन 2025 का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केवीके औरंगाबाद के सभी वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बड़ी संख्या में किसानों




ने भी उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को देखा और प्रधानमंत्री के संदेशों तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान केविके वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं। पंकज कुमार सिन्हा ने रबी फसलों की वैज्ञानिक खेती, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा उर्वरक प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. प्रतिभा कुमारी ने फसल अवशेष प्रबंधन के महत्त्व पर प्रकाश डाला और खेतों में पराली प्रबंधन की बेहतर तकनीकों को बताया। डॉ. विनय कुमार मंडल ने प्राकृतिक खेती के लाभ एवं इसके बढ़ते महत्त्व पर किसानों को जागरूक किया। डॉ. अशुतोष कुमार ने बेहतर उत्पादन हेतु उन्नत किस्मों के उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया और किसानों को गेहूं की नई जारी किस्मों के बारे में विस्तार से बताया, जो वर्तमान रबी मौसम में खेती के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर केविके वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें वैज्ञानिक सलाह प्रदान की। कार्यक्रम का समापन किसानों के बीच तकनीकी चर्चा और जागरूकता सत्र के साथ हुआ।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः ओ/एसी/टी/115/25-26 (खुली), दिनांक** 17.11.2025, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या** : ओ-एसी-टी-115-25-26, **कार्य का नामः** एईएन/मधुपुर के अधीन एसएसई/पी (वे)/विद्यासागर की शाखा में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य** : रु. 75,23,604.16, **बयाना राशि** : रु. 1,50,500/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 15.12.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-248/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# धूमधाम से मनी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

## शिवाजीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई पूर्व पीएम की 108वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उनकी जीवनी, उनके संघर्षों और देशहित में किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी न सिर्फ भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री थीं, बल्कि वह मजबूत नेतृत्व, निर्णायक निर्णय क्षमता और देशहित को सर्वोपरि रखने वाली विश्वस्तरीय नेता थीं प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी की विचारधारा आज भी देश



के हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इंदिरा गांधी के दिखाए मार्ग पर चलकर उनकी नीतियों और विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी और प्रखंड महासचिव बाबू साहेब कुमार ने भी इंदिरा गांधी के योगदानों का स्मरण करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व भारतीय राजनीति में हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा मौके पर युवा साथी राधाकांत राय, ललन कुमार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनी

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सहलोरी में स्थित ज्योति परिसर में लगे देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा किभारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती हर वर्ष 19 नवंबर को मनाई जाती है। यह वह तारीख है जब भारत का राजनीति इतिहास, सामाजिक परिवर्तन और महिला नेतृत्व की शक्ति को याद किया जाता है। इंदिरा गांधी केवल देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नहीं थीं, बल्कि वह एक ऐसा व्यक्तित्व थीं जिसने सत्ता को जिम्मेदारी, दृढ़ता और दूरदर्शिता के साथ परिभाषित किया। उनके फैसले कठोर थे उनका नेतृत्व अडिग था और उनकी सोच समय से आगे चलती थी। यही कारण है कि उन्हें आयरन लेडी ऑफ इंडिया कहा गया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूती से संभाला। इस वर्ष इंदिरा गांधी की जयंती के मौके पर उनके अनमोल विचारों को अपनाकर आत्मविश्वास, साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति को मजबूत बनाएं। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद व अतिपिछड़ा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय, मंडल अध्यक्ष मो युनीश, पूर्व मुखिया रामाशीष सहनी, कांग्रेस नेता अजय सिंह, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष उमेश दास, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष निखिल राज, मंडल अध्यक्ष इन्द्रदेव राय, गणेश दास,अरूण महतो, पैक्स अध्यक्ष यदुनंदन राय, मनोज पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सामूहिक अन्नप्राशन बना जनआंदोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कुपोषण के खिलाफ जंग में सामुदायिक भागीदारी को हथियार बनाते हुए, भगवानपुर प्रखंड की लखनपुर पंचायत ने एक अभिनव पहल की है। सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा एक सामान्य सरकारी कार्यक्रम अन्नप्राशन दिवस को भव्य अन्नप्राशन उत्सव का रूप दिया गया। जिसने पुरूषों समेत पूरे समुदाय को पोषण के इस महत्वपूर्ण पड़ाव से जोड़ा। आईसीडीएस पिरामल फाउंडेशन के सहयोग और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से आयोजित यह उत्सव कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। ऊपरी आहार की शुरूआत, उत्सव का माहौल इस मौके पर छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों को खीर और दलिया जैसे पौष्टिक 'ऊपरी आहार' (पूरक पोषाहार) खिलाकर अन्नप्राशन की रस्म पूरी की गई। रंगोली से सजे आंगनबाड़ी केंद्रों पर दाल, चावल, हरी सब्जियां, फल और अंडे की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसने पूरक आहार की संपूर्ण थाली का महत्व समझाया। डीपीओ आईसीडीएस रश्मि कुमारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा हमारा उद्देश्य स्पष्ट है। छह माह तक केवल स्तनपान के बाद, बच्चों को अगले डेढ़ साल तक माँ के दूध के साथ संतुलित ऊपरी आहार देना। पिरामल फाउंडेशन प्रतिनिधि दीपक मिश्रा ने बताया कि उत्सव का मुख्य विचार था कि ऊपरी आहार के महत्व को सिर्फ आंगनबाड़ी केंद्र तक सीमित न रखा जाए, बल्कि यह पूरे पंचायत का सामूहिक प्रयास बन जाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी माताएं, पुरूष अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे जिन्होंने इस उत्सवपूर्ण माहौल की सराहना की और अपने बच्चों के बेहतर पोषण के लिए दृढ़ संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्राशन कार्यक्रम

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बुधवार को अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्रों की अभिभावक महिलाएं एवं धातृ माता अपने साथ छह माह से ऊपर एवं दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुईं। कुपोषण एवं शरीर के सर्वांगीण विकास के लिए छह माह के बाद बच्चों को ऊपरी आहार देने की आदत डालने के उद्देश्य से बच्चों का मुंह जुट्ठी कराया गया। केन्द्र पर अनाज और मौसमी सब्जी, साग, फूल एवं फलों का रंगोली एवं आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। अन्नप्राशन कार्यक्रम का एलएस ने अपने अपने सेक्टर क्षेत्र के केंद्रों का अनुश्रवण किया। नावकोठी आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 43, विष्णुपुर के केंद्र संख्या 70 सहित अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रम में एलएस ने बताया कि बच्चों को छह माह तक सिर्फ मां का ही दूध देना चाहिए। छह महीने के बाद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऊपरी आहार आवश्यक है। माताओं को कटोरी के माप से आहार खिलाने के तरीके को बताया गया। मौके पर एल एस सहित सेविका पूनम कुमारी, काजल कुमारी, रोजी खातुन, कमरून निशा बेग, मीना कुमारी, शकीला बेगम, मधुरानी कुमारी, जीवछ कुमारी, पार्वती कुमारी, ममता कुमारी, निर्मला कुमारी, मंजू कुमारी, रंजू, प्रभा, शोभा आदि शामिल थीं।

# मुंगेर व सारण की टीम पहुंची फाइनल में, ट्राय ब्रेकर में मुंगेर ने भागलपुर को 3-1 से हराया

### पहला सेमीफाइनल मुंगेर बनाम भागलपुर तथा दूसरा सारण बनाम कोशी के बीच खेला गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** शहर के गाँधी स्टेडियम में जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल फुटबल बालक-14 खेल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को आयोजन से पूर्व जिला खेल पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी सभी खिलाड़ियों एवं तकनीकी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात आज के खेल की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को ओलंपिक तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ बिहार सरकार के द्वारा हमेशा खेल प्रतियोगिता का आयोजन पूरे बिहार राज्य में करवाया जाता है। आज केंद्र सरकार और बिहार सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। खेल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल से शारीरिक और मानसिक बल मिलता है। तथा समाज में एक जुटता का संदेश आता है। खेल के क्षेत्र में भी आज सुनहरा भविष्य है। खिलाड़ियों को नौकरियां मिल रही हैं। जिले में लगातार राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। शिक्षकों और अभिभावक को चाहिए ओ बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल खेलने को भी प्रेरित करें। बेगूसराय खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। खेल हमें जीवन में अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। पहला मैच सारण और पटना के बीच खेला गया जो कि एक-एक गोल की बराबरी पर रहा। दूसरा मैच भागलपुर बनाम पूर्णिया प्रमंडल के बीच खेला गया जो बराबरी पर रहा ᑭ दोनों ही टीमों ने एक भी गोल नहीं किया। बुधवार को पहले सेमी फाइनल मैच मुंगेर बनाम भागलपुर प्रमंडल के बीच खेला गया। जिसमे मुंगेर की टीम ने भागलपुर प्रमंडल को ट्राय ब्रेकर में 3-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लिया। दूसरे सेमी फाइनल मैच सारण बनाम कोशी प्रमंडल के बीच खेला गया। जिसमे सारण की टीम 2-0 से कोशी प्रमंडल को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनायीं। इस पूरे आयोजन में जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार, अरविंद कुमार, कन्हैया भारद्वाज, मणिकांत चिरंजीवी, राजेश रौशन, शशिकांत, दीपक कुमार दीप, अमित, बबलू, चंदन, राम पुनीत आदि सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अनुमंडलीय अस्पताल में सिजेरियन प्रसव प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** प्रखंड के मंझौल स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार से अपरेशन द्वारा प्रसव (सीजेरियन) की सुविधा आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गई है। जिले के इसी वर्ष उद्घाटित इस अस्पताल का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया था। अब तक इस क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को ऑपरेशन हेतु बेगूसराय जाना पड़ता था। लेकिन मंझौल अनुमंडल अस्पताल के शुरूहोने से आस पास के छह प्रखंडों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। यह इस अनुमंडल का पहला सरकारी स्वास्थ्य संस्थान है जहां ऑपरेशन द्वारा प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। आज अस्पताल में दो महिलाओं का सफलतापूर्वक ऑपरेशन द्वारा



प्रसव कराया गया। पहली महिला बखरी प्रखंड की निवासी थीं, जबकि दूसरी महिला मंझौल की स्थानीय निवासी थीं। दोनों जच्चा और बच्चा स्वस्थ हैं। इस शल्य प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुविधा सौरव, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. अमृत गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डा. प्रभात कुमार, तथा जिला से आए चिकित्सक डा. गोपाल मिश्रा, डा. राजू कुमार और डा. नीलकमल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. अभिनव प्रियदर्शी ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन सीजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध रहेगी ताकि किसी भी गर्भवती महिला को निजी अस्पताल का सहारा न लेना पड़े। अस्पताल में दवाइयों, भोजन और अन्य आवश्यक सेवाएँ पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल में यह सुविधा शुरू होना स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेगूसराय जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम है ऐतिहासिक जीत : मन्ना



**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार आए ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व परिणाम को लेकर आज भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना के अध्यक्षता मे जिला अतिथि गृह दरभंगा मे पार्टी पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक मे जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को दरभंगा जिला की सभी सीट पर मिली अभूतपूर्व जीत के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों, पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि दरभंगा सहित पूरे बिहार इस ऐतिहासिक जीत से विकास की नई गति मिलेगी। जिलाध्यक्ष प्रो. मन्ना ने विधानसभा चुनाव में दिन-रात एक कर मेहनत करने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों को भी हार्दिक धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता और समर्पण ही इस ऐतिहासिक सफलता की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह जनादेश संगठन की मजबूती और जनता के विश्वास का प्रतीक है। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सम्राट चौधरी जी को विधायक दल के नेता एवं विजय कुमार सिन्हा को विधायक दल के उप नेता के रूप में चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, जिला महामंत्री विजय चौधरी, सुजीत मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, विकास चौधरी, संगीता शाह, श्रवण कुमार मिश्रा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं मोर्चा के अध्यक्ष उपस्थित थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को दिखाई गई पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का प्रसारण

## वैज्ञानिकों के संबोधन से किसान हुए उत्साहित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** कृषि विज्ञान केंद्र अररिया में बुधवार को किसानों के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' की 21वीं किस्त का सीधा प्रसारण किया गया। बड़ी संख्या में लगभग 300 से ज्यादा किसान केंद्र पर एकत्र हुए और प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को संबोधन तथा राशि हस्तांतरण कार्यक्रम को उत्साह के साथ देखा।



कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, अररिया के बरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. विनोद कुमार डॉ. संजय कुमार, वैज्ञानिक (सिंचाई अनुसंधान), डॉ संजीत कुमार, वैज्ञानिक (पौध संरक्षण), सस्य बैज्ञानिक डॉ. राम नरेश, सुश्री सुमन कुमारी, वैज्ञानिक (उद्यान) सहित असिस्टेंट डायरेक्टर एग्रोनॉमी, अररिया श्री सौरभ कुमार तथा श्री आफताब आलम ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी विशेषज्ञों ने किसानों को संबोधित करते हुए कृषि में तकनीकी अपनाने, समेकित खेती, फसल विविधिकरण, सूक्ष्म सिंचाई, प्राकृतिक खेती और केंद्र द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने पीएम किसान योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक मजबूती, उत्पादन क्षमता व आत्मनिर्भरता बढ़ाने में ऐतिहासिक कदम है। विशेषज्ञों ने किसानों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और कृषि विज्ञान केंद्र से नियमित रूप से जुड़े रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों में हर्ष का माहौल देखा गया और उन्होंने सरकार तथा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रति आभार व्यक्त किया कृषि विज्ञान केंद्र, अररिया के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार किसानों के हित में प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और तकनीकी मार्गदर्शन जारी रहेगा, ताकि जिले के किसान अधिक उपज, अधिक लाभ और टिकाऊ कृषि व्यवस्था की ओर अग्रसर हो सकें।

# 15वीं एवं षष्ठम वित्त से संचालित योजना की दी गई जानकारी

### जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग हाल में जनप्रतिनिधियों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ राहुल रंजन ने की। सर्वप्रथम उपस्थित जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। पंचायत में पंद्रहवी वित्त योजना, षष्ठम वित्त योजना से संचालित योजना के अद्यतन स्थिति के संबंध में जानकारी ली। कबीर अंत्येष्टि योजना, कन्या विवाह, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशनकार्ड, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण संबंधित लंबित आवेदन की स्थिति की समीक्षा की। इसके उपरांत जनसरोकार से संबंधित

**कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने की कही गई बात**

कल्याणकारी योजनाओं के संचालन में पार्दशितापूर्ण गति लाने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, प्रवीण कुमार, लेखापाल संतोष कुमार, मुखिया राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, अजय सहनी, दिनेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, ई रंजीत कुमार पमपम, चंदन कुमार, रामनाथ सिंह उर्फ बुडुल सिंह आदि मौजूद थे।

# सेंटअप परीक्षा प्रारम्भ

**मंसूरचक (नबिटा संवाददाता)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट की सेंट-अप परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई है। यह परीक्षा वर्ष 2026 की वार्षिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य है। मंसूरचक प्रखंड के विभिन्न प्लस टू उच्च विद्यालयों और उत्क्रमित विद्यालयों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के पहले दिन मैट्रिक के विद्यार्थियों ने पहली पाली में हिंदी और दूसरी पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा दी। मैट्रिक की सेंट-अप परीक्षा शनिवार को समाप्त होगी।ᑭ लस टू उच्च विद्यालय मंसूरचक के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमाशंकर पंडित ने बताया कि यह परीक्षा बिहार बोर्ड के वार्षिक परीक्षा पैटर्न पर आधारित है। वहीं सोहिलवाड़ा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दसवीं में 85 और बारहवीं में 62 छात्र छात्राएं शामिल हुए हैं। वहीं मंसूरचक के छविलापुर, अहियापुर, नवटोल,नैपुर, गोविंदपुर एक,डीबीएम इंटर कालेज सभी जगहों पर परीक्षा आयोजित किया गया है।

# नावकोठी में काली मंदिर में वार्षिकोत्सव पूजा संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के बूढ़ी गंडक नदी तट पर अवस्थित प्रसिद्ध सिद्ध दात्री बटेश्वरी माता काली मंदिर के प्रांगण में वार्षिक पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस पूजा में भाग लेने आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसमें छतौना व नावकोठी के पुरोहितों ने सवा लाख पार्थिव महादेव का निर्माण किया। पंडित सुधीर पाठक की अगुवाई में पार्थिव महादेव का वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया। पंडित रतीश चंद्र पाठक, मनीष पाठक, सत्यनारायण पाठक, रंजीत पाठक श्री धर पाठक, रविश पाठक, बागीश चंद पाठक पाठक,धर्मेन्द्र पाठक, उमेश मिश्र सहित अन्य पुरोहित पार्थिव महादेव निर्माण करने में काफी सक्रिय थे। रामानुज सिंह, सनोज सिंह, दीपकं कुमार, आशीष कुमार, चुलबुल, टुन्नी सिंह आदि यजमान थे। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण स्वेच्छा से पूजा में लगने वाली राशि, अरबा चावल, दूध, अगरबत्ती, हवन सामग्री फूल आदि पूजा स्थल पर पहुंचाया। इसके लिए पूजा समिति घर घर जाकर चंदा नहीं मांगते है। पूजा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन कीर्तन पर श्रद्धालु झुमते रहे। पूजा समिति के अध्यक्ष सनोज कुमार कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार पाठक, कुमोद कुमार, तरूण कुमार, अरविंद झा, पंकज कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, दीपक कुमार सहित दर्जनाधिक ग्रामीणों का सक्रिय योगदान रहा।

# दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब तथागत बिहार शरीफ द्वारा रोटरी चिल्ड्रन के सहयोग से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सेंट जोसेफ स्कूल में किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। प्रोजेक्ट चेयर रो. सजना जोसेफ ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत नृत्य, गीत-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं जिनके माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। रो जोसेफ टी टी ने बताया की वर्ग 02 से लेकर वर्ग 09 तक के छात्र एवं छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम मे भाग लिया। रो. डॉ. अरविन्द कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, कला कौशल एवं भारतीय संस्कृति




से जुड़ाव को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के फाइनल चरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रो. डॉ. सुनील कुमार, रो. हर्षित जैन, रो. मंजू प्रकाश, रो. अनिल कुमार, रो. ई. अरविन्द कुमार, रो. डॉ. सुनीति सिन्हा एवं रो. विश्व प्रकाश द्वारा विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रोटरी तथागत इवनिंग क्लास के सभी बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था भी की गई, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और अधिक बढ़ा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत सदैव समाजहित एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में अग्रसर रहा है। क्लब सचिव रो. मधु कंचन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, टीम वर्क एवं अपनी प्रतिभा को पहचानने का अवसर प्रदान करते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में रोटरी तथागत के सदस्य एवं इंट्रैक्ट क्लब के सदस्य की उपस्थिति रही।

# मसौढ़ी के पकरी गांव में सौ गांजे का पेड़ जब्त

## आधा दर्जन से अधिक घरों में लगाए गए थे पेड़



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकरी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी को सत्यापन करते हुए तकरीबन आधा दर्जन घरों के आंगन में रोपे गए गांजा के पौधे को जप्त किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि पकरी गांव में कई घरों में गांजा के पौधे लगाए हुए हैं। ऐसे में छापेमारी करते हुए तकरीबन आधा दर्जन घरों में गांजे के पेड़ को काटा गया है और उसे जप्त किया गया है। उक्त सभी घर के लोगों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जा रही है कई जगहों पर लगातार यह सूचना मिल रही है कि लोग अपने घरों में बडे पैमाने पर आंगन में गांजा का पेड़ लगा रहे हैं कई लोग पीने के लिए तो कई लोग इसकी बिक्री करने के उद्देश्य गांजा का पेड़ लगा रहे हैं। समय-समय पर नशीली पदार्थ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# दो कमरों में चलता है उत्क्रमित मध्य विद्यालय औरंगपुर, भवन पूरी तरह से हो चुका जर्जर

## दहशत के साये में होता है पठन पाठन, विभाग उदासीन, 200 हैं छात्र छात्राएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पिछले कई वर्षों से जर्जर हो चुके स्कूल की बिल्डिंग में डर के साए में पठन-पाठन हो रही है यह तस्वीर धनरूआ प्रखंड के बारीबिगहा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय औरंगपुर की है, जो पिछले कई वर्षों से जर्जर भवन में संचालित हो रही है। इस विद्यालय में दो कमरे हैं और तकरीबन 200 से अधिक छात्र-छात्रा यहां पर पढ़ाई करते हैं और 10 शिक्षक शिक्षिका यहां पढ़ाती हैं। ऐसे में न केवल छात्र-छात्रा बल्कि शिक्षक भी डर के साए में पठन-पाठन करते हैं। छात्रों की माने तो रोज डर डर कर पढ़ते हैं, शिक्षकों की माने तो हम लोग यहां पढ़ाने आते हैं लेकिन डर का माहौल बना हुआ रहता है कि कब छत का प्लास्टर गिर जाए कई बार शिक्षकों के द्वारा लगातार जिला में यह पत्र लिखकर त्राहिमाम संदेश दिया गया कि बिल्डिंग पूरी तरह से धवस्त के कगार पर हैं, दो कमरों में से सिर्फ एक कमरे और बरामदा में ही पढ़ाई चल रही है जरा सोचिए दो कमरे में 200 बच्चों की पढ़ाई वो भी जर्जर हालत में वह भी 10 शिक्षक पढ़ाते होंगे तो कैसे शिक्षक पठन-पाठन करते होंगे और कैसे बच्चे पढ़ते होंगे, ऐसे में जर्जर स्कूल की बिल्डिंग को देखते हुए पिछले एक साल से कक्षा 5 से लेकर 8 तक को पकौड़ा स्थित विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है जो सुबह 11:00 से इसकी कक्षाएं चलती हैं।फिलहाल जर्जर बिल्डिंग में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई होती है और कक्षा 5 से कक्षा 8 तक की पढ़ाई किसी दूसरे स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया है। स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापक पल्लवी प्रिया ने कहा कि कई बार जिला में पत्र लिखा गया, एक दो बार इंजीनियर भी आए थे लेकिन कुछ हो नहीं पाया। वही स्कूल के बच्चे ममता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनुराग कुमार, संदीप कुमार गोलू कुमार आदि बच्चों ने भी कहा कि बहुत परेशानी हो रही है यहां दहशत मे पढाई चल रही है।



### देसी शराब के साथ सप्लायर धराया

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुनपुन पुलिस ने बिते शाम को पुनपुन थाना अंतर्गत मनोरा गुमटी रोड में एक 25 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। दरअसल युवक पॉलिथीन में शराब भरकर बेचने जा रहा था, गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम सागर कुमार है।

# कार्यकारिणी का कोरम अधूरा, 21 को होगी सुनवाई

## नगर परिषद भदौरा के पैक्स पर लगा ग्रहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढी के अंतर्गत आने वाला भदौरा फैक्स का चुनाव बीते 25 जुलाई 2025 को हुई वोटिंग के बाद काफी दिलचस्प नजारा देखने को मिला था, जहां पिछले 20 साल से पैक्स के अध्यक्ष के रूप में रहे नागेश्वर प्रसाद सिंह को लक्ष्मण पांडे ने 85 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। लेकिन चुनाव जीतने के बाद हुई कई बैठकों के बावजूद कोरम पूरा नहीं हुआ। नतिजन यह जीत की खुशी नवनिर्वाचित लक्ष्मण पांडे को रास नहीं आई। ऐसे में अब भदौरा पैक्स पर ग्रहण लग चुका है। नवनिर्वाचित सदस्यों के बीच कार्यकारीणी की बैठक आहूत की गई, जिसमें सबसे पहले 17.9.2025 को बैठक आहूत की गई, लेकिन कोरम पूरा नहीं हुआ। उसके बाद 24.9.2025 को बैठक बुलाई गई, लेकिन किसी कारणवश बैठक स्थगित कर दी गई है। उसके बाद 27.9.2025 को बैठक आहूत की गई। लेकिन कोरम पूरा नहीं हुआ अंत में 8.10.2025 को भी बैठक बुलाई गई लेकिन फिर भी कोरम पूरा नहीं हो सका। दरअसल इसके पीछे पूरी कहानी यह है कि जीते हुए 9 कार्यकारिणी सदस्यों में 6 कार्यकारिणी सदस्य हारे हुए प्रत्याशी नागेश्वर प्रसाद सिंह के गुट के जीत गए। वहीं मात्र तीन सदस्य नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष के समर्थन में रहे। विरोधी सदस्यों में आर्यन वर्मा, रामेश्वर रविदास, पर्मिला देवी, तेतरी देवी, तन्नू कुमारी और रंजीत पटेल आदि शामिल हैं। वही नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण पांडेय के गुट में जयराम शर्मा, फिरंगी राम और विनोद साव सदस्य रहे हैं। 11 सदस्य टीम में एक तरफ छह तो दूसरे तरफ तीन का समीकरण नहीं बैठ पाया है। नतीजन भदौरा पैक्स पर पूरी तरह से ग्रहण लग गया है। इस बार भी भदौरा पैक्स पर धान अधिप्राप्ति नहीं होगी। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी लाला राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि आगामी 21 अक्टूबर को जिला में संयुक्त निदेशक के यहां सुनवाई होनी है जहां पर इस्तीफा दिए हुए छह कार्यकारीणी सदस्यों को बुलाया गया है अगर वहां भी यही हालात बना तो संभवतः भदौरा पैक्स का चुनाव रद्द होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी। बताया जाता है की छह नवनिर्वाचित सदस्यों ने लोगों ने अवर निबंधक को शपथ पत्र लगाते हुए अपना इस्तीफा पत्र सौंप दिया था। रजिस्ट्री के माध्यम से अध्यक्ष को भी भेजा उसके बाद जिला मे संयुक्त निदेशक को भी इस्तीफा पत्र सौपा था जिसकी सुनवाई 21 को होनी है।

# मसौढ़ी के नहवां में दो बीघे की धान फसल में लगी आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** दिन रात खून पसीने की मेहनत कर धरती का सीना चीर कर फसल उगाने वाले किसान का मेहनत पर पानी फिर गया है। मामला मसौढी थाना क्षेत्र के नहवां गांव की है। जहां बीते रात को तकरीबन दो बीघा की रखी हुई धान की फसल में अचानक आग लग गई, जिसे देख आसपास के लोग ने हल्ला मचाया, जहां पर आग बुझाते बुझाते पूरी तरह से धान की फसल जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान कामता पासवान उर्फ गुरुचरण (54) पिता स्वर्गीय रामबालक पासवान ने बताया कि किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों की करतूत है। क्योंकि हमारा खेत गांव से थोड़ी सी दूरी पर है जहां पर कोई अन्य आदमी जा नहीं सकता है।कहीं न कहीं कोई साजिश के तहत है हमारे खेत की फसल को आग लगा दिया है। बिते 09.11.2025 को धान की फसल काट कर खेत मे रखे थे। दो बीघा में तकरीबन 2400 किलो धान होगी इसकी कीमत तकरीबन 70 हजार रुपए बताई जा रही है। नुकसान के बाद पिडित किसान परेशान है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। इस पूरे मामले में पीड़ित किसान ने थाने में लिखित सूचना दी है। हलांकि इस घटना के बाद आसपास के सभी किसान अलर्ट मोड में आ गए हैं।

### संपत्ति विवाद में बीच सड़क पर बेटे ने पिता को पीटा

**मसौढ़ी।** संपत्ति विवाद में एक बेटे ने अपने पिता को बीच सड़क पर ही पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी है। मामला मसौढ़ी बाजार की है जहां पर एक बेटे ने अपने पिता को बाजार में ही पड़कर झगडा झंझट करने लगा। दरअसल बताया जाता है कि मेगनी बिगहा गांव के निवासी सेवानिवृत रामाशीष प्रसाद के पांच बेटे हैं, जिसमें तीन बेटे हैं और दो बेटे से जमीन और संपत्ति बंटवारे की कुछ विवाद चल रहा है, फिलहाल रामाशीष प्रसाद दमडीचक बिजली पावर हाउस के पास रहते है। ऐसे में मसौढी बाजार में अपने पिता को देखा वहीं पर पकड़ लिया और हो झगड झंझट करने लगा, स्थानीय लोगों की माने तो बेटे ने पिता को पिटा भी है। बहरहाल उसी वक्त गुजर रहे कादिरगंज थाने की पुलिस ने मौके की नजाकत को देखते हुए स्थिति को संभाला और उन सबों को गाड़ी पर बिठाकर मसौढी थाने पहुंचा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और मामले की तह तक में पहुंचने की कोशिश में लगी है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी में खाली पड़े तीन आशा फैसिलिटेरों का चयन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वास्थ्य कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने और आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मसौढी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डॉ रामानुज की अध्यक्षता में खाली पडे तिन आशा फैसिलिटर का चयन उसके योग्यता और अनुभव के आधार पर किया गया। इस मौके पर प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक राकेश पटेल समेत आशा फैसिलिटर शोभा देवी, मंजु कुमारी एवं आशा कार्यकर्ता शामिल रहे। डॉ रामानुज ने बताया की मसौढी प्रखंड में दो सौ से ज्यादा आशा कार्यकर्ता है। ऐसें 20 आशा कार्यकर्ताओं के लिए एक आशा फैसिलिटर का चयन किया जाता है जो उन बीस आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की निगरानी करते है। चुने आशा फैसिलिटर में आरती गुप्ता, एवं अन्य शामिल है। डॉ रामानुज ने बताया की आशा फैसिलिटेटर का मुख्य काम स्वास्थ्य सेवाओं तक समुदाय की पहुंच सुनिश्चित करना और आशा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण करना है। वे आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हैं, उनकी बैठकों का आयोजन करते हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे टीकाकरण, प्रसवपूर्व और प्रसवोत्तर देखभाल जैसी सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समुदाय तक पहुंचा सकें।

# यात्री सुविधा को बेहतर बनाना रेलवे की प्राथमिकता : ज्योति मिश्रा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने कहा है कि रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के प्रति कृतसंकल्पित है। श्री मिश्रा बुधवार को समस्तीपुर मंडल मुख्यालय स्थित मंथन सभागार मे आयोजित मंडल रेल यात्री परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा यात्री सुविधा से सम्बंधित जो भी प्रस्ताव रखें गए है उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जायेगा। बैठक मे सदस्य सह वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार ने 15283/15284 जानकी एक्सप्रेस ट्रेन का पूर्व मे निर्धारित ठहराव मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशन हायाघाट एवं किशनपुर मे करने, मुजफ्फरपुर से आनंद बिहार के बीच चलने वाली 12557 /12558 सप्तक्रांति और 12211/12212 गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग विस्तार कर इन ट्रेनों को मंडल मुख्यालय समस्तीपुर या कर्पूरी ग्राम स्टेशन से चलाने की मांग की। इसके साथ ही श्री कुमार ने समस्तीपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल के बीच चलने वाली बंद 01043/01044 स्पेशल ट्रेन को कैंसर मरीज समेत अन्य यात्रियों के हित मे रेगुलर ट्रेन के रूप मे पुनः समस्तीपुर स्टेशन से प्रतिदिन चलाने, मंडल के हायाघाट स्टेशन पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र खोलने सहित यात्री सुविधा से सम्बंधित अन्य मांगों का भी प्रस्ताव रखा। बैठक मे जेडआर यूसीसी सदस्य कृष्ण कुमार के अलावे डीआरयूसीसी सदस्य पारस जैन, राजीव सिंह, जहांगीर आलम, कृष्ण देव प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, भार्गव प्रसाद सिंह, मनोज झा, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, विष्णुदेव सिंह यादव, अंजुम हुसैन, संजय कुमार सिंह, संजय सिंह उर्फ लल्लू जी, अखिलेश्वर सिंह, टूनटून कुमार सिंह,विजय कुमार चौधरी, मुंशी दास, जयप्रकाश अग्रवाल, विनोद सरावगी एवं अमृत ककरानिया समेत अन्य सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों मे यात्री सुविधाओं को और विकसित करने की मांग की। बैठक मे अपर मंडल रेल प्रबंधक सन्नी सिन्हा, डीसीएम आर.के. सिन्हा, एसीएम राजेश कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विवेक कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वयक) संजय कुमार एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त आशीष कुमार समेत सभी शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

# नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर पुलिस-प्रशासन ने ली शपथ

## नशे की लत को दूर करने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नशा मुक्त भारत अभियान के पांचवें वर्षगांठ पर राज्य स्तर पर समाज कल्याण विभाग के द्वारा राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, सभी विभागों में नशे की लत को दूर करने का संकल्प लिया वहीं मसौढ़ी मध निषेध कार्यालय में भी सभी पुलिस पदाधिकारी ने इसकी शपथ लिए एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस टीमों ने लोगों को नशे से दूरी बनाने और समाज को सुरक्षित व स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित युवाओं व आमजन को बताया गया कि कैसे नशे की लत जीवन को बर्बादी की ओर ले जाती है। इस दौरान सभी को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों ने नशा उन्मूलन की शपथ ली और बताया गया की पुलिसकर्मियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। इस पहल से पुलिस विभाग नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है।

### गोलीकांड मामले में फरार अभियुक्त कौशल शर्मा गिरफ्तार

**मसौढी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव में नीमा गोलीकांड में फरार एक अभियुक्त को मिश्रीचक गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम कौशल शर्मा पे स्व0 बहादुर शर्मा है। दरअसल बिते मंगलवार को ही धनरूआ पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने चेतावनी दि थी।थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि यह घटना बीते एक अक्टूबर की संध्या 6:00 बजे की है जहां जख्मी रोहित कुमार उर्फ चंपक पिता सिद्धनाथ शर्मा नीमा गांव के निवासी ने नौ अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें दो लोगों पर केस ट्रू हो गया है, ऐसे में अन्य लोगों पर जांच चल रही है। गौरतलब है की धनरूआ थाना कांड संख्या 533/25 के फरार अभियुक्त कौशलेंद्र उर्फ संजय उर्फ श्री देवी पे कालेश्वर शर्मा एवं दोनों सा0 नीमा के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया था, जख्मी रोहित कुमार उर्फ चंपक उर्फ पंडित शाम को अपना घर जा रहा था उसी वक्त नीमा गांव के नौ लोगों ने घेर कर पेट में गोली मार कर जख्मी कर दिया था।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली गई पदयात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेरा युवा भारत, पलामू के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी 150 वी जयंती के उपलक्ष्य पर सरदार 150 पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौध रोपण कर किया गया। इसके उपरांत पदयात्रा को बतौर मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिटी मार्च में युवाओं ने तिरंगा झण्डा थामे सरदार पटेल की जय, भारत माता की जय के नारे लगते हुए शहर में भ्रमण किया। यूनिटी मार्च भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास से प्रारंभ होकर, रेड़मा चौक, कचहरी चौक होते हुए छह मुहान पर समाप्त हुई। इस दौरान रेडमा चौक व कचहरी चौक पर महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पदयात्रा के दौरान युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज हम भारत के लौह पुरूष और महान राष्ट्रीय निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के ऐतिहासिक दिवस पर कृतज्ञतापूर्वक उनके असीम योगदान का स्मरण कर रहे हैं। हमारा देश राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर जैसे महान विभूतियों का देश रहा है। इसी देव भूमि में सरदार पटेल जैसे महान लौह पुरुष का जन्म हुआ। जिन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधा। आज हमें उसी भाव को पुनः जागृत करना है भारत की अखंडता और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है। हम सबको 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को जीवन में उतारना है। सांसद ने युवाओं से आव्हान किया कि आज के युवा भारत के भविष्य के निर्माता हैं। उन्हें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता, सुरक्षा और विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर, भारत सरकार का युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय माय भारत के माध्यम से पूरे देश में विकसित भारत पदयात्राओं का आयोजन कर रहा है। डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को एकत्रित करके अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने मजबूत इच्छाशक्ति एवं इरादों से सभी रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। उनके इसी निर्णय से लोग उन्हें लौह पुरुष के नाम से पुकारते हैं। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देश भर में विकसित भारत पदयात्राएं आयोजित हो रही हैं। यह अभियान युवाओं में राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना जगाएगा। प्रधानमंत्री के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित यह पहल युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को प्रेरित कर रही है। मौके पर मेरा युवा भारत पलामू के जिला पदाधिकारी कंचना कुमारी, भाजपा जिला महामंत्री ज्योति पाण्डेय, वरिष्ठ नेता विभाकर नारायण पाण्डेय, परशुराम ओझा, लवली गुप्ता, रूपा सिंह, रीना किशोर, दुर्गा जौहरी, सुनील पासवान, राकेश सिंह, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय, सांसद के विभिन्न मंडल के मंडल अध्यक्षगण, सांसद प्रतिनिधिगण समेत अनेकों युवाओं व प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही।

# 20 लीटर देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार की शाम को पुनपुन थाना क्षेत्र के कामेश्वर चौक के पास चल रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी में छुपा कर पॉलिथीन में शराब भर कर ले जा रहा था जांच के दरमियान कई छोटे-छोटे पॉलिथीन के पैकेट में देसी शराब भरा हुआ जब्त की गई है। कल 20 लीटर देसी शराब के साथ युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया गया है गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम जितेंद्र कुमार जो सिपारा बेउर का रहने वाला है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि कामेश्वर चौक पर वाहन चेकिंग के क्रम मे स्कूटी सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे खदेड़ कर पकडा गया। गिरफ्तार शराब सप्लायर स्कूटी के सीट के नीचे में एक छोटे से बोर में छोटे-छोटे पॉलिथीन में शराब भरकर वह जक्कनपुर डिलीवरी करने जा रहा था।

# बच्चे अगर चाहे तो हर घर से नशापान किया जा सकता है खत्म : चंद्रदेव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में बुधवार को लीगल लिटरेसी क्लब दको ले पांकी स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पारा लीगल वॉलिंटियर चंद्रदेव प्रजापति ने स्कूली बच्चों को लीगल लिटरेसी क्लब के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों में कानूनी जागरूकता व नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ाया। प्रजापति ने बताया कि नशापान व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नशापान की शिकार होने वाले व्यक्ति का घर परिवार उजड़ जाता है। ऐसे में स्कूली बच्चे अपने घर परिवार में नशापान करने वालों को इसे अपनाने से रोकें। कहा कि बच्चे अगर चाह लें तो हर घर से नशापान को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बाल विवाह, बाल अधिकार, ड्रग कैंपेन, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया से दूरी व जिला विधिक द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता के बारे स्कूली बच्चों को जानकारी दी। कहा कि किसी को जीने का अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। कानून के प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि लीगल लिटरेसी क्लब स्कूल के एक प्रभारी शिक्षक के मार्गदर्शन में चलाया जाता है। कानूनी ज्ञान को बढ़ावा देने व व्यक्तियों, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को सशक्त बनाने के लिए वाद विवाद एवं प्रतियोगिताओं जैसे गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसमें बच्चों के बीच कानून, संवैधानिक अधिकारों और कानूनी दायित्यों की बेहतर समझ पैदा होगा। कहा कि छात्रों को मानव अधिकारों व कमजोर समूहों के लिए न्याय तक पहुंच के लिए प्रभावी वकील बनने के लिए तैयार किया जा सकता है। वाद-विवाद, चर्चा व प्रतियोगिताओं का आयोजन कर कानून के बारे में जानकारी ली जा सकती है।

# तीन बीइओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय के सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय निरीक्षण की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रत्येक माह 100 विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे तथा जिला के सभी संभाग प्रभारी 50 विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को भी अधिक से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि जिले के सभी विद्यालयों की शत-प्रतिशत निगरानी सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि कक्षा 11 एवं 12 में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी कम है, जिसे जिलाधिकारी ने चिंताजनक बताते हुए संबंधित अधिकारियों को उच्च विद्यालयों में विशेषकर कक्षा 11-12 में उपस्थिति वृद्धि हेतु प्रभावी एवं सार्थक कदम उठाने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की समीक्षा के दौरान केजीबीवी मदनपुर में छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया गया तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मदनपुर को प्रत्येक सप्ताह विद्यालय का निरीक्षण करने के लिए कहा गया। संभाग प्रभारी द्वारा यह भी बताया गया कि केजीबीवी मदनपुर एवं रफीगंज टाइप-आईभी में शौचालय मरम्मती की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक मरम्मत हेतु प्रस्ताव भेजे जाने का निर्देश दिया। नबीनगर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बेला स्थित नवनिर्मित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय भवन, जिसमें वर्तमान में पुलिस बल का आवासन है, में छात्रावास को शिफ्ट कराने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को पुलिस अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश प्रदान किया गया। बैठक में सभी प्रखंडों के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों की सूची का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक प्रखंडों के दो-दो श्रेष्ठ उच्च विद्यालयों के नाम के साथ संचिका बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि इन्हें मॉडल विद्यालयों के रूप में विकसित किया जा सके। प्रारंभिक चरण में इन विद्यालयों में कंप्यूटर लैब उपलब्ध कराने हेतु सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिले के नौ उच्च विद्यालयों का चयन कर उनमें जिला योजना कार्यालय द्वारा पुस्तकालय निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसमें फर्नीचर एवं पुस्तकें शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएंगी। समीक्षा के क्रम में रफीगंज, बारूण एवं औरंगाबाद प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ये अधिकारी न तो जिला स्तरीय बैठकों में सहभागी होते हैं और न ही विभागीय कार्यों में अपेक्षित रुचि दर्शाते हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, शिक्षा विभाग के सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं संभाग प्रभारी उपस्थित रहे।

# औरंगाबाद में जदयू के नए सारथी बनकर उभरे रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव में सफलता के बाद औरंगाबाद जिले में जनता दल यूनाइटेड की नई राजनीतिक दिशा तय होती दिख रही है। रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह को जिले में जदयू का नया सारथी माना जा रहा है। विदित हो कि जिले की दो सीटों में से एक पर प्रमोद कुमार सिंह और दूसरी पर चेतन आनंद विजयी हुए हैं। चेतन आनंद जहां अपने पिता आनंद मोहन और माता लवली आनंद की राजनीतिक विरासत संभालते हुए पहली बार औरंगाबाद की राजनीति में सक्रिय हुए हैं, वहीं प्रमोद कुमार सिंह लंबे समय से जिले में सशक्त राजनीतिक उपस्थिति बनाए हुए हैं। स्थानीय सामाजिक और राजनीतिक संरचना की गहराई से समझ के कारण पार्टी संगठन में उनकी पकड़ स्वाभाविक रूप से मजबूत मानी जा रही है। प्रमोद कुमार सिंह मूल रूप से औरंगाबाद के निवासी हैं और दो दशकों से अधिक समय से सक्रिय राजनीति में हैं। स्थानीय समीकरणों, समस्याओं और संगठन की जमीनी जरूरतों की उनकी समझ को जदयू के भविष्य संचालन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी बीच जदयू के पुराने सारथी और रफीगंज के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, जिनका टिकट काटकर पार्टी ने इस बार प्रमोद कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया था, फिलहाल संगठन से कटे हुए हैं। टिकट कटने के विरोध में उन्होंने जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। चुनाव परिणामों के बाद यह भी स्पष्ट है कि स्थानीय संगठन में अब प्रमोद कुमार सिंह की भूमिका पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चेतन आनंद स्थानीय संगठनात्मक मामलों में गहराई से नहीं उतरेंगे और ऐसी स्थिति में जदयू के लिए नेतृत्व की जिम्मेदारी स्वाभाविक रूप से प्रमोद कुमार सिंह के हाथों में जाएगी। कुल मिलाकर, चुनावी जीत के बाद औरंगाबाद में जदयू के नए चेहरे के रूप में प्रमोद कुमार सिंह की भूमिका निर्णायक होती जा रही है और उन्हें पार्टी की स्थानीय राजनीति का नया सारथी माना जा रहा है।

# नहर में गिरी अनियंत्रित बाइक, युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर में गिरने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना मंगलवार की देर रात मदनपुर थाना क्षेत्र के भलुआ चक की है। मृतक की पहचान नारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के काशीपुर के समीप बिकेश्वर बिगहा निवासी लक्ष्मण मेहता के 49 वर्षीय पुत्र प्रकाश मेहता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह कुछ बच्चे शौच के लिए नहर की तरफ गए थे। बच्चों ने नहर में एक व्यक्ति का शव और क्षतिग्रस्त बाइक देखा तो सूचना स्थानीय लोगों को दी। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई सुशील कुमार चौधरी, पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, एएसआई श्रीकांत पाण्डेय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से शव व क्षतिग्रस्त बाइक को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। इस दौरान पता चला मृतक का रिश्तेदारी मदनपुर थाना क्षेत्र के दलेल बिगहा में है। सूचना पाकर पहुंचे रिश्तेदारों व परिजनों में कोहराम मच गया। उसका रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों ने बताया कि मृतक नल जल योजना का काम करता था और भगवान बिगहा में किराए की मकान में रहता था।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई : श्रीकांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभा कक्ष में सरकारी सेवकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित विभागीय कार्रवाई, प्रतिवेदन की स्थिति तथा अनुशासनात्मक मामलों के निष्पादन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों से प्राप्त प्रतिवेदनों एवं प्रगति रिपोर्ट का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने पाया कि कुछ मामलों में प्रतिवेदन लंबित हैं। इस पर उन्होंने स्थापना शाखा को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्रवाई से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय सीमा में प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं तथा आवश्यक सभी औपचारिकताएं तत्काल पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप ही कार्रवाई की जाए, ताकि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। इस बैठक में अपर समाहर्ता, लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, पुलिस उपाधीक्षक एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 41 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 41 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 177.50 लीटर देसी, 4.485 लीटर विदेशी एवं 640 लीटर स्प्रिट, 1 स्कॉर्पियो, 1 ऑटो एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1256 वाहनों की जांच की गई जिसमें 59500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# औरंगाबाद के आठ खिलाड़ी मलखम्भ खेल में चयनित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में इस वर्ष पहली बार शामिल किए गए परंपरागत मलखम्भ खेल में औरंगाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित किया है। यह चयन मुजफ्फरपुर के खेल भवन, सिकंदरपुर में 15 नवंबर 2025 को आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर किया गया। चयनित खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग से चुने गए हैं। चयनित खिलाड़ियों में विवेक, मुस्कान, सिमरन, शिवम, अंशु, बैजु, शैलेंद्र और राहुल शामिल हैं। इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, संतुलन, फिटनेस और तकनीकी कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मलखम्भ जैसे चुनौतीपूर्ण भारतीय खेल में अपनी क्षमता सिद्ध की। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों की उपस्थिति ने औरंगाबाद को राज्य स्तर पर एक नई पहचान दी है। अब ये आठों खिलाड़ी 20 नवंबर को उज्जैन के लिए रवाना होंगे, जहां मलखम्भ की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उज्जैन में होने वाली प्रतियोगिता में बिहार सहित देशभर के विभिन्न राज्यों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि औरंगाबाद के युवक-युवतियों में खेल के प्रति तेजी से रुचि बढ़ रही है, और मलखम्भ में यह सफलता आने वाले वर्षों में जिले की खेल संभावनाओं को नई दिशा देगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी उज्जैन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रशिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है बल्कि जिले की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने वाली एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है।

# आभूषण चमकाने के नाम पर शिक्षिका से ठगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आभूषण साफ करने के नाम पर ठगी का एक मामला सामने आया है जिसमें ठग क़रीब 18 से 20 लाख रूपये की सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। मामला रिसियप थाना क्षेत्र के धनुबिगहा गांव का है। ठगी का शिकार हुई शिक्षिका उस गांव निवासी पिंकू कुमार सिंह की पत्नी खुशबू कुमारी है। वह दाउदनगर के अरई स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में पदस्थापित है। शिक्षिका बताया कि मंगलवार को स्कूल से लौटने पर दो बाइक सवार युवक बर्तन साफ करने का केमिकल बेचने उसके घर पहुंचे थे। उन्होंने पहले तांबे व पीतल के बर्तनों को साफ कर दिखाया तो साथ ही दावा किया कि उनके पास ऐसा केमिकल है, जिससे पायल और सोने के आभूषण भी चमकाए जा सकते हैं। शुरुआत में उन्होंने पायल साफ कर दिखाया, जिससे महिलाएं प्रभावित हो गई। ठगों ने इसके बाद एक दूसरा केमिकल दिखाते हुए कहा कि असली केमिकल को हाथ पर लेने से ठंडक महसूस होती है। उन्होंने शिक्षिका और उनकी ननद के हाथ पर केमिकल देकर परीक्षण भी करवाया। केमिकल लगते ही दोनों महिलाओं को हल्की बेहोशी और सुन्नपन महसूस हुआ। इसी दौरान ठगों ने अपना जाल बिछाते हुए कहा कि आभूषण साफ करने के लिए गर्म पानी में हल्दी और केमिकल मिलाना होगा। उनके विश्वास में आकर महिलाओं ने घर में रखे सभी सोने-चांदी के आभूषण पानी में डाल दिए। इसके बाद ठग यह कहकर घर से बाहर निकले कि वे कुछ जरूरी सामान लेकर आते हैं। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब वे नहीं लौटे तो घरवालों को शक हुआ। बाहर जाकर देखा तो न बाइक थी, न वे दोनों युवक थे। पानी में रखे बर्तन की जांच की गई तो उसमें कोई आभूषण नहीं था। तब जाकर महिलाओं को समझ आया कि वे ठगी का शिकार बन चुकी हैं। घटना की जानकारी गांव में तेजी से फैल गई और काफी संख्या में लोग शिक्षिका के घर जुट गए। लेकिन तब तक ठग मौके से फरार हो चुके थे। परिजनों ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को दी जाएगी। इस संबंध में रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया मामले की सूचना नहीं है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि इवेंट में शामिल हुए एफपीओ सदस्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का 21वीं किस्त जारी किया गया। इसको लेकर किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के दर्जी बिगहा स्थित एफपीओ मां उमंगेश्वरी एग्रो फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी कार्यालय में वर्चुअल रूप से जुड़ कर किसानों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को सुना। किसानों ने कहा कि किसान उत्पादक महा संगठन एफपीओ का गठन कर एक संवैधानिकता प्रदान कर अधिकार देने का काम किए हैं। किसानों को हक अधिकार दिलाने, सरकार किसान हित योजनाओं का लाभ दिलाने, किसानों द्वारा उत्पादित फसलों का उचित मूल्य दिलाने का एफपीओ एक सशक्त माध्यम है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत यह गठित है। इस अवसर पर एफपीओ अध्यक्ष बी ठाकुर, सचिव परमानन्द सिंह, सीइओ रोहित कुमार ठाकुर, किसान समन्वयक मुकेश कुमार अकेला, शंकर पासवान, धर्मेन्द्र कुमार मेहता, विमला देवी, निर्मला देवी, मुन्नी देवी, कृष्ण पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अधिकाधिक वादों के निष्पादन का रखें लक्ष्य : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में जिला अभियोजन कार्यों, सिविल कोर्ट में लंबित मानव-व्यापार विरोधी, पॉक्सो एवं गंभीर आपराधिक वादों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। बैठक में न्यायालयों में लंबित सिविल एवं फौजदारी वादों, विशेषकर संवेदनशील श्रेणी के मामलों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को लंबित वादों की नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अभियोजन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। समन एवं वारंट की तामीली समय पर सुनिश्चित की जाए और गवाहों की उपस्थिति में कोई बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस विभाग एवं अभियोजन शाखा आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने उन मामलों की एक अलग सूची बनाने का निर्देश दिया जिनमें गवाहों की उपस्थिति में कठिनाई हो रही है, ताकि ऐसे मामलों में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मानव-व्यापार विरोधी, पॉक्सो तथा गंभीर आपराधिक मामलों से संबंधित वादों में त्वरित एवं प्रभावी न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष लोक अभियोजक एवं सहायक सरकारी अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे नियमित रूप से वादों की प्रगति की समीक्षा करें और संबंधित थाना प्रभारियों से समन, वारंट एवं केस रिकॉर्ड की अद्यतन स्थिति प्राप्त करते रहें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक माह नए दर्ज वादों की तुलना में अधिक वादों के निष्पादन का लक्ष्य रखा जाए, ताकि लंबित मामलों की संख्या में ठोस कमी लाई जा सके। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा अपर समाहर्ता (विशेष कार्यक्रम), पुलिस उपाधीक्षक, लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजकगण, सहायक सरकारी अधिवक्तागण, विशेष लोक अभियोजकगण, जिला अभियोजन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फरार दो आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर नगर थाना की पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के शहनवाज कादरी उर्फ पम्मी एवं शाहरुख खान के घर पर की गई। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार दोनों आर्म्स एक्ट में नामजद अभियुक्त हैं और काफी दिनों से फरार चल रहे हैं। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा जारी निर्देश के आधार पर आज गाजे बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाया गया है। निर्धारित समय के अंदर यदि दोनों अभियुक्त न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जायेगी। साथ ही कठोर कार्रवाई की जायेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटस प नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

# स्थायी लोक अदालत के माध्यम से हो समस्याओं का निराकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** स्थायी लोक अदालत में जनहित से संबंधित मामलों के निस्तारण में गति लाने एवं जिला के आमजन तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष सेवा निवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अशोक राज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार तान्या पटेल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि प्राधिकार अंतर्गत विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा-22 बी के तहत स्थायी लोक अदालत सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं औरंगाबाद जिला में स्थापित है जिसके अंतर्गत वायु, सड़क या जल द्वारा यात्रियों या माल के परिवहन सेवा, डाक, टेलीग्राफ, या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापना द्वारा जनता को शक्ति, रौशनी या पानी की आपूर्ति, लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा की प्रणाली, अस्पताल या डिस्पेंसरी में सेवा, बीमा सेवा, मनरेगा, शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थान, आवास और भू-सम्पदा सेवा और किसी ऐसी सेवा को शामिल किया गया है जिसे केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार जो भी स्थिति हो। लोकहित में अधिसूचना द्वारा इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए लोक उपयोगिता सेवा में घोषित किया गया है से संबंधित मामलों को प्रमुखता से देखा जा रहा है। जिले के अधिक से अधिक लोगों को उपरोक्त सेवाओं का लाभ प्राप्त हो तथा स्थायी लोक अदालत का और प्रभावी क्रियान्वयन तथा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं में इसकी भूमिका से अधिक से अधिक लोग फायदा उठाये इस हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष तथा सेवा निवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने कहा कि प्रारम्भिक स्तर पर ही कई प्रकार के मामलों को स्थायी लोक अदालत के तहत देखा जा है परंतु जन जागरूकता तथा जानकारी के अभाव में कई लोग इस प्रकार की सेवाओं से वंचित है जिन्हें स्थायी लोक अदालत के तहत लाना आवश्यक है और इसके लिए कई स्तरों से प्रयास किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगर परिषद स्थित वार्ड पार्षदों के साथ बैठक में आयोजित करने की कार्रवाई की जा रही है जिससे कि वार्ड अंतर्गत समस्याओं का निराकरण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से किया जा सके। इस बैठक में प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने कहा कि कई प्रकार के जनहितकारी मामलों के स्थायी समाधान के लिए स्थायी लोक अदालत निरंतर अपना कार्य कर रहा है और प्राधिकार द्वारा कई स्तरों से इसका प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है जिससे कि जिला के लोगों को स्थायी लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सचिव द्वारा जिला वासियों से अपील की कि जनोपयोगी सेवाओं के लाभ हेतु स्थायी लोक अदालत सर्व सुलभ है और जिलावासी इसका लाभ उठायें।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093